RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 317
नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



तीन प्रस्तावित आपराधिक कानून न्याय प्रदान करने पर केंद्रित
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# यूपी में समग्र विकास की रफ्तार हुई तेज: योगी

दीपक कुमार झा। नोएडा/नई दिल्ली

## ● कहा हाल के वर्षों में कई सुधारों के चलते उत्तर प्रदेश में निवेश अवसरों में कई गुना वृद्धि हुई

## ● मोटो जीपी रेस का अयोजन ऑटो मोबाइल सेक्टर में बढ़ावा देने का काम करेगी: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नोएडा में कहा, उत्तर प्रदेश बुनियादी ढांचे, मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ समग्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, आज राज्य अवसरों और निवेश के लिए सबसे बड़े केंद्र के रूप तब्दील हो चुका है। मुख्यमंत्री रविवार को ग्रेटर नोएडा में मोटोजीपी कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जिले में थे। उनकी यह एक सप्ताह में दूसरी यात्रा है, इससे पहले सीएम व्यापार मेले के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ यहां आए थे। मुख्यमंत्री ने ग्रांड प्रिक्स स्थल बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, राज्य के 58,000 ग्राम पंचायतों में ओपन जिम विकसित किया जा रहा है। जहां महिलाओं और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। हमारा प्रशासन हर एक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ उचित सहयोग कर रहा है। सीएम आदित्यनाथ ने युवा आबादी और खेल को बढ़ावा देने पर राज्य की प्रतिबद्धता के बारे में कहा, उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, इसका एक बड़ा हिस्सा कामकाजी आयु वर्ग का है। हमें केंद्र के साथ मिलकर ग्राम से लेकर ब्लॉक/पंचायत स्तर, जिले से लेकर राज्य स्तर तक खेल सुविधाओं के विकास के लिए काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मोटो जीपी रेस का अयोजन मोटो वैश्विक उद्योग के लिए बड़ा आयोजन है। ऑटो मोबाइल सेक्टर में बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। यूपी के अंदर ए-वन गाड़ियों के बनाने के लिए इसके माध्यम से मदद मिलेगी। सीएम ने कहा बीआईसी में सरकार ने साल 2011 में विकसित किया था। फार्मूला वन के नाम से जाना जाता था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर अनेक संभावनाएं हैं। योगी ने बताया, एक दिन पहले शनिवार को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी है। आदित्यनाथ ने राजधानी में सफल जी-20 शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद इतने बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी और उसके बाद यूपी में व्यापार मेले की मेजबानी करके यह दिखा दिया है कि वह केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के दूरदर्शी समर्थन से उत्साहित होकर अवसरों की खोज करने और उन्हें भुनाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार राज्य के हर जिले में स्टेडियम और मिनी स्टेडियम जैसी खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए केंद्र के साथ काम कर रही है। सरकार के सूत्रों ने कहा कि सीएम योगी राष्ट्रीय राजधानी से निकटता के अलावा ग्रेटर नोएडा में आने वाले एक और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के कारण अपार संभावनाओं और महत्व वाले इस क्षेत्र की विकासात्मक प्रगति की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने व्यापारिक समुदाय से राज्य में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश अवसरों का राज्य है। यहां रेल, सड़क और जलमार्ग के माध्यम से कनेक्टिविटी के मामले में यहां अच्छा बुनियादी ढांचा है। दो प्रमुख पूर्वी और पश्चिमी माल गलियारा का जंक्शन पड़ने से यहां लॉजिस्टिक्स में भी अच्छा अवसर है। फरवरी 2023 की शुरुआत में, योगी सरकार ने लखनऊ में अपना पहला वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित किया था, जिसमें यूके, इटली, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, डेनमार्क, नीदरलैंड, यूएई और मॉरीशस सहित एक दर्जन से अधिक देशों ने भागीदार देशों के रूप में भाग लिया था। इस दौरान राज्य को 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। यूपी सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी प्रगति की है जिसके परिणामस्वरूप राज्य में निवेश आया है और इसकी निगरानी 'निवेश मित्र' पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। सम्मेलन में कई प्रमुख घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया, जहां राज्य के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और औद्योगिक और निर्यात विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता भी उपस्थित थे। योगी ने इस अवसर पर वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षक योजनाओं की पेशकश की। योगी ने कहा, मोटो जीपी इवेंट एक बड़ा मार्केट है। दुनिया में सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी उत्तर प्रदेश में है। निवेशकों को उप्र में सुरक्षा मिलेगी। विवरण के अनुसार, 275 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड मोटोजीपी इवेंट से जुड़े हुए हैं जिनमें बीएमडब्ल्यू, टिसोट, मिशेलिन, रेडबुल, शेल, डीएचएल, ओकले, अमेज़ॅन, पेट्रोनास आदि शामिल हैं। यह रेस वर्ष 2013 में फॉर्मूला वन के इंडियन ग्रां प्री के बाद भारत में आयोजित होने वाली पहली प्रमुख मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता है, और इसमें प्रशंसकों की एक बड़ी भीड़ आकर्षित होने की क्षमता है। प्रदेश के अंदर विकास अटल इंडस्ट्रियल मिशन का शुभारंभ हो चुका है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ी हैं। सुरक्षा का बेहतर माहौल है।




ग्रेटर नोएडा में रविवार को मोटोजीपी कार्यक्रम में पहुंचे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दर्शकों का अभिभावदन स्वीकार करते हुए। साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद थे।

# भारत ने चीन में भरी हुंकार, नौकायन और निशानेबाजी में जीते पांच पदक




महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक रजत विजेता भारत की टीम

भाषा। हांगझोउ

**एशियाई** खेलों में रविवार का दिन भारत के लिए मिला-जुला रहा। भारत ने तीन रजत व दो कांस्य समेत कुल 5 पदक हासिल किए। भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों में अच्छी शुरुआत करते हुए रविवार को महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि रमिता जिंदल को व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। अनुभवी मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसी की तिकड़ी ने 1886 अंक हासिल करके दूसरा स्थान पाया। चीन ने 1896.6 अंक के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर विश्व चैम्पियन रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 230 .। स्कोर करके व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक भी जीता। वहीं भारतीय नौकायन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में रविवार को शानदार शुरूआत करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। सुबह अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने पुरूष लाइटवेट डबल स्कल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारतीय जोड़ी 6:28.18 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन के जुंजी फान और मान सुन ने 6:23.16 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उजबेकिस्तान के शखजोद नुरमातोव और सोबिरजोन सफरोलिएव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरूषों की कॉक्स एट स्पर्धा में भारत और चीन के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमें भारतीय टीम 5:43.01 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 2.84 सेकंड से बाजी मारकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम में नीरज, नरेश (शेष पेज 9)

# तृणमूल कांग्रेस और भाजपा में छिड़ी जुबानी जंग

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

## ● बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के स्पेन और यूएई के दौरे से लौटने के बाद हुई बयानबाजी से बढ़ा विवाद

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के 12 दिवसीय दौरे के बाद कोलकाता लौट आई हैं। लेकिन, एक दिन बाद रविवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच इस यात्रा को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई। भगवा पार्टी ने जहां मुख्यमंत्री के दौरे का मजाक उड़ाया, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाए।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश के व्यापार के लिए उनके कार्यकाल की सबसे सफल यात्रा बताया था। जिसके बाद विवाद उत्पन्न हो गया। सीएम ममता बनर्जी के अपने अभूतपूर्व रूप से सफल विदेशी प्रवास के दावे के कुछ घंटों बाद, बंगाल के विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर भ्रष्टाचारी लोगों के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया, जिसके बाद सत्तारूढ़ दल को तत्काल प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। बनर्जी के स्पेन और दुबई के 12-दिवसीय मिशन के सदस्य और टीएमसी प्रवक्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना में मुख्यमंत्री अधिक भरोसेमंद हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की तुलना रोमन सम्राट नीरो से करते हुए कहा कि मणिपुर जल रहा था और प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर गए थे। अधिकारी ने इससे पहले एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा था कि जिन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ममता के साथ विदेश यात्राओं के बीच तुलना करने का प्रयास किया है, मैं उनको अंतर बता दूं, ममता बनर्जी की दूसरी यात्रा विदेश में छुट्टियां मनाने और भ्रष्टाचार से जुड़ी। जबकि प्रधानमंत्री की रणनीतिक यात्राओं का उद्देश्य दुनिया में देश का गौरव बढ़ाना था। अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सफल जी20 शिखर सम्मेलन में भारत को विश्व मित्र (दुनिया का मित्र) माना जा रहा है, जबकि इसके विपरीत बनर्जी का लगाव इंडिया गठबंधन के जी-420 तक सीमित था। बनर्जी के अपने अभूतपूर्व रूप से सफल विदेशी प्रवास के दावे के कुछ घंटों बाद, बंगाल के विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर 'भ्रष्टाचार (भ्रष्ट लोगों को पढ़ें) के साथ संबंध रखने' का आरोप लगाया, जिससे बंगाल के सत्तारूढ़ दल को तत्काल प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने भी सफलता का दावा करने के लिए बनर्जी पर हमला करते हुए कहा, अतीत में भी उन्होंने विदेश यात्राएं की थीं, लेकिन परिणाम क्या हुआ, एक बड़ा शून्य, देखते हैं इस बार क्या होता है। टीएमसी प्रवक्ता घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि जब मणिपुर जल रहा था तो प्रधानमंत्री ने दुनिया का दौरा कैसे किया. उन्होंने कहा, जब मणिपुर जल रहा था तो पीएम नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र, फ्रांस और यूएई की विदेश यात्रा चले गए थे। जबकि उन्होंने मणिपुर जाने की जहमत तक नहीं उठाई। हम सब जानते हैं कि कौन सा नेता भरोसेमंद है और कौन नहीं। भ्रष्टाचार, शब्द हटाने के लिए अधिकारी पर कटाक्ष करते हुए, टीएमसी नेता ब्रत्य बसु ने कहा, देखो कौन भ्रष्टाचार के बारे में बात कर रहा है, वह आदमी जिसे नारद घोटाले में नकदी स्वीकार करते देखा गया था। वह आदमी जिसका एफआईआर में नाम है वह दूसरों को भ्रष्टाचार पर उपदेश दे रहे हैं। दूसरी ओर, वामपंथी बनर्जी की विदेश यात्रा पर अड़े रहे और उनसे अपनी बैठकों का विवरण और उन्हें मिले निवेश प्रस्तावों की संख्या सार्वजनिक करने को कहा।

उन्होंने कहा कि वे हर साल वह बड़े बिजनेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करती है, जिसमें कई व्यवसायी शामिल होते हैं, लेकिन उसके बाद कुछ नहीं होता है, इस बार भी कुछ नहीं होगा, क्योंकि निवेशकों के बीच उनकी पहचान एक ऐसे व्यक्ति के रूप में की गई है, जो उद्योगों को दूर ले जाती है, जैसा कि उन्होंने सिंगुर और नंदीग्राम मे किया था। सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि लोग यह नहीं भूले हैं कि कैसे उन्होंने टाटा मोटर्स के विशाल शेड को डायनामाइट से उड़ा दिया था, कैसे उन्होंने एक झूठा आंदोलन भड़काकर नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के प्रयासों को विफल कर दिया था। उस समय उनका भाजपा के साथ गठबंधन था और मंच भी साझा किया था।





# बढ़ सकते हैं दालों के दाम

## ● भारत कनाडा के बीच चल रहे गतिरोध के कारण आने वाले दिनों में मसूर दाल पर पड़ सकता है असर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत**-कनाडा के बीच बढ़ता तनाव अब आम आदमी के जीवन पर भी असर डाल सकता है। दोनों देशों के बीच जारी विवाद के चलते रसोई का बजट बिगड़ने की आशंका है। आने वाले दिनों में मसूर की दाल (लाल मसूर) आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से उपलब्धता और कीमतों पर प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञात हो कि भारत कनाडा से बड़ी मात्रा में मसूर की दाल आयात करता है।

अर्थव्यवस्था पर दबाव और मुद्रास्फीति के चलते कीमतों में उछाल आने की संभव है। वहीं कम बारिश से देश में उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दालों का रकबा 5 प्रतिशत घटकर 122.57 लाख हेक्टेयर हो गया, जो पिछल साल की अवधि में 128.49 लाख हेक्टेयर था। दोनों देशों में व्यापार को लेकर कोई ऐलान नहीं होने के बावजूद दाल व्यापारी काफी चिंतित हैं। मसूर इस समय चने के बाद दूसरी सबसे सस्ती दाल है। औसतन, मसूर दाल अब देश के विभिन्न हिस्सों में 91-95 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच खुदरा बाजार में बिक रही है तबकि चना दाल सबसे सस्ती करीब 75-80 रुपये प्रति किलोग्राम है। मूंग और अरहर की दाल की कीमत काफी ज्यादा है। खुदरा बाजार में क्रमश: 110 रुपये और 150 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बिक रही है। भारत में मसूर दाल की खपत लगभग 24 लाख टन है, जिसमें से देश में लगभग 12 लाख टन का उत्पादन करता है। सूत्रों ने कहा कि भारत कनाडा से भारी मात्रा में लाल मसूर की दाल खरीदता है। जिसका वार्षिक आयात लगभग 4-5 लाख टन आंका गया है। यदि आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है तो ऑस्ट्रेलिया कनाडा के बाजार की जगह ले सकता है।

आने वाले दिनों में खुदरा बाजार में लाल मसूर की कीमतें बढ़ने की आशंका है। भारत कनाडा से दाल आयातकों में से एक है। वर्ष 2022-23 में मसूर की दाल का आयात देश में 11 लाख टन तक पहुंच जाएगा। भारत ने 2023 में अप्रैल-जून अवधि के दौरान कनाडा से लगभग 0.95 लाख टन मसूर का आयात किया, ऑस्ट्रेलिया से मसूर का आयात 1.99 लाख टन रहा। मसूर की वार्षिक खपत 11 लाख टन होने की संभावना है। लाल मसूर दूसरी सबसे अधिक उगाई जाने वाली रबी फसल है। जिसका घरेलू उत्पादन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में लगभग 70 प्रतिशत है। मसूर की वार्षिक खपत लगभग 18-20 लाख टन होने का अनुमान है। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है जो वित्त वर्ष 2022-23 में 8.16 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच तनाव से व्यापारी और कारोबारियों के अलावा छात्र भी परेशान में हैं। भारत और कनाडा के कठिन राजनयिक संबंधों में आई घटास के कारण हवाई टिकटों की कीमतें बढ़ गई हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि यात्री अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाना चाह रहे हैं, क्योंकि रिश्तों में कड़वाहट के बीच दोनों देश अभूतपूर्व कदम उठा रहे हैं।

ट्रैवल वेबसाइटों के आंकड़ों के मुताबिक, नई दिल्ली और टोरंटो के बीच सीधे टिकट की कीमत 1.46 लाख रुपये से अधिक हो गई है। वहीं टोरंटो से दिल्ली के बीच का किराया 1.01 लाख रुपये से अधिक लग रहा है। नई दिल्ली से मॉन्ट्रियल के लिए समान किराया यात्रियों को 1.55 लाख रुपये के करीब और वापसी में 1.16 लाख रुपये से अधिक का पड़ता है। नई दिल्ली और वैंकूवर के बीच उड़ान में देर से बुकिंग करने पर यात्रियों को लगभग 1.33 लाख रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि वैंकूवर से प्रस्थान करने वाले यात्रियों को लगभग 1.3 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। भारत ने परिचालन कारणों का हवाला देते हुए गुरुवार को कनाडा में अपनी वीजा सेवाएं रोक दीं।

## क्विक न्यूज

### नई सुविधाओं युक्त नौ वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया जिसमें यात्रियो के सुझाव के आधार पर कुछ नई सुविधाएं जोड़ी गई है ताकि यात्रा को और आरामदायक बनाया जा सके। सीट के झुकाव से लेकर पानी को छलक कर बाहर आने से रोकने के लिए बेसिन की गहराई बढ़ाने तक की छोटी से छोटी जरूरत का कोच निर्माता ने बारीकी से ध्यान रखा है। रेलवे ने पहली बार नारंगी रंग की वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन कासरगोड से तिरुवंतनपुरम के बीच शुरू किया है। भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लोगों की भारी मांग पर इस मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अगले दो महीने में नौ और नारंगी रंग की वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। ट्रेन में जो बदलाव किए गए है उनमे सीट का झुकाव 17.31 डिग्री से बढ़ाकर 19.37 डिग्री किया जाना और सीट मे लगे गद्दो को और ठोस बनाना शामिल है। इसी के साथ एक्जिक्यूटिव श्रेणी की सीट का रंग लाल से बदलकर सुकून देने वाले नीले रंग का कर दिया गया है।



चेन्नई में पट्टीनपक्कम बीच पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु

# भारत और अमेरिका की नौसेना ने सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर की चर्चा

**नई दिल्ली( भाषा )।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा के दौरान तेजी से बढ़ती भारत-अमेरिका रणनीतिक भागीदारी में द्विपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के तरीकों पर प्रमुखता से बात की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने 25वीं अंतरराष्ट्रीय समुद्र शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) में भाग लेने के लिए 19 से 22 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा की। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, नौसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विविध साझेदारों के साथ भागीदारी के लिए नौसेना के उच्च स्तर पर बातचीत करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। अमेरिकी नौसेना ने मुक्त एवं नियम आधारित हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण की ओर काम करने के लिए एक समान विचारधारा वाली (शेष पेज 9)

# देश में 80% साइबर अपराध 10 जिलों से, भरतपुर बना नया जामताड़ा

भाषा। नोएडा

## ● आईआईटी कानपुर में शुरू स्टार्टअप ने अपने अध्ययन में किया दावा

**देश** में साइबर अपराध के केंद्र के रूप में कुख्यात झारखंड के जामताड़ा एवं हरियाणा के नूंह का स्थान अब राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले ने ले लिया है। यह दावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में शुरू स्टार्टअप ने अपने अध्ययन में किया है। अध्ययन के मुताबिक शीर्ष 10 जिले से देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध होते हैं। आईआईटी-कानपुर में स्थापित एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप, फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) ने अपने नवीनतम अध्ययन पत्र ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया में इन निष्कर्षों का उल्लेख किया है। एफसीआरएफ ने दावा किया कि भरतपुर (18%), मथुरा (12%), नूंह (11%), देवघर (10%), जामताड़ा (9.6%), गुरुग्राम (8.1%), अलवर (5.1%), बोकारो (2.4%), कर्मा टांड (2.4%) और गिरिडीह (2.3%) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं जहां से सामूहिक रूप से 80 प्रतिशत साइबर (शेष पेज 9)

# इटली के मार्को बेजेची ने जीती मोटो जीपी 21-लैप्स रेस

## मोटो-2 जॉर्ज और मोटो-3 जाउमे मासिया ने अपने नाम किया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी ट्रॉफी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



इटेलियन राइडर मार्को बेजेची को विजेता ट्रॉफी प्रदान करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मोटो जीपी का फाइनल रेस हुआ। रविवार को 3 सेगमेंट में फाइनल रेस हुआ। इसमें इटेलियन राइडर मार्को बेजेची मोटो जीपी 21 लैप्स रेस के विजेता बने हैं। स्पेन के पेड्रो अकोस्टा ने मोटो 2 रेस जीती। स्पेन के जाउमे मासिया ने मोटो 3 का खिताब अपने नाम किया है। सीएम योगी ने विनर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सीएम ने मोटो जीपी में बाइक के साथ फोटो खिंचवाई। हेलमेट पर ऑटोग्राफ भी दिया। फाइनल रेस देखने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हरदीप सिंह पुरी, अभिनेता जॉन अब्राहम, रणबीर सिंह, क्रिकेटर युवराज सिंह भी पहुंचे। 21.लैप्स रेस में जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे। जबकि फैबियो क्वार्टारो फ्रेंच तीसरे स्थान पर रहे। मोटो 2 में स्पेन के पेड्रो अकोस्टा को 25 पाइंट मिले हैं। दूसरे स्थान पर इटेलियन टोनी अर्बोलिनो रहे। इन्हें 20 पाइंट मिले हैं।

तीसरे स्थान पर अमेरिका के जो रॉबर्ट्स रहे। इन्हें 16 पाइंट मिले हैं। मोटो 3 में स्पेन के जाउमे मासिया को प्लस 25 पाइंट मिले। सेकेंड पोजिशन पर काइतो टोबा रहे।

इन्हें 20 पाइंट मिले हैं। जबकि 16 पाइंट के साथ अयुम्यू सस्की थर्ड पोजिशन पर रहे। काइतो और अयुम्यू जापान के हैं। मोटो जीपी की फाइनल रेस के शुरू होते ही स्टार्टिंग पाइंट के टर्न.1 पर एक साथ पांच बाइक आपस में भिड़ गईं। एक के ऊपर एक बाइक चढ़ गई।

घटना में तीनों राइडर बाल.बाल बच गए। कुल 7 बाइकें राइडिंग के दौरान क्रैश हुईं। वहीं, दूसरी तरफ ग्राउंड में मोटो जीपी रेस देखने क्रिकेटर युवराज सिंह, शिखर धवन और अभिनेता जॉन अब्राहिम पहुंचे। जॉन अब्राहिम ने कहा कि मोटो जीपी बहुत ही ऐतिहासिक है।

काफी कुछ सीखना पड़ता है। जैसे की सेफ राइडिंग। आज के ये यंगस्टर नियम को पालन करके बाइक चला रहे है। जबकि यहां 34 डिग्री सेल्सियस में प्रोफेशनल राइडर हेल्मेट, सूट पहन कर बाइक राइड कर रहे हैं। हम लोगों को राइडर से बहुत कुछ सीखना चाहिए।

बाइकिंग बहुत ही सेफ है, ट्रेक पर बच्चों को आकर सीखाएं। जैसे हमारे इंडियन आइडल स्टॉर है। वैसे ही मोटोजीपी स्टॉर भी होना चाहिए। पाकिस्तानी सीमा हैदर के पति सचिन मीणा को लप्पू और झिंगूर कहने वाली मिथिलेश भाटी भी मोटी जीपी रेस देखने पहुंची हैं। मिथिलेश भाटी पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। मिथेलिश भाटी ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव की रहने वाली हैं। सचिन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा था कि लप्पू सा सचिन, क्या है सचिन में, झिंगूर जैसी शक्ल है, वो इससे प्यार क्या करेगी। मिथिलेश भाटी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। फिलहाल ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आज मोटी जीपी रेस आयोजित की गई और मिथिलेश भाटी इस रेस को देखने पहुंची हैं।



### फाइनल रेस का मुकाबला बेहद ही रोमांचक रहा

**मूनी वीआर46 रेसिंग टीम के राइडर मार्को बेजे़ची और मार्टिन के बीच जबरदस्त रेस हुई। रेस के आखिरी लम्हों के रोमांच देखकर दर्शकों को अपनी सीट से खड़े होने पर मजबूर कर दिया। मोटो जीपी की मुख्य रेस 21 लैप में पूरी हुई। हर लैप्स में ड्राइवर्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शनिवार को क्वालीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव हासिल किया। उनके बाद प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने शनिवार को स्प्रिंट रेस जीती थी। वहीं फेबियो क्वार्टारो ने चौंकाते हुए यामाहा को पोडियम तक पहुंचा दिया। हालांकि, चौंपियनशिप लीडर पेको बागनिया भारत ग्रां प्री से बाहर हो गए। यह इटैलियन राइडर टर्न 5 पर फिसल गया था।**

# लोनी मकान हादसे में मृतकों की संख्या 3 पहुंची

- चार घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में मकान गिरने से हुए हादसे में अब तीन तक की मौत हो गई है। जबकि चार लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, पुलिस को मकान के मलबे से आतिशबाजी वाले पटाखे मिले हैं। आसपास के लोगों ने भी यही बयान दिया है कि इस मकान में दिवाली के लिए पटाखे बनाए जा रहे थे। इसलिए आशंका है कि पटाखे बनाते वक्त विस्फोट होने से मकान गिर गया।

फिलहाल मकान को किराए पर लेने वाला व्यक्ति फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। लोनी क्षेत्र के रूपनगर इंडस्ट्रियल एरिया में दो मंजिला मकान शनिवार को तेज धमाके के साथ गिर गया था। इस हादसे में पुलिस ने कुल 7 महिलाए पुरुष और बच्चे रेस्क्यू करके अस्पताल भेजे थे।

एक लड़की की कुछ देर बाद ही मौत हो गई थी। एक लड़की और एक लड़के ने दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल में शनिवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

तीनों मृतकों की पहचान इमरान 17 अलीना 8 और अलीशा 9 के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान मैवीश 35 सैयदा 30 सहित एक बच्ची और महिला का इलाज दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल में चल रहा है।

इनकी भी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने बताया, जब जेसीबी से मलबा हटवाया गया तो वहां से पटाखे के रैपर मिले हैं। इसमें कुछ स्काईशॉट भी हैं। आसपास के लोगों के मुताबिक, काफी दिनों से यहां पर दिवाली के लिए पटाखे बनाने का काम चल रहा था।

# सर्राफ की मौत को छुपाया, कोतवाली प्रभारी निलंबित

- लापरवाही और जनता से दुर्व्यवहार करने का भी आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में लापरवाही और क्षेत्र की जनता से दुर्व्यवहार के मामले में डीसीपी ग्रामीण जोन ने मोदीनगर कोतवाली प्रभारी भानू प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया। एसएचओ ने दो दिन पूर्व सर्राफ दीपक की मौत की घटना को दिनभर अधिकारियों से छुपाए रखा था। जनता से दुर्व्यवहार और क्षेत्र में अपराध रोकने में नाकाम एसएचओ पहले से ही अ?धिकारियों के निशाने पर थे। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक यादव ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को सह संबंध में रह रहे सर्राफ दीपक उर्फ राशिद को महिला मित्र ने उसके परिजनों पर अगवा करने का आरोप लगाया था।

इसी दौरान सर्राफ की मौत हो गई थी। एसएचओ भानू प्रताप सिंह ने किसी भी अधिकारी को घटना की जानकारी नहीं दी। शाम को एसीपी ज्ञानप्रकाश राय कोतवाली पहुंचे तो अधिकारियों को मामले की जानकारी लगी। डीसीपी ने एसीपी को मामले की जांच सौंपी तो एसएचओ की लापरवाही मिली। इसके अलावा क्षेत्र की जनता से दुर्व्यवहार की ?शिकायतें मिलने से भी अधिकारी एसएचओ से नाराज चल रहे थे। उधर कुछ दिन पूर्व नगर की एक कॉलोनी में गोवंश को कार से कुचलने के मामले में भी एसएचओ की लापरवाही सामने आई थी।

अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हिन्दू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने घटना की जानकारी मेनका गांधी को दी थी। मेनका गांधी ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। इसके अलावा लक्ष्मी गुप्ता हत्याकांड और धर्मांतरण के मामले में भी एसएचओ अधिकारियों को निशाने पर थे। क्षेत्र में लगातार हो रहीं छीनैती और लूट की घटनाओं लेकर भी अ?धिकारी एसएचओ से नाखुश थे। पुलिस के साथ हुई मारपीट के मामले में भी एसएचओ की काफी किरकिरी हुई थी। कुछ युवकों के परिजनों ने एसएचओ के एक तथाकथित रिश्तेदार पर कोतवाली चलाने का आरोप लगाते हुए शिकायत तत्कालीन डीसीपी ग्रामीण जोन से की थी। डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक यादव का कहना है कि किसी भी कीमत पर अनुशासनहीनता और जनता से दुर्व्यवहार बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

### 15वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने दी जान

**नोएडा।** नोएडा के सुपरटेक केप.टाउन सोसाइटी में एक 15 साल के किशोर ने सोसाइटी के 15वें फ्लोर की बालकानी से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना रात करीब सवा एक बजे की है। आवाज आने पर गार्ड ने पुलिस और घर वालों को जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आयुक्त के पीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि जिस समय किशोर ने सुसाइड किया उस समय बाकी सभी सदस्य घर में मौजूद थे। किशोर की पहचान अंगद हुई है। वो 10वी क्लास का छात्र है।

# माध्यमिक शिक्षकों ने खोला मोर्चा, करेंगे हड़ताल

- पुरानी पेंशन समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ ने अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

संघ का कहना है कि उनकी मांगों को लेकर सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। इसलिए अब एकजुट होकर सरकार को अपनी ताकत भी दिखानी होगी। इसी क्रम संघ ने आगामी 26 सितंबर मंगलवार को सांकेतिक हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

संघ की मांगों के संबंध में आगामी रणनीति बनाने के लिए संघ के पदाधिकारियों ने वेदपुरा के श्रीसंत विनोबा इंटर कॉलेज में एक बैठक रखी थी। इसी बैठक के दौरान आगामी 26 सितंबर को सांकेतिक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ की 5 सूत्री मांगों में उनकी पुरानी पेंशन को बहाल करना, माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण करना, शिक्षक सेवा आयोग-23 को हटाकर चयनबोर्ड अधिनियम-1982 को फिर से लागू करना, शिक्षा का निजीकरण बंद करना और प्रदेश के वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षकों को वेतन वितरण अधिनियम-1971 से लाभान्वित करना शामिल हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार भी जानती है कि ये मांगें जायज हैं, लेकिन इनपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण संघ के सदस्य आंदोलन करने पर मजबूर हैं। अब हालत यह हो गई है कि सरकार को जगाने के लिए संघ के सदस्यों को सांकेतिक हड़ताल पर जाने की नौबत आ गई है।

## संक्षिप्त समाचार



मोटो जीपी रेस प्रतियोगिता का अवलोकन करते सांसद महेश शर्मा

### गाजियाबाद में रामलीला के लिए भूमि पूजन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में मॉल के पीछे ग्राउंड में रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर आशु शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने पूरी रामलीला कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए अपना सहयोग देने का वायदा किया। रामलीला मंचन व भव्य मेला 14 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगा। भूमि पूजन के साथ ही स्टेज बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन में अनिल तोमर, अनिल शर्मा, दीपक सहलोत, प्रवीण त्यागी, अंकित गुप्ता, नरेश सिरोही, पुष्पेंद्र पूनिया, पवन द्विवेदी, राकेश त्यागी, संजीव त्यागी, सुमनलता पाल, मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता समेत सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### सोसाइटी में पार्किंग को लेकर विवाद वीडियो वायरल

**नोएडा।** सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यूशरणम सोसाइटी में शुक्रवार दोपहर कार पार्क करने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड और वहां के किरायेदारों के बीच कहासुनी हो गई। शनिवार को घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें तीन युवक सिक्योरिटी गार्ड से गाली गलौज और बदसलूकी करते दिख रहे हैं। सिक्योरिटी गार्डों ने बताया कि सोसाइटी में किराये पर रहने वाले युवकों ने शुक्रवार को सड़क पर कार पार्क कर दीए जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। युवकों से जब कार को वहां से हटाकर पार्किंग एरिया में खड़ी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने 10 मिनट में वापस आने की बात कही। कई घंटे तक जब युवक नहीं लौटे तो कार के चक्के में डिस्क लॉक लगा दिया गया। लौटने के बाद युवकों ने जब डिस्क लॉक देखा तो सिक्योरिटी गार्ड पर भड़क गए और गाली गलौज करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर मौजूद एक सिक्योरिटी गार्ड ने घटना का वीडियो भी बना लिया।

### मोदीनगर में बच्चे को अगवा कर कुकर्म

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मुरादनगर की नगर की एक कॉलोनी में दस साल के बच्चे को अगवा करके सुनसान स्थान पर ले जाकर कुकर्म करने का मामला सामने आया है। कुकर्म का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनका दस वर्षीय पुत्र रात को अपने ताऊ के पास जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो आरोपी बच्चे को अपने साथ ले गया। वह बच्चे को रावली रोड स्थित एक गोदाम में ले गया। आरोप है कि वहां पर बच्चे के साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घर पर पहुंचकर बच्चे ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बच्चे को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। आरोपी भी नाबालिग है और उसे हिरासत मे ले लिया गया है। उन्होनें बताया कि आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया जाएगा। वहा से उसे बाल सुधार गृह भेजा जाएगा। इस बारे में डॉक्टर राजीव त्यागी का कहना है कि मोबाइल बच्चों पर सबसे ज्यादा कर डाला है। अभिभावकों को चाहिए मोबाइल से पढ़ाई के लिए रखें और बच्चों की हर गतिविधि पर ध्यान रखें।

### गाड़ी बुक करके लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार को एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके सदस्य गाड़ी बुक करके लूटपाट की वारदात को अंजाम देते थे। इस गिरोह के दो शातिर सदस्यों के साथ एक बाल अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट के थाना सेक्टर 39 की पुलिस ने रविवार को सुलभ शौचालय सैक्टर 37 दादरी रोड के पास से गाडी में बैठाकर लूट करने वाले 2 बदमाशों और एक बाल अपराचारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि उन्होंने 18 सितंबर, 21 सितंबर तथा 14 सितंबर को नोएडा के सेक्टर 37 चौराहे से सवारियों को गाड़ी में लिफ्ट देकर उनसे नगदी छीन लेते थे तथा बाद में सवारी का मोबाइल और पेटीएम/एटीएम के द्वारा भी रूपये अपने खाते में ट्रांजेक्शन करते थे। बदमाशों ने बताया कि वह जूम ऐप के माध्यम से 24 घण्टे के लिये गाड़ी किराये पर लेते हैं, दिन में उस गाड़ी में घूम फिकर मौज मस्ती करते हैं और रात में उसी गाड़ी से गौतमबुद्धनगर में पर राह चलते व्यक्तियों से रात्रि में सवारियों को आवागमन गाड़ी में बैठाकर रास्ते में जाते हुए मौका पाकर जबरदस्ती गाड़ी में ही उसकी जेब से रुपये तथा एटीएम छीन लेते है।

### बुजुर्ग विधवा ने लगाई मुख्यमंत्री योगी से गुहार

**नोएडा।** बुजुर्ग विधवा ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, नोएडा के जिलाधिकारी और प्राधिकरण के अफसरों से अपनी पड़ोसी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता बीना का कहना है कि उनका मकान सारे नियम कायदे व मकान का नक्शा पास कराया गया है और उसकी मंजूरी भी उन्हें अथारटी से मिली है। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा कि पुलिस की तरफ से अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। बीना चोपड़ा ने अपने परिजनों के साथ नोएडा अथारटी के आला अफसरों की शिकायत की है। हालांकि अफसरों से उन्हें आश्वासन मिला है कि इस मामलें कि निष्पक्ष जांच की जाएगी।

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
**टॉप्सग्रुप सर्विसेज ऐंड सॉल्यूशन्स लिमिटेड-परिसमापन में**
**(सीआईएन : यू74920एमएच1982पीएलसी027283)**
**परिसमापक-श्री अंशुल गुप्ता (पजी. सं. IBBI/IPA-002/IP-N00310/2017-18/10899)**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्पोरेट देनदार नामतः टॉप्सग्रुप सर्विसेज ऐंड सॉल्यूशन्स लिमिटेड - परिसमापन में, जिसका पंजीकृत कार्यालय 5, रॉयल पाम्स गोल्फ ऐंड कंट्री क्लब, आरे मिल्क कालोनी, गोरेगांव (ई) मुंबई एमएच 400065, भारत में स्थित है, की बिक्री इसके द्वारा स्वाधिकृत कुछ आस्तियों सहित, जो ऋणशोध अक्षमता और दिवाला संहिता, 2016 के प्रावधानों के तहत परिसमापन सम्पदा का अंश हैं, भारतीय ऋणशोध अक्षमता और दिवाला (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के अनुसार ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से एक चालू कन्सर्न के रूप में की जा रही है। इच्छुक आवेदक topsgrup.ip@gmail.com पर ई-मेल भेजकर विस्तृत प्रक्रिया ज्ञापन देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 27-10-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे के बीच "5 मिनट" के असीमित विस्तारों के साथ अर्थात नीलामी के समापन से पहले आखिरी 5 मिनट के भीतर कोई बोली लगाई जाने पर ई-नीलामी का समय हर बार 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा। ई-नीलामी के लिए लिंक https://nbid.nesl.co.in/app/login है। |
| बोली दस्तावेज/ईओआई जमा करने हेतु अंतिम तिथि | 10-10-2023 |
| ईएमडी भुगतान हेतु बैंक विवरण | डीडी/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से "टॉप्सग्रुप सर्विसेज ऐंड सॉल्यूशन्स लिमिटेड परिसमापन में" के खाते में, खाता नंबर 922020055441055, एक्सिस बैंक, विले पार्ले ईस्ट ब्रान्च, (आईएफएससी : UTIB0000183) |
| स्थल दौरा और निरीक्षण विवरण | स्थल का दौरा 21-10-2023 तक पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक, कम से कम 48 घंटे पहले सूचना देकर, किया जा सकता है। (ई-मेल आईडी : topsgrup.ip@gmail.com) |
| ईएमडी हेतु अंतिम तिथि | 26-10-2023 |

| विकल्प | नीलामी के तहत आस्तियों का विवरण | सुरक्षित मूल्य रू. | ईएमडी | बोली वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| क. | कार्पोरेट देनदार चालू कन्सर्न के रूप में, माननीय एनसीएलटी, मुंबई पीठ, न्यायालय V के निदेशानुसार (कुछ आस्तियां छोड़कर)* | 367.62 लाख (रूपए तीन करोड़ सड़सठ लाख बासठ हजार मात्र) | रू. 36.76 लाख (रूपए छत्तीस लाख छहत्तर हजार मात्र) | रू. 5 लाख (रूपए पांच लाख मात्र) |

कार्पोरेट देनदार की एक "चालू कन्सर्न (कुछ आस्तियां छोड़कर) के रूप में" "जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार", "जो है वहां है आधार" तथा "कोई उपाय नहीं आधार" पर बिक्री के लिए यह ई-नीलामी किसी अभिवेदन, वारंटी अथवा क्षतिपूर्ति के बिना आयोजित की जाएगी तथा ऑनलाइन संचालित की जाएगी। यह सूचना, आस्तियों के विवरण युक्त बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन, के साथ मिलाकर पढ़ी जाएगी, जो topsgrup.ip@gmail.com पर ई-मेल भेजी जाने पर उपलब्ध कराई जाएगी। 'अस्वीकरण : निर्णायक प्राधिकारी के समक्ष एक आवेदन, परिसमापन अवधि 180 बढ़ाए जाने हेतु, प्रस्तुत किया गया है। यहां इसमें प्रकाशित यह नीलामी सूचना माननीय एनसीएलटी द्वारा परिसमापन अवधि के विस्तार के अनुमोदन के अधीन होगी। इस विज्ञापन का अभिप्राय बोलीदाताओं की रूचि अभिनिश्चित करना है तथा यह परिसमापक की ओर से किसी प्रकार का बाध्यकारी दायित्व सृजित नहीं करता है। परिसमापक का, बिना कोई कारण बताए, किसी भी समय और किसी भी संदर्भ में, इस आमंत्रण को, उसमें वर्णित प्रक्रिया हेतु समयसीमाओं सहित संशोधित तथा/अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। उपरिवर्णित समयसीमाओं सहित आमंत्रण में कोई भी संशोधन, अधिसूचित किया जाएगा।

अंशुल गुप्ता-परिसमापक
टॉप्सग्रुप सर्विसेज ऐंड सॉल्यूशन्स लिमिटेड
पजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00310/2017-18/10899
ई-मेल आईडी : topsgrup.ip@gmail.com, contactanshulgupta@gmail.com
पंजीकृत पता : 410, चतुर्थ तल, ब्लूरोज इंडस्ट्रियल एस्टेट, निकट मेट्रो मॉल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, बोरीवली (ई), मुंबई-400 066
तिथि : 25-09-2023
स्थान : मुंबई

# गाजियाबाद-नोएडा में कुत्तों को लेकर लगातार बढ़ रहे हैं विवाद

- गुमशुदा डॉग का पोस्टर फाड़ने पर महिला ने युवक का कॉलर पकड़ा तो वहीं दूसरी तरफ आवारा कुत्तों के खिलाफ कैंडल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद और नोएडा पुलिस के पास रोजाना 15 से ज्यादा शिकायतें डॉग को लेकर विवाद की पहुंच रही हैं। चूंकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि स्ट्रीट डॉग पर क्रूरता नहीं हो सकती, इसलिए पुलिस भी कर रही है और ये विवाद ज्यादा बड़ा आकार लेता जा रहा है।

**23 सितंबर:** नोएडा के सेक्टर.75 स्थित एम्स गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी में अर्शी सिंह नामक महिला का पालतू कुत्ता गुम हो गया। उन्होंने सोसाइटी की दीवारों पर मिसिंग पोस्टर लगाए थे। शनिवार को किसी ने ये पोस्टर फाड़ दिए। इसे लेकर अर्शी सिंह का नवीन मिश्रा नामक शख्स से विवाद हो गया। वायरल वीडियो में अर्शी ने नवीन का कॉलर पकड़ा हुआ था। उनसे अभद्रता भी की गई। हाथापाई तक की नौबत आ गई। हालांकि इस मामले में किसी भी पक्ष ने अभी तक पुलिस में शिकायत नहीं की है, लेकिन पुलिस ने वीडियो का संज्ञान जरूर लिया है।

**22 सितंबर:** गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक स्ट्रीट डॉग को मच्छरदानी वाले जाल में फंसाया और उसे डंडे से पीट.पीटकर मार डाला। पिटाई करने वालों का कहना था कि ये कुत्ता पागल हो चुका है और कइयों को काट चुका है। हालांकि मेडिकल जांच में उसे रैबीज नहीं पाया गया। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

**22 सितंबर:** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी.2 सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग के खिलाफ यहां के लोग लाठी.डंडे लेकर उतर आए। इन्होंने कुत्तों को सोसाइटी से खदेड़ना शुरू कर दिया। सोसाइटी में रहने वाले एनिमल लवर्स ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में खूब नोकझोंकए हंगामा हुआ। रेजिडेंट्स ने तय किया है कि वो पैसा इकट्ठा करके इन कुत्तों को सोसाइटी से बाहर निकलवाएंगे। इस पर यहां कई दिन से तनातनी बनी हुई है।

**21 सितंबर:** नोएडा में सेक्टर.110 स्थित लोटस पनाश सोसाइटी में पालतू कुत्ते ने छह वर्षीय दानियाल खान को काटकर लहूलुहान कर दिया। इस घटना के बाद जब दानियाल के पेरेंट्स ने फुटेज चेक कराई तो पता चला कि वो कुत्ता राहुल नामक व्यक्ति का है। इसे लेकर सोसाइटी में खूब विवाद हुआ। आखिरकार पीड़ित परिजनों ने कुत्ते के मालिक राहुल के खिलाफ थाना फेज.दो में मुकदमा दर्ज करा दिया।

**19 सितंबर:** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन स्थित ग्रैंड सवाना सोसाइटी के लोगों ने कुत्तों के आतंक से परेशान होकर कैंडल मार्च निकाला। इन लोगों का कहना था कि सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग की संख्या 60 के आसपास पहुंच गई है। सोसाइटी में बाहर से कुत्ते लाए जा रहे हैं। यदि गार्ड विरोध करते हैं तो उनसे मारपीट होती है। संख्या बढ़ने से डॉग बाइट की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। स्ट्रीट डॉग को लेकर सोसाइटीज में लगातार बढ़ते विवाद के बीच हमने पीपल्स फॉर एनिमल की अध्यक्ष सुरभी रावत से बात की।

ये संस्था सांसद मेनका गांधी से जुड़ी है। सुरभी रावत ने कहा सोकॉल्ड हाईराइज सोसाइटी वाले समाज को अपने तरीकों में सुधार करने की आवश्यकता है। निर्दोष कुत्तों को दोष देने के बजाय उन्हें अपनी कमियों और खामियों को दूर करने की आवश्यकता है। यदि आप बारीकि से देखें तो सोसाइटियों में बुनियादी आवश्यकताओं को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। कुत्तों के पीछे भागने के बजाय अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें। हमेशा निर्दोष जानवरों के नाम पर वोट बैंक चाहता था। जानवरों पर उंगली उठाना बहुत आसान है। शर्म आनी चाहिए कि झुग्गी.झोंपड़ियों में रहने वाले लोग भी उनसे बेहतर हैं। इसलिए कुत्तों पर तमाशा करने की बजाय वे अपनी कमियों पर ध्यान देने की कोशिश करें। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया, अगले महीने दूसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनना शुरू हो जाएगा।

इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें से 80 लाख रुपए प्राप्त हो गए हैं। इस सेंटर में रोजाना 100 से 150 कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। नसबंदी अभियान में तेजी आने के बाद ही स्ट्रीट डॉग की संख्या पर रोकथाम लग पाएगी। अभी तक हमारे पास जो पुराना सेंटर है, वहां सिर्फ 20.25 कुत्तों की रोजाना नसबंदी करने की कैपिसिटी है। नोएडा प्राधिकरण के एसपी सिंह ने बताया, कुत्तों की नसबंदी के लिए दो संस्थाएं काम कर रही हैं। ये संस्थाएं हर महीने 1200 कुत्तों की नसबंदी करने का दावा करती हैं।

# किसी एजेंसी ने पूर्वी दिल्ली पर नहीं दिया ध्यान : एलजी

- सड़कों की खराब स्थिति, गंदगी, अतिक्रमण पर नाराजगी जताई, रविवार से ही काम शुरू करने का दिया निर्देश
- फोटोग्राफी, वीडियो साक्ष्य के बिना कोई भी प्रगति, स्थिति रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी



गंदगी देखकर अधिकारियों को निर्देश देते उपराज्यपाल विनय सक्सेना।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पूर्वी दिल्ली में सड़कों की खराब स्थिति, गंदगी, अतिक्रमण, बंद नालियों को देखकर नाराजगी जताई और एजेंसियों को रविवार से ही काम शुरू करने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा कि फोटोग्राफिक, वीडियो साक्ष्य के बिना कोई भी प्रगति व स्थिति रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि कई वर्षों में किसी भी नागरिक एजेंसी व प्राधिकरण ने पूर्वी दिल्ली पर कोई ध्यान नहीं दिया है। राजधानी में साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ शहर को सुंदर बनाने की कोशिशों को जारी रखते हुए उपराज्यपाल ने पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में सीवरेज, जल निकासी और सड़कों, फुटपाथों, पार्कों के नवीनीकरण के लिए विशेष निर्देश जारी किए।

आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर युधिष्ठिर सेतु से शुरू होकर, जो उत्तरी और मध्य दिल्ली को पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली से जोड़ता है। उपराज्यपाल ने कड़कड़डूमा कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर अपने अंतिम पड़ाव से पहले, शास्त्री पार्क, मानसरोवर पार्क, सीलमपुर, श्याम लाल कॉलेज, सूरजमल पार्क और विश्वास नगर, कृष्णा नगर, दिलशाद गार्डन के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया।

सड़कों की खराब हालत, कूड़े के ढेर, जाम और सड़कों पर बहता नालियों का पानी, अव्यवस्थित सार्वजनिक पार्कों, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण और क्षतिग्रस्त सार्वजनिक संपत्तियों को देख नाराज होकर सक्सेना ने अधिकारियों से रविवार से ही मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि किसी भी एजेंसी से कोई भी रिपोर्ट तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी, जब तक कि उसमें उसकी पहले और बाद की तस्वीरें शामिल नहीं कि गई हों।

एलजी ने सभी संबंधित एजेंसियों एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, डीजेबी सहित अन्य से अपने क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए कहा और इस बात पर जोर दिया कि इस वजह से किसी भी तरह से काम में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कार्यों की दैनिक प्रगति की निगरानी उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा की जाएगी। तीन घंटे से अधिक समय तक चले इस दौरे के दौरान, उपराज्यपाल युधिष्ठिर सेतु की खस्ताहाल स्थिति पर काफी नाराज दिखे, क्योंकि इसकी रेलिंग और फुटपाथ कई स्थानों पर टूटे हुए थे, जिससे विशेष रूप से पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों के लिए खतरा पैदा हो गया था।

कड़कड़डूमा कोर्ट में सड़कों पर बह रही नालियों, धूल से भरी सड़कों और टूटे फुटपाथों और कई स्थानों पर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे पेड़ों की टहनियों को देख उपराज्यपाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को न्यायालय परिसर के आस पास के पूरे इलाके को तुरंत साफ-सुथरा करने का निर्देश दिया। सक्सेना ने जिन इलाकों का दौरा किया, वहां के निवासियों और आरडब्ल्यूए से भी बातचीत की और इस बातचीत में लोगों ने अन्य मुद्दों के अलावा सीवर लाइनों के जाम होने, नालियों और टूटी सड़कों, फुटपाथों की शिकायत की।

उन्होंने उपराज्यपाल को बताया कि ये बड़ी समस्याएं बन गई हैं और संबंधित नागरिक एजेंसियां निवासियों की शिकायतों का जवाब नहीं देती हैं। उपराज्यपाल ने अफसोस जताया कि पिछले कुछ वर्षों में किसी भी नागरिक एजेंसी ने इन क्षेत्रों पर जहां एक बड़ी आबादी दयनीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर है, कोई ध्यान नहीं दिया है। एलजी सक्सेना ने पूर्वी दिल्ली के उन इलाकों के पुनरुद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो सरकार की उदासीनता के कारण लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले, उन्होंने अक्षरधाम मंदिर के पास के हिस्से के रखरखाव और सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया था। उन्होंने अतिव्यस्त विकास मार्ग का भी दौरा किया था। यह जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद उनका दूसरा दौरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्टिव मेमोरी और डिमेंशिया सेंटर लॉन्च किया गया



**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर के पहले अत्याधुनिक सक्रिय मेमोरी और डिमेंशिया केंद्र 'वट वृक्ष मेमोरी सेंटर' उद्घाटन रविवार को हरियाणा सरकार के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एन के जैन ने सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल की उपस्थिति में किया। यह केंद्र डिमेंशिया से पीड़ित मरीजों और उनके परिवार के जीवन में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। यह केंद्र 'भूल ना जाना अभियान' के तहत शुरू किया गया है। हाल ही में इस अभियान के तहत राष्ट्रीय डिमेंशिया हेल्पलाइन नंबर 9818687903 लॉन्च किया गया है। डॉ. रमेश गोयल और डॉ. दीप्ति गोयल के नेतृत्व में इस केंद्र का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ट्रूडो के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया और उन पर खालिस्तानी अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने एक बयान में कहा कि संगठन के प्रमुख जय भगवान गोयल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों को कनाडा और भारत के प्रधानमंत्रियों को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। गोयल ने कहा, कई महीनों से, कनाडा के प्रधानमंत्री खुले तौर पर भारत विरोधी खालिस्तानियों का समर्थन और बचाव कर रहे हैं।

### वीर अब्दुल हमीद की याद में चिकित्सा शिविर



**नई दिल्ली।** देश के लिए अपनी जान की कुरबानी देने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की याद में निशुल्क चिकित्सा शिविर गौतमपुरी में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने की, जबकि हकीम अता उर रहमान अजमली ने स्टेज का संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद सत्या शर्मा, रिजवान चौधरी, डॉ. सैयद निखत हुसैन नदवी चेयरमैन न्यू एरा होराइजन ट्रस्ट, डॉ. अनवर अली, सद्दाम , हाजी शमीम अहमद, हाफिज शकील अहमद आदि शामिल हुए। शिविर में लगभग 300 मरीजों ने अपनी जांच करायी तथा नि:शुल्क दवा भी ली।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में एक व्यक्ति की एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है जिससे वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके। उत्तरपूर्व के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, नंद नगरी में आईटीआई की सामने वाली सड़क पर हुई इस घटना की सूचना रविवार सुबह पांच बजकर करीब 50 मिनट पर मिली। उपायुक्त ने कहा, प्रथमदृष्टया यह हिट एंड रन का मामला लग रहा है ,वाहन और उसके चालक का पता नहीं चला है। घटनास्थल पर कोई गवाह भी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हुई है, शव को शवगृह में रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजनीतिक पर्यटन का आनंद ले रहे केजरीवाल : सचदेवा



- कॉलोनियों में कोई फॉगिंग नहीं की जा रही : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में डेंगू का संक्रमण बढ़ रहा है और केजरीवाल राजनीतिक पर्यटन का आनंद ले रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार और एमसीडी ने दिल्ली को डेंगू की राजधानी बना दिया है। डेंगू के डेन 2 वायरस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ रही है लेकिन दिल्ली सरकार डेंगू से संबंधित डेटा जारी नहीं कर रही है। वीरेंद्र सचदेवा ने डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से सुनते हैं कि कॉलोनियों में कोई फॉगिंग आदि नहीं की जा रही है और लोग अपने परिवारों में रोजाना मामलों की रिपोर्ट कर रहे हैं। अनौपचारिक बातचीत के दौरान एमसीडी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ कई सरकारी और निजी डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि डेंगू से संबंधित मौतें नियमित रूप से हो रही हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली सरकार या दिल्ली नगर निगम द्वारा डेंगू के आंकड़ों को दबाना और जारी न करना स्पष्ट रूप से स्थिति की भयावहता की ओर इशारा करता है।

सचदेवा ने दावा किया कि पैथोलॉजिस्ट बताते हैं कि डेंगू की जांच कराने वाले 40 फीसदी मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

## सरकार जी-20 घोषणापत्र के 63 कार्य बिंदुओं को करेगी लागू

- सभी विभागो से विस्तृत व समयबद्ध योजना बनाने के निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने अपने विभागों से जी-20 घोषणापत्र के 63 कार्य बिंदुओं को लागू करने के लिए विस्तृत, समयबद्ध योजना बनाने को कहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस महीने की शुरुआत में योजना विभाग ने मुख्य सचिव नरेश कुमार द्वारा अनुमोदित एक आदेश में विभिन्न विभागों को अपनी-अपनी कार्य योजनाएं तैयार करने और सितंबर के अंत तक प्रस्तुत करने के लिए कहा। आदेश में कहा गया कि जी20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में वर्णित दृष्टिकोण को इसके सफल कार्यान्वयन के माध्यम से जमीनी स्तर पर साकार करने जरूरत है। इसमें कहा गया है कि 63 कार्य बिंदुओं को ठोस कार्य योजनाओं में बदलने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

योजना विभाग के विशेष सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, इसलिए संबंधित विभागों से जी20 घोषणापत्र के कार्य बिंदुओं को लागू करने के लिए एक विस्तृत, समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने का अनुरोध किया जाता है।

आदेश में कहा गया है कि महत्वपूर्ण और समयसीमा वाली विस्तृत कार्य योजना 30 सितंबर तक भेजी जानी चाहिए। जी20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था और जी20 नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से समूह द्वारा अपनाया गया था।

घोषणापत्र में रोजगार और आजीविका, गरीबी, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक कौशल विकास, अर्थव्यवस्था, निवेश, लैंगिक अंतराल को कम करना, बाल श्रम, भ्रष्टाचार से मुकाबला और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे।

परिवहन और पर्यावरण जैसे विभाग और दिल्ली परिवहन निगम तथा दिल्ली मेट्रो रेल निगम सहित अन्य एजेंसियां, कम ग्रीनहाउस गैस और कार्बन उत्सर्जन के लिए संबंधित कार्य बिंदु पर काम करेंगी।

उद्योग और स्वास्थ्य विभाग जिन कार्य बिंदुओं पर काम करेंगे, उनमें भविष्य में स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए बेहतर तैयारी को लेकर विकासशील देशों में चिकित्सा उपायों तक पहुंच में सुधार और अधिक आपूर्ति तथा उत्पादन क्षमताओं को सुविधाजनक बनाना शामिल है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग एक कार्य बिंदु पर काम करेगा जिसमें डिजिटल सेवाओं और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार करना और टिकाऊ एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल परिवर्तन के अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। रोजगार, शिक्षा और श्रम विभाग ऐसे कार्य बिंदु पर काम करेंगे जो टिकाऊ गुणवत्तापूर्ण, स्वस्थ, सुरक्षित और लाभकारी रोजगार को बढ़ावा दे।

आदेश में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस कानूनी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप अपराध से अर्जित आय को जब्त करने, पीड़ितों और सरकारों को वापस करने के वैश्विक प्रयासों को बढ़ाने में सहायता के लिए एक कार्य बिंदु पर काम करेगी।

### नड्डा ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम को अधिकांश बूथों पर सुना गया। बूथ स्तर पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम के एपिसोड को सभी बूथ पालकों ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना और पीएम द्वारा कही गई बातों को जन जन पहुंचाने का निर्णय लिया।



मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद मीनाक्षी लेखी व अन्य।

## विरोधी को फंसाने के लिए खुद के पैर में गोली मारी

- तीन गिरफ्तार, आरोपियों से कट्टा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




खुद के पैर में गोली मारकर विरोधी को फंसाने की साजिश रचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान वसीम, उसके भाई फहीम और उसके सहयोगी साहिल के रूप में हुई है। इन लोगों के कब्जे से कट्टा बरामद किया है। ज्योति नगर पुलिस थाने को बृहस्पतिवार को कर्दमपुरी इलाके में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। घटना में घायल व्यक्ति को उसके भाई ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की, लेकिन पीड़ित ने बयान नहीं दिया।

मामले की जांच के दौरान टीम ने भूरा नाम के व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसने पूछताछ में बताया कि वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा है। उपायुक्त ने कहा, बाद में जब हमने पीड़ित के भाई फहीम से पूछताछ की तो पता चला कि वे भूरा को झूठे मामले में फंसाकर उससे बदला लेना चाहते थे। इसलिए, साहिल नाम के एक दोस्त के साथ मिलकर साजिश रची और एक ऐसी जगह तलाश की जो सीसीटीवी कैमरे की जद से बाहर थी। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे तीनों ने कथित तौर पर भूरा को रोका और साहिल ने उसे पीछे से पकड़ लिया। फहीम ने कथित तौर पर देसी पिस्तौल अपने भाई वसीम को दी, जिसने बाएं पैर में खुद को गोली मार ली।

## निगम के सभी विद्यालयों में होगी साइन भाषा प्रतियोगिताएं

- इसके माध्यम से छात्र अपनी बात दूसरे तक बिना बोले पहुंचाना सीख सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नगर निगम के विद्यालयों में 23 को साइन भाषा दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मकसद संप्रेषण में साइन भाषा के महत्व, सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भाषा का योगदान एवं समावेशन को प्रोत्साहित करने में इस भाषा की अहम भूमिका को मान्यता प्रदान करना है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस की थीम एक ऐसा विश्व जहां कहीं भी मूक बधिर व्यक्ति साइन भाषा द्वारा संप्रेषण कर सकते हैं। संपूर्ण विश्व में मनाए जाने वाले इस दिवस के अवसर पर एमसीडी ने मूक बधिर व्यक्तियों के संप्रेषण में साइन भाषा को बढ़ावा देने के लिए इस दिन अपने विद्यालयों में कई गतिविधियों का आयोजन किया। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर निगम विद्यालयों के विशेष शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा में साइन भाषा से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में परीक्षाओं के उपरांत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिनके अंतर्गत अध्यापकों एवं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मूक बधिर व्यक्तियों के साथ संप्रेषण में साइन भाषा के उपयोग एवं महत्व के बारे में जागरूक किया जायेगा। परीक्षाओं के उपरांत विद्यालयों में साइन भाषा पर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र न केवल साइन भाषा सीख सकेंगे बल्कि मूक बधिर छात्रों के साथ मनोरंजक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। साइन भाषा के माध्यम से छात्र अपनी बात एक दूसरे तक बिना बोले पहुंचाना सीख सकेंगे।

### बदमाशों ने आभूषण की दुकान में की लूटपाट

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में चार नकाबपोश बदमाशों ने आभूषण की एक दुकान में कथित रूप से लूटपाट की है। पुलिस के मुताबिक, पीतमपुरा के रहने वाले 48 वर्षीय दुकान के मालिक ने विजय नगर थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को हुई बिक्री का हिसाब लगा रहे थे कि तभी शाम करीब सात बजे हेलमेट और मास्क लगाया हुआ एक व्यक्ति दुकान में आया। उन्होंने बताया कि उसके बाद तीन अन्य नकाबपोश व्यक्ति भी दुकान में घुस आए। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने दावा किया कि घबराकर उन्होंने खुद को दुकान के लॉकर कक्ष में बंद कर लिया। दुकान पर काम करने वाले बजरंग ने दरवाजा खटखटाया और पीड़ित को जानकारी दी कि आरोपी सोना-चांदी, 75 हजार रुपए व अन्य मूल्यवान चीजें ले गए हैं।

## डेंगू-वायरल पर कारगर है आयुर्वेद : पराशर

- कहा, अधिकांश मरीजों में मिल रहा खतरनाक स्ट्रेन डेन टू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में डेंगू के लगातार बढ़ते मरीजों में चिंताजनक पक्ष यह है कि अधिकांश मामलों में खतरनाक स्ट्रेन डेन टू मिल रहा है। दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. राजपाल पराशर ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार पिछले चार वर्षों के मुकाबले अब तक सबसे अधिक मामले डेंगू संक्रमण के आ चुके हैं। इसके अलावा दोहरे संक्रमण के रोगी भी खूब आ रहे हैं जिनमें जांच के बाद डेंगू के साथ कोई अन्य वायरल या बैक्टीरिया संक्रमण भी मिल रहा है। कोरोना के बाद लोगों के शरीर में आई कमजोरी और घटी इम्यूनिटी के कारण ऐसा हो रहा है। डॉ. परशार के अनुसार डेंगू मरीजों के इलाज में आयुर्वेदिक दवाएं कारगर हैं जिनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। बुखार के सभी रोगी पहले दिन से ही संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, महासुदर्शन चूर्ण, कालमेघ, भुंईआंवला, पपीते के पत्तों के रस, गिलोय का काढ़ा और हरसिंगार के पत्तों के काढ़े का प्रयोग करें ताकि डेंगू व अन्य कोई भी संक्रमण गंभीर स्थिति में न पहुंचे। बुखार आने पर पहले दिन से ही इन दवाओं का प्रयोग करने से डेंगू के मरीजों में न तो प्लेटलेट्स की संख्या ज्यादा घटेगी और न ही शरीर में ब्लीडिंग होगी। ये दवाऐं हर तरह के बुखार में भी लाभकारी हैं।

उन्होंने कहा कि बुखार डेंगू के बजाय किसी और संक्रमण के कारण हो तो उसमें भी ये दवाएं फायदा ही करेंगी। संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, कुटकी, महासुदर्शन चूर्ण, पपीते के पत्तों का रस, भुंई आंवला, गिलोय, कालमेघ आदि दवाएं टेबलेट, कैप्सूल और सिरप के रूप में बाजार में उपलब्ध हैं जबकि हरसिंगार के पत्तों का काढ़ा घर पर आसानी से बनाया जा सकता है।

# सांकेतिक भाषा केवल बधिरों की ही नहीं बल्कि सभी की भाषा बने: बंडारू दत्तात्रेय

### राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल को उनकी तस्वीर की पेंटिंग भेंट करता छात्र।

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मूक एवं बधिरों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से उनके मन में इस भावना का निर्माण किया जा रहा कि वे भी समाज का अभिन्न हिस्सा है।

वे यहां अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में गुरुग्राम के एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

राज्यपाल ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों को नमन कर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सांकेतिक भाषा केवल बधिरों की ही नहीं, बल्कि सभी की भाषा बने। उन्होंने सांकेतिक भाषा अर्थात् साइन लैंग्वेज सिखाने व सीखने पर बल देते हुए कहा कि सांकेतिक भाषा सीखने से माइंड एक्टिव बनता है। जिससे जीवन में प्रगति के विभिन्न मार्ग खुलेंगे। राज्यपाल ने कहा कि मूक एवं बधिर बच्चों के सांकेतिक भाषा सीखने से उनके जीवनयापन की राह आसान होने के साथ साथ वे विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम भी रोशन करेंगे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में परिवार पहचान पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह सेवा दिव्यांगजनों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सांकेतिक भाषा को एक भाषा विषय के रूप में मान्यता देकर बधिर लोगों के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है।

अब भारतीय सांकेतिक भाषा सिर्फ बधिरजनों की भाषा न होकर आमजन की भाषा भी होगी। इसलिए सामान्य लोगों को भी इस भाषा को सीख कर बधिर जनों से जुड़ना होगा, ताकि ये लोग भी संचार संबंधित सुविधाओं का लाभ उठा सकें। राज्यपाल दत्तात्रेय ने सांकेतिक भाषा के इंटरप्रेटर की सहायता से केंद्र के बच्चों से संवाद कर उनसे उनके भविष्य के विजन के बारे में भी संवाद किया। राज्यपाल ने इस दौरान गुरुग्राम केंद्र में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों से भी संवाद कर उनसे केंद्र में दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

# विधायक सुधीर सिंगला ने अर्जुन नगर में सुनीं समस्याएं समाधान के दिए निर्देश


गुरुग्राम के अर्जुन नगर में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अर्जुन नगर क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों समाधान के निर्देश दिये। विधायक ने भरोसा दिलाया कि समस्याओं का जल्द से जल्द हो जाएगा समाधान।

विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष लोगों ने सफाई समेत कई मुद्दे उठाए। विधायक ने सभी का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वस्थ का तरीका स्वच्छता है। हमें अपने आसपास गंदगी फैलने से रोकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कों पर संबंधित एजेंसियों द्वारा काम किया जा रहा है। बरसात में टूटी सड़कों पर पैच वर्क हो रहा है। सीवरेज की मशीनों से सफाई करवाई जा रही है। विधायक ने कहा कि हम ऐसे शहर में रहते हैं, जिसकी पूरी दुनिया में पहचान है। यहां की छवि को बेहतर बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कोई भी ऐसा काम हमें नहीं करना चाहिए, जो कि हमारे शहर की साख को खराब करे। गंदगी के लिए स्थान निर्धारित हो। इस दौरान सुमेर सिंह तंवर, सीमा पाहुजा, मनोज गर्ग, राहुल हसीजा, विनोद वर्मा, सुरेश, कमल, चुन्नीलाल, दिनेश शर्मा, प्रवीण बजाज, राजेंद्र, धीरज अदलखा, नंदलाल, ज्ञानेश्वर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्केट कमेटी का नोटिस अभियान रहा खानापूर्ति



**सोहना।** मार्केट कमेटी का अनाज मंडी परिसर में अनाज व सब्जी के अलावा अन्य कारोबारियों को दिए नोटिस देने अभियान खानापूर्ति बनकर रह गया। कमेटी प्रशासन पर अभियान को बीच में छोड़े जाने से सवालिया निशान लगने लगे है। मार्केट कमेटी ने सीएम विंडो कार्यकर्ता की शिकायत लगने पर अनाज मंडी परिसर में अनाज व सब्जी के अलावा अन्य गैरकानूनी कारोबार करने वालों को नोटिस दिए गए थे। अनाज मंडी परिसर में 24 के लगभग अनाज आढ़ती व 35 के लगभग सब्जी आढ़ती है। इसके अलावा किराना, दवा विक्रेता, लैब, क्लीनिक, खलबिनौला, सरसो की तेल मील, हलवाई का कारोबार, चाय बनाने वालों से लेकर मशाले, कपड़ा आदि बेचने वालों की रेहड़ियां लगी हुई है। जिसके कारण मंडी परिसर में अवैध कब्जों की भरमार हो रही है। छोटे दुकानदार से लेकर बडा कारोबार करने वालों में यहा के आम रास्ते, फ्ड व गंदे पानी के नाले पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची हुई है। मार्केट कमेटी ने करीब 20 गैरकानूनी कारोबार करने वालों को नोटिस दिए थे। शेष अन्य को भी नोटिस दिए जाने थे। मार्केट कमेटी प्रशासन का मात्र 20 गैरकानूनी कारोबारियों को नोटिस देने के बाद रुक जाना सवालियां निशान के घेरे में आ गया। इस अभियान को क्यो शुरु किया और फ्रि क्यो रोक दिया गया। अभियान बीच में रुक जाने से अवैध कब्जाधारियों से लेकर मार्केट कमेटी के नियम को तोड़कर अन्य कारोबार करने वालों के हौसले बढ़ावा मिला हैं जिस सीएम विंडो कार्यकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत वापिस ले ली थी। मार्केट कमेटी की तरफसे दुकानदारों को दो बार नोटिस जारी किए गए थे। **( प्रदीप शर्मा-सहायक अधिकारी मार्केट कमेटी )**

### कलात्मकता दिखाकर लखेरा समाज ने खुद को किया स्थापित


लखेरा स्नेह मिलन समारोह में बुजुर्गों को सम्मानित करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि लखेरा समाज ने खुद को स्थापित करने के लिए मेहनत बहुत की है। मेहनत के साथ ईमानदारी लखेरा समाज का गहना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल के सपने को लखेरा समाज पहले से पूरा करता आ रहा है। वे रविवार को सेक्टर-4 सामुदायिक केंद्र में द्वितीय लखेरा स्नेह मिलन समारोह में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लखेरा महासभा हरियाणा की जिला इकाई लखेरा महासभा गुरुग्राम की ओर से आयोजित किया गया। इस समारोह में गुरुग्राम लखेरा महासभा कार्यकारिणी सदस्य एवं लखेरा समाजसेवी मीर सिंह लखेरा चौहान संरक्षक, ओमप्रकाश चौहान लखेरा प्रधान, जगबीर सिंह लखेरा महासचिव, ओमप्रकाश लखेरा कोषाध्यक्ष, ईश्वर चंद लखेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीन लखेरा उपप्रधान, रामचंद्र मास्टरजी वरिष्ठ समाजसेवी, जितेंद्र लखेरा, दीपक लखेरा, देवेंद्र लखेरा, मदन लखेरा, मुकेश लखेरा, नसीब सिंह लखेरा, गुरदास लखेरा, राजेश राठौर लखेरा, चुन्नी लाल लखेरा, वीरेंद्र चौहान लखेरा समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। यहां लखेरा समाज ने अच्छी पहल करते हुए बुजुर्गों को सम्मानित किया। नवीन गोयल ने लखेरा समाज के पैरालंपिक खिलाड़ी योगेश कथूनिया का जिक्र करते हुए कहा कि योगेश ने पदक जीतकर विश्व में लखेरा समाज का नाम चमकाया है।

# जेआईआईपीए-पीएफटीआई बीच करार के साथ शुरू किया नया ऐतिहासिक अध्याय



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे।

### भारत-जापान सहयोग के लिए असीमित अवसरों का किया अनावरण

**गुरुग्राम।** प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) और जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन (जेआईआईपीए) ने भारत-जापान सहयोग का एक नया और ऐतिहासिक कार्यक्रम शुरू किया है। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे के दूरदर्शी नेतृत्व में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इसके माध्यम से पीएफटीआई के सदस्यों को लाभ पहुंचाने वाली परिवर्तनकारी पहलों और सहयोग के नए और सकारात्मक युग की शुरुआत होगी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत पीएफटीआई और जेआईआईपीए प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने की परंपरा के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान साझा आकांक्षाओं और सामूहिक सफलता के मार्ग के विषय पर प्रकाश डाला गया। पीएफटीआई के निदेशक डॉ. अंशुल ढींगरा ने कहा कि भारत और जापान एक साथ आते हैं तो हमारे समक्ष असीम संभावनाएं उपस्थित होती है। हमारी सांझा विरासत हमारी ताकत है और हमारा संयुक्त भविष्य चमकदार है। इससे जापान के साथ पीएफटीआई के सदस्यों को आगे बढ़ने के अनेक अवसर मिलेंगे। प्रशांत गोडघाटे द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई जिसमें विस्तार से बताया गया कि कैसे जेआईआईपीए जापान के साथ विस्तार और सहयोग में पीएफटीआई के सदस्यों का समर्थन कर सकता है। भारत और जापान के बीच सहयोग से संबंधित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और निदेशक आरएल शर्मा ने कहा कि अभी यह तो शुरुआत है आगे बहुत कुछ सकारात्मक होना बाकी है। कहा कि हमने जो कदम बढ़ाया है आगे चलकर उसका बड़ा ही सुखद और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे ने कहा कि आज हमने एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। आईए सुनिश्चित करें कि यह साझेदारी हमारे दोनों देशों को मजबूत और अधिक सफल बनाए।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में पीएफटीआई की टीम से पीके गुप्ता (अध्यक्ष, गुरुग्राम), राकेश बत्रा (महासचिव, गुरुग्राम), डीपी गौर (कोर कमेटी सदस्य), अमन गुप्ता (कोर कमेटी सदस्य), संजय कालरा (कोर कमेटी सदस्य), विनोद पाहिलजानी (कोर कमेटी सदस्य) और रमनदीप सिंह (कोर कमेटी सदस्य) ने जेआईआईपीए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मयूमी कोयामा और विक्रम मीणा निदेशक (जेआईपीए) रायो इजुमी (निदेशक, फैशन क्लॉथ फुरुशिमा), किलाकस मार्कस (अध्यक्ष, असाही प्रवास, जापान) और शंकर नोगुची (अध्यक्ष, स्पाइस लैब टोक्यो) उपस्थित रहे।

# बोधराज सीकरी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया आयुष्मान दिवस

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर की गई लोगों की जांच

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम में मौजूद बोधराज सीकरी व उनकी टीम के सदस्य।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत बोधराज सीकरी की अगुवाई में पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने आयुष्मान दिवस मनाया। इसमें महिला प्रकोष्ठ की संयोजिकाज्योत्सना बजाज ने शशि बजाज, आशा रानी, गीता, शशि बजाज, अलका शर्मा, ज्योति वर्मा, रचना बजाज के साथ मिलकर स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता कराई। विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में ज्ञान दिया।

आयुष्मान दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता नीलकंठ पाठशाला अंबेडकर नगर, द सैंडी अकेडमिक स्कूल बसई एनक्लेव, भगवती विद्या मंदिर मदनपुरी व मां-बेटी स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान फिरोज गांधी कालोनी में आयोजित किया गया। लगभग 300 बच्चों ने पेंटिंग में भाग लिया। डेरावाल भवन विजय पार्क प्रताप नगर में सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत मेदांता अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 350 जांच की गई। दवाइयां मैनकाइंड की ओर से दी गई। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महा संगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी, महा संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान व डेरावाल बिरादरी गुरुग्राम के मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश कथूरिया, डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी वा उनकी टीम द्वारा सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, सुभाष अदलखा, सुभाष गांधी, रमेश कामरा सुभाष नागपाल, अनिल कुमार, रवि मनोचा, उमेश ग्रोवर, हेमंत मोंगिया, भारत भूषण आर्य, राज कुमार कथूरिया, सुखदेव, लेख राज चावला, नरेश चावला, रमेश कुमार, हरीश शर्मा, तिलक राज बांगा, अशोक आर्य, ज्योत्सना बजाज, सुषमा आर्य, शशि बजाज, रीता रानी, रजनी, सीमा कपूर, रचना बजाज उपस्थित रहे।

# पीएम, सीएम पर टिप्पणी के विरोध में गुस्साए भाजपाई, फूंका उदयभान का पुतला

### अग्रवाल धर्मशाला चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

### कांग्रेस नेतृत्व से माफी मांगने की भाजपाईयों ने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर कथित टिप्पणी करने के विरोध में रविवार को गुरुग्राम में भाजपाईयों का गुस्सा उबाल पर रहा। उन्होंने अग्रवाल धर्मशाला चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला भी फूंका। साथ ही कांग्रेस नेतृत्व से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से माफी मांग की भी बात कही। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के विवादित बयान के बाद हरियाणा भाजपा भड़की गई। रविवार दोपहर बाद कार्यकर्ता अग्रवाल धर्मशाला चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंकने के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान भाजपाईयों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं, इसलिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में उदयभान के बयान से काफी रोष नजर आया। कार्यकर्ताओं ने पहले भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए और फिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयानों की जमकर निंदा करते हुए उनके पुतले को आग लगाई। नेताओं ने प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर उदयभान द्वारा की गई टिप्पणी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। बीजेपी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निंदनीय टिप्पणी की है। कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। कांग्रेस परिवारवाद में डूबी पार्टी है और परिवारवाद की मानसिकता के गुलाम लोग नहीं समझ पाएंगे कि देश के 140 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री और हरियाणा के पौने तीन करोड़ लोगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपना परिवार मानते हैं।

# निर्जन सीमा क्षेत्रों में राष्ट्रप्रेमी नागरिकों को बसाये सरकार: लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी


गुरुग्राम विवि में आयोजित व्याख्यान में बोलते लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) विष्णुकांत चतुर्वेदी।

### गुरुग्राम विवि में जीवंत गांवः सीमा सुरक्षा में क्रांति विषय पर व्याख्यान में कही यह बात

**गुरुग्राम।** परिवार व प्रदेश की सुरक्षा व्यक्ति, समाज से तथा इससे आगे देश की सुरक्षा बॉर्डर पर मौजूद जीवंत गांवों की बसावट से भी जुड़ी हुई है।

देश की सीमाओं की सुरक्षा कवच के रूप में सीमावर्ती गांवों में रहने वाले सजग नागरिक हैं, जो बॉर्डर पर होने वाली किसी भी असामान्य गतिविधियों पर नजर रखते हैं। जरूरी सूचनाएं सुरक्षा एजेंसियों व सेना को देते हैं। यह बात लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) विष्णुकांत चतुर्वेदी ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सीमा जागरण मंच की ओर से जीवंत गांव: सीमा सुरक्षा में क्रांति विषय पर व्याख्यान में कही। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा बीजेपी उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने की। समारोह का उद्घाटन गुरुग्राम विवि के मीडिया स्टडी के डीन प्रो. राकेश जोगी ने किया। मंच का संचालन सीमा जागरण मंच के गुरुग्राम विभाग के सह-संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने की। पूर्वोत्तर के सीमार्वर्ती राज्यों सहित जम्मू-कश्मीर, लद्दाख बॉर्डर पर सक्रिय सैन्य सेवा के दौरान अपने जीवन के चार दशक गुजार चुके लेफ्टिनेंट जनरल चतुर्वेदी ने व्याख्यान के दौरान अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि सीमा पर मौजूद गांवों की जीवंतता यानी वहां रह रहे नागरिकों की क्षमता सुरक्षा की गारंटी है। बॉर्डर पर घुसपैठ, तस्करी, अवैध हथियारों का आदान-प्रदान, ड्रग्स सप्लाई और सीमावर्ती देशों की सेना, सुरक्षाबलों की हलचलों पर वहां के निवासी नजर रखते हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल में पाक सैनिकों की घुसपैठ व बॉर्डर पर कुछ असामान्य हलचल की जानकारी वहां के चरवाहों ने ही दी थी। अपने संबोधन में जीएल शर्मा ने जनरल चतुर्वेदी के विचारों से स्वयं को जोड़ते हुए कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रहरी के तौर पर हर एक उपाय कर रही है, जिससे हमारी सीमाएं सुरक्षित रहें और सीमावर्ती गांवों के निवासी सजग व संपन्न हों। उन्होंने मौके पर मौजूद विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि राष्ट्र की संबलता सबल नागरिकों से है और आप देश के भविष्य हैं। समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल एस. लांबा, कर्नल प्रदीप भल्ला, कर्नल शेर सिंह यादव, गिरीराज शर्मा, विकास सिंह चंदेल, रामचंद्र सिंह, डॉ. रश्मि अग्रवाल, प्रो. अमित सिंह, इंजीनियर रवि सिंह, प्रदीप कुमार और बड़ी संख्या में गुरुग्राम विवि व दिल्ली विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सोहना में राष्ट्रीय मार्ग के साथ सर्विस रोड निर्माण की गति में आई तेजी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में राष्ट्रीय मार्ग के साथ सर्विस रोड पर चलता निर्माण कार्य।

**शहर** के गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ-साथ सर्विस रोड़ के सौंदर्यीकरण कार्य की गति तेज हो गई है। सौंदर्यीकरण का कार्य दमदमा चौक से जिला नूंह की सीमा से लगता गांव रायपुर तक किया जाएगा। शहर की सड़कों का सौंदर्यीकरण की सूची में सबसे पहला मार्ग गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 284ए पर करीब तीन किलोमीटर तक होना है।

इस मार्ग पर करीब 4 माह पहले सौंदर्यीकरण का कार्य शुरु हुआ था। लेकिन बीच में कार्य की गति धीमी हो जाने और 31 जुलाई को शहर में हिंसात्मक घटना घटित से प्रभावित हो गया था। जिससे सौंदर्यीकरण कार्य की गति को रोक देना पड़ा था। लेकिन फ्रि एक बार सर्विस रोड़ निर्माण के कार्य ने गति पकड़ी है। अंबेडकर बाईपास चौक से गुरुग्राम जाने वाले मार्ग के दमदमा चौक तक मार्ग के दोनों कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ राष्ट्रीय मार्ग के बीच में बना डिवाइडर को पट्टी को भी मिट्टी डालकर पहले से मजबूत किया जा रहा है।

**सर्विस रोड़ से हटेंगे अवैध कब्जे :** करीब तीन किलोमीटर लंबे सर्विस रोड़ पर मोटर मैकेनिक से लेकर वर्कर्स शॉप, दुकान, गोदाम, रेहड़ी-खोखा धारकों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड़ के साथ-साथ भवन निर्माण सामग्री बेचने वालों ने भी अवैध कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी हुई है।

> सर्विस रोड़ के साथ-साथ राष्ट्रीय मार्ग का भी सौंदर्यीकरण होगा। जिससे यह मार्ग शहर का सबसे साफ-सुन्दर मार्ग बनेगा। सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
> **( अजीत सिंह-एसडीओ बीएंडआर )**

सर्विस रोड़ व राष्ट्रीय मार्ग के बीच में सुरक्षा पट्टी बनने से अवैध कब्जा करने का स्थान ही नहीं मिलेगा।

# गुरुग्राम पुलिस ने पकड़ा बुलेट गैंग, राह चलते लोगों से छीनते थे सोने की चेन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया बुलेट गैंग, पत्रकारों को जानकारी देते एसीपी क्राइम वरुण दहिया।

**गुरुग्राम** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो राहगिरों से सोने की चेन छीनकर, लूटकर फरार हो जाता था। चेन लूटने की घटनाओं में गैंग के सदस्य बुलेट बाइक का इस्तेमाल करते थे। से बुलेट गैंग के नाम से मशहूर थे। पुलिस ने लूट के दो आरोपियों समेत उस सुनार को भी गिरफ्तार किया है, जो उनसे लूट की चेन खरीदता था। सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की ओर से गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी अपनी नशे की पूर्ति पूरी करने के लिए चेन लूटने की घटनाओं को अंजाम देते थे।

एसीपी क्राइम वरुण दहिया के मुताबिक पुलिस काफी समय से चेन लूटने के गैंग के पीछे लगी थी। ईस्ट और वैस्ट जोन में पिछले दो महीने में चेन लूटने की कई वारदातें हुई। ऐसे में पुलिस की गैंग पर नजर थी। पकड़े गए आरोपियों में उत्तराखंड के नैनीताल का रहने वाले शुभम गैंग का मुखिया है। उसका एक साथी अजय निवासी बिहार भी है। आरोपियों से पूछताछ में छह चेन लूट की घटनाओं का खुलासा हो गया है। उनसे पूछताछ जारी है। आरोपियों से 1 लाख 27 हजार 500 रुपये नकदी बरामद करने के साथ उनकी निशानदेही पर उस सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जो इनसे सोने की चेन खरीदकर उन्हें पिघलाकर आकार बदल देते था। आरोपी सुनार का नाम मनोज कुमार निवासी खुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल है। वह छह महीने से गुरुग्राम के चकरपुर क्षेत्र में रह रहा है।

वह चेन लूटने वाले आरोपियों के संपर्क में काफी समय से है। वे इसे चेन बेचते थे और कैश ले लेते थे। एसीपी वरुण दहिया ने बताया कि अगस्त, सितम्बर माह में चेन लूटने की 22 वारदातें हुई। बुलेट गैंग सुबह के समय काफी वारदातें करता था। जब लोग घूमने निकलते या कहीं जाते तो गैंग के सदस्य बुलेट पर आते और चेन छीनकर ले जाते। चेन छीनने के आरोपी अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ऐसी वारदातों को अंजाम देते थे।

# रन फोर स्वच्छता कार्यक्रम में छात्रों ने दिया सफाई का संदेश

## जिला विकास व पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने दिखाई हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**स्वच्छता** ही सेवा है के उद्घोष के साथ छात्रों ने रविवार को स्वच्छता रैली का आयोजन कर आम जनमानस को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला परिषद पलवल के सौजन्य से आयोजित की गई।

इस स्वच्छता रैली को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वच्छता रैली नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से प्रारंभ होकर आगरा चौक, मीनार गेट, ट्रैक्टर मार्केट, रसूलपुर चौक, आगरा चौक होते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में ही संपन्न हुई।

स्वच्छता रैली के दौरान छात्रों ने आमजन को स्वच्छता पखवाड़े से जुड़कर अपने घर व आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी




उपमा अरोड़ा ने कहा कि 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता-स्वस्थ-समृद्धि की ओर स्वच्छता का एक कदम आगे बढ़ाकर ही हम जिला पलवल को कचरा मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक जनमानस को जीवित रहने के लिए भोजन-पानी की आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार स्वच्छता भी हमारे लिए अत्यंत जरूरी है। हमारे शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए स्वच्छता का बहुत महत्व है।

आमजन स्वच्छता को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता ही सेवा रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सबको अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना होगा, तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों के स्वच्छ भारत का निर्माण संभव है। प्रत्येक आमजन मानस मूलभूत आवश्यकताओं की भांति स्वच्छता को भी अपने जीवन में जरूर अपनाएं।

इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, सहायक परियोजना अधिकारी चेतराम, खंड समन्वयक सुनील, कैलाश, प्रवीन, राजेंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बारहवीं के छात्र की मौत, दो साथी घायल

## चालक ट्रैक्टर को छोड़कर हुआ फरार मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**बाइक** व ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र व उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात को अस्पताल में 12वीं के छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने मृतक छात्र के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, टहरकी गांव निवासी नरेश ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 17 वर्षीय बेटा विनोद शहर के एक निजी



स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ाई करता था। विनोद अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। विनोद 23 सितंबर को दोपहर बाद स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल से अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव टहरकी के लिए जा रहा था। उनकी बाइक सोहना रोड पर मूर्ति अस्पताल के पास पहुंची, तभी सामने से एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से बाइक व उस पर सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिरे। विनोद के सिर में गंभीर चोटें लगीं।

मौके पर लोग एकत्रित हो गए और इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर ड्राइवर फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। लेकिन वहां से विनोद की हालत नाजुक देखते हुए नागरिक अस्पताल ले जाने की बात कही।

इसी दौरान उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और विनोद को तुरंत नागरिक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथियों टहरकी गांव निवासी यशदेव व पृथला गांव निवासी सागर को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप कर ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# बच्चे के ऊपर गिरा निर्माणाधीन फ्लाईओवर का स्लीपर

## रीढ़ की हड्डी टूटी शरीर का आधा हिस्सा नहीं कर रहा काम



**पलवल।** रसूलपुर रेलवे फ्लाई ओवर की स्लीपर अचानक से गिर गई। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक बच्चा इसकी चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, हरि नगर निवासी अजीपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उनके घर के रास्ते में रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। फरीदाबाद निवासी कंवरजीत सिंह जो पुल निर्माण कार्य का ठेकेदार है, वह नियमों को ताक पर रखकर कार्य करा रहा है। अजीपाल ने कहा कि इन दिनों वह बीमार चल रहा है। अपने 10 वर्षीय बेटा रवि के साथ वह रिया मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहा था।

दोनों पिता-पुत्र निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के साथ बनी सड़क से गुजर रहे थे। उसका बेटा उससे कुछ आगे चल रहा था। उसी दौरान पुल को बनाने वाली साइड में मसाले की खड़ी की गई स्लीपर अचानक उसके बेटे पर गिर पड़ी। इससे उसे गंभीर चोटें आई। घायल रवि को तुरंत निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल ले जाने को कहा। उसके बेटे को रीढ़ की हड्डी व पसलियों में फ्रेक्चर है। पेट के नीचे का हिस्सा भी काम नहीं कर रहा। उसका बेटा अब जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्टर 21-ए में गजानन विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए के मैत्री ब्लॉक में श्री गणपती विसर्जन कार्यक्रम ढोल नगाड़े की थाप, नाच गान के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। सेक्टर 21-डी स्थित समन्वय मंदिर के प्रधान पुजारी रामाशीष शास्त्री ने आरती, मंत्र, श्लोकों के साथ विसर्जन विधि विधान से करवाया तथा यजमान मंजिंदर सैनी, संदीप सैनी, डॉ. उर्वि सैनी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। गणपती बप्पा मोरिया, अगले बरस तू फिरसे आ की गूंज, विनायक की जय जयकार एवं ठुमकों की धमक से वातावरण आनंदित हो गया। इस मौके पर श्याम सुंदर, डॉ. उर्वि सैनी, मधू कालड़ा, नीतू, वंदना, शशि शर्मा, दीपा आनंद, अमिता सिंह, रुचि गुप्ता, रितेश, युगल किशोर शर्मा, श्रवण सिंह चौधरी, मनोज मधुकर, प्रभात कुमार, हिमांशु मोहंती, चंद्र कांत, जुगल श्रीवास्तव, सुदीप गर्ग, अमरजीत सिंह लाकरा आदि मौजूद रहे।

### कृष्णपाल गुर्जर जनसंवाद कार्यक्रमों में सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**पलवल।** विधानसभा क्षेत्र होडल के गांवों में 25 सितंबर को जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसमें केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर गांवों में आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानकर उनका मौके पर ही समाधान करेंगे। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री 25 सितंबर को होडल विधानसभा क्षेत्र के खंड होडल के गांव दीघोट में सुबह 11 बजे तथा खंड हसनपुर के गांव पिंगोड में दोपहर 12.30 बजे, गांव मीरपुर कोराली में दोपहर दो बजे तथा गांव सहनोली में दोपहर 3.30 बजे और गांव भेंडौली में शाम पांच बजे जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। डीसी ने इन जनसंवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी होडल व हसनपुर मे संवाद स्थल का चयन व सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे।

### हथियार के बल पर नकदी लूटी, अपहरण का प्रयास

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना इलाके की आदर्श कॉलोनी में कार सवार बदमाश एक घर में घुस गए और दो युवकों को हथियार के बल पर लूट लिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवकों को पिस्टल दिखाकर अपहरण करने का प्रयास किया। एसजीएम नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया मकान में विवेक नाम का युवक किराए पर रहता है। रात करीब 12 बजे एक कार उसके कमरे के बाहर आकर रूकी। कार से चार से ज्यादा लोग उतरे और विवेक के कमरे में घुसकर पिस्तौल तान दी। विवेक को आरोपी हथियार के बल पर कार में बिठा रहे थे। ये देखकर रोनी ने विवेक को बचाने के लिए बीच में आना चाहा। इसपर बदमाशों ने उसे भी बंधक बनाने का प्रयास किया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर कॉलोनी व आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बदमाश विवेक से छह हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भी गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### एनजीएफ डिग्री कॉलेज में स्वयंसेवकों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** एनजीएफ डिग्री कॉलेज में एनएसएस दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस की इकाई ने पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सामाजिक विषयों पर आयोजित प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने बताया कि कॉलेज समय-समय पर विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका तथा जिम्मेदारी से संबंधित कार्य कराता रहता है। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. शरद कौशिक, डीन डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. प्रिया, हरिचंद, योगिता शर्मा के अलावा अन्य अध्यापक मौजूद थे। रेडियो की निदेशक दीप्ति शाह ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अनेक तरह के कार्य जैसे नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा, पोषण से संबंधित जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं।

### किशोर से अश्लील हरकत कर जान से मारने की धमकी

**पलवल।** किशोर के साथ अश्लील हरकतें कर उसे इतना डरा दिया कि आरोपी का नाम लेते ही बेहोश हो जाता है। पुलिस ने किशोर के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, भवनकुंड चौकी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि वह मकान की चिनाई करा रहा है। उसके दो बेटे एक 12 वर्ष व दूसरा 10 वर्ष दोनों वहीं रहते हैं। आरोप है कि उनके मकान पर चिनाई का कार्य कर रहे मजदूर पातली खुर्द गांव निवासी कल्याण बच्चों के साथ अश्लील हरकतें करता है। किसी को बताने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रखी है। अश्लील हरकत करने व जान से मारने की धमकी देने से 12 वर्षीय बेटा बुरी तरह डरा हुआ है। हालत ये है कि यदि आरोपी कल्याण का नाम भी ले देते हैं तो वह बेहोश हो जाता है। जिसके बारे में जब उसने अपने दोनों बच्चों से प्यार से पूछा तो छोटे बेटे ने सारी बात उन्हें बताई। शिकायत में कहा है कि आरोपी की हरकत की वजह से आज उसका बेटा न जिंदा है और न मरा है। डरा-डरा सा रहता है और कई बार बेहोश हो जाता है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शहीद स्मारक स्थलों की मिट्टी एकत्रित की



**पलवल।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीदों के स्मारक स्थलों से शहीद समशेर सिंह भुलवाना, शहीद राजवीर सिंह गढ़ी पट्टी, शहीद महीलाल, बीरबल, दीपचंद, कृष्ण कुमार बनचारी से मिट्टी एकत्रित की गई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान ने बताया कि दिल्ली में अमृत वाटिका में शहीदों की मिट्टी को यादगार के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। इस पावन अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद होडल जगमोहन गोयल, भाजपा नेता मोनू कालरा, होडल मंडल अध्यक्ष प्रेम राज, अजय जाखड़, सेवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशा भारद्वाज, मंडल महामंत्री त्रिलोक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सीआईए ने तीन शातिर चोरों पर कसा शिकंजा

## छह पलवल व एक रेवाड़ी की वारदातों का भंडाफोड़ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एडिशनल** एसपी जसलीन कौर ने पलवल पुलिस को मिली कामयाबी का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला के दिशा निर्देश अनुरूप जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

इसी कड़ी में पलवल की अपराध जांच शाखा पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पलवल की अपराध जांच शाखा



प्रभारी मोहम्मद इलियास खान की टीम मितरोल गांव में गश्त पर मौजूद थी। तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई की तीन शातिर चोर जोकि बाइक आदि चोरी करने का कार्य करते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देने की फराक में गांव मितरोल के अड्डे पर खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर हेड कांस्टेबल अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मीतरोल गांव निवासी अजयपाल, पवन, धर्मेंद्र के रूप में हुई। जिन्होंने वर्ष 2022 की तीन एवं 2023 की चार चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया।

इन वारदातों में थाना कैंप पलवल क्षेत्र से दो वारदात मोटरसाइकिल चोरी, एक शहर पलवल क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी, एक होडल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी तथा दो वारदात थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत स्कूल से कंप्यूटर उपकरण एवं पानी मोटर चोरी की तथा एक वारदात जिला रेवाड़ी के थाना कोसली अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद टीम ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों के कब्जे से टीम ने चोरी की हुई पांच बाइक को बरामद किया है।

साथ ही एक सरकारी स्कूल से चोरी की हुई एलसीडी कंप्यूटर को भी बरामद किया है। आरोपियों को अदालत में पेशर कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एडवांस कॉलेज के छात्रों ने कंपनी का शैक्षणिक भ्रमण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एडवांस्ड** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने छात्रों के लिए एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। इंस्टीट्यूट के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल के तत्वावधान में छात्रों ने फरीदाबाद सेक्टर-59 स्थित बोहरा रबर प्राइवेट लिमिटेड की यात्रा की। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बीबीए और एमबीए कार्यक्रम के लगभग 40 छात्र इस औद्योगिक यात्रा का हिस्सा बने।

यात्रा प्रस्थान के दौरान इंस्टीट्यूट के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने संबोधित किया कि इस यात्रा के आयोजन का मुख्य कारण



अनुभवात्मक शिक्षा का प्रचार प्रसार करना है। जिसके लिए इंस्टीट्यूट पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। तत्पश्चात संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. आरआर पांडेय ने विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में अधिगम के लिए प्रेरित करते हुए रवाना किया। छात्रों के फैक्ट्री पहुंचने पर वहां के उप प्रबंधक नितिन भारद्वाज व अन्य स्टाफ सदस्यों ने बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया तथा छात्रों को फैक्ट्री के भ्रमण करवाने के लिए उन्हें तीन समूहों में विभाजित किया। प्रत्येक समूह में फैक्ट्री के कुछ विशेषज्ञ सदस्यों को नियुक्त किया जिन्होंने समूची फैक्ट्री का दिग्दर्शन कराया तथा विभिन्न पहलुओं और तकनीकियों से अवगत कराया। इस दौरान फैक्ट्री के उप प्रबंधक नितिन भारद्वाज तथा सीनियर इंजीनियर अंकित शर्मा ने छात्रों को व्यवस्था पद्धति, उत्पादन प्रक्रिया की नीतियों तथा उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में बरतने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में अपने अनुभव सांझा किये तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के अंत में यात्रा पर गए हुए समस्त छात्रों व अध्यापकों ने इंस्टीट्यूट की तरफ से इस बेहतर सहयोग के लिए बोहरा रबर उद्योग का धन्यवाद किया।

# शहीद दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया

**पलवल।** शहीद दिवस के अवसर पर शहीद रामबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया विद्यालय प्रधानाचार्य दीपिका के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा शहीदों की याद में पौधारोपण किया है तथा पौधों को गोद लेकर उनके संरक्षण का प्रण भी लिया है। इस अवसर पर पीपल, बरगद, नीम, त्रिवेणी के साथ-साथ विभिन्न



छायादार पौधों का रोपण किया है। सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए दीपिका ने कहा कि शहीदों की याद में पौधारोपण जैसा पुनीत कार्य सराहनीय कदम है। शहीद तथा वृक्ष सर्व समाज की धरोहर हैं। इस अवसर पर राम गोपाल, राजकुमार, जोगिंदर पोसवाल, समय सिंह, मानसिंह, रामेश्वर पीटीआई आदि मौजूद थे।

# रक्तदान से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बचती हैं जिंदगियां : देवेंद्र चौधरी

## पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रक्तदान** महादान होने के साथ जीवनदान है, रक्तदान शिविरों के माध्यम से हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिंदगियों को बचाने का कार्य करते हैं। रक्तदान के फायदे और मानवता के लिये इसकी आवश्यकता के विषय में अधिक से अधिक लोग जागरूक हों इसके लिए लगातार रक्तदान शिविरों के आयोजन होने चाहिएं। युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

भाजपा स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी ने रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर यह कहा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न रचनात्मक व सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा की इस कड़ी में मानवता के सेवार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन ईएसईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पातल फरीदाबाद के सहयोग से ग्रेटर फरीदाबाद में किया गया।

इस रक्तदान शिविर के आयोजन में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन विनोद चौधरी, संजय शर्मा और




भाजपा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर पंडित धर्मबीर शर्मा, डॉक्टर विशन दत्त शर्मा, पंडित कलक्टर, संजय शर्मा, राजपाल शर्मा, पंडित किशन शर्मा, सचिन वकील, योगेंद्र वजीरपुर, प्रदीप गौड़, मनोरंजन गौड़, मुकेश कौशिक, हामिद खान, वीरे चौहान, पोली बिधुरी, मंगल सरदार आदि उस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। देवेंद्र चौधरी ने इस अवसर पर सभी स्वास्थ्यकर्मियों और रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

देवेंद्र चौधरी ने कहा कि जिस जरूरतमंद व्यक्ति को आपके द्वारा दिया गया रक्त मिल जाता है तो उसका जीवन बच जाता है। इससे न केवल मानवता का भला होता है, बल्कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को परम पुण्य का लाभ भी मिलता है। रक्तदान के कुछ अन्य फायदे भी हैं। रक्तदान करने वाले व्यक्ति का ब्लड प्रेशर और वजन कंट्रोल में रहता है, जिससे हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है, साथ ही उस व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। अत: मानव हित में आगे आकर समय समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए।

# सभी वर्गों के छात्रों को दी जाएगी छात्रवृति : नेहा सिंह

## विद्यार्थी 31 जनवरी 2024 तक सरल पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अनुसूचित** जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत संशोधन किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जनजाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को दसवीं कक्षा उपरांत छात्रवृति प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग ने डॉ. भीमराव



अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए सभी जातियों अथवा वर्गों के विद्यार्थियों से 31 जनवरी 2024 तक सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि डॉ. अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्र योजना शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु एवं पिछड़े वर्ग तथा अन्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा रखने के लिए तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितम्बर, 2023



## पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

### आईएमएफ की सलाह


**पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था** की बदहाली को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ ने उसे अमीरों पर टैक्स लगाने तथा गरीबों को बचाने की सलाह दी है। लेकिन इसका क्रियान्वयन आसान नहीं होगा। पाकिस्तान की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था इतनी बुरी स्थिति में पहुंच गई है कि आईएमएफ जैसे बाहरी विशेषज्ञों के सहायक व तार्किक दिशानिर्देश भी लागू करना उसके लिए आसान नहीं है। हाल ही में आईएमएफ प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जिर्योजियेवा ने पाकिस्तान को सलाह दी कि देश का आर्थिक संकट दूर करने के लिए वह अमीरों पर टैक्स बढ़ाए तथा गरीबों का बचाव करे। मुद्रासंकट का सामना कर रहे देश ने आईएमएफ से जुलाई में 'बेलआउट' की मांग की थी। वह दहाई अंक में मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है तथा वहां अनेक ढांचागत मुद्दों का तत्काल समाधान जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में बैठक के समय क्रिस्टलीना की मुलाकात कार्यकारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से हुई जिससे पाकिस्तान के सामने मौजूद अनेक गंभीर आर्थिक मुद्दे उजागर हुए। क्रिस्टलीना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को अमीरों से ज्यादा टैक्स वसूलने के साथ ही देश की संकटग्रस्त जनसंख्या की सहायता करनी चाहिए। आईएमएफ पाकिस्तान में आर्थिक सुधारों की पैरवी करता रहा है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति से कराह रही है जो आईएमएफ द्वारा दिए 3 बिलियन डालर बेलआउट पैकेज के साथ जुड़ी शर्तों से और संकटग्रस्त हो गई है। इस बीच आम जनसंख्या के लिए स्थिति बद से बदतर हुई है। बिजली और पेट्रोल कीमतों में भारी वृद्धि के कारण पिछले महीने मुद्रास्फीति असाधारण रूप से 27.4 प्रतिशत पहुंच गई थी जिससे नागरिकों पर बहुत भारी बोझ पड़ रहा है।



आईएमएफ के बेलआउट से आर्थिक स्थायित्व व प्रगति के वादे का अभी बहुसंख्य पाकिस्तानियों के लिए कोई अर्थ नहीं है। आईएमएफ ने राजस्व संग्रह तथा समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त हिस्सों को बचाने की बात कही है जो उसके संतुलित दृष्टिकोण का महत्व स्पष्ट करता है। लेकिन विडंबना है कि इस बेलआउट या इसके पहले के बेलआउट से कुछ भी नहीं बदला है। आम पाकिस्तानी लगातार परेशानियों का सामना कर रहा है, जबकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग व खासकर सेना विशेषाधिकारों का आनन्द ले रहे हैं। ये कदम न केवल राजकोषीय स्थिरता, बल्कि गंभीर आर्थिक संकटों का सामना कर रहे देश में सामाजिक एकजुटता बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। आईएमएफ ने 3 मिलियन डालर बेलआउट पैकेज मंजूर किया है जो देश को कर्ज अदायगी के संकट से बचाने के लिए जरूरी है। फिलहाल इससे भले ही संकट टल गया हो, पर यह पाकिस्तानी व्यवस्था में गहराई तक व्याप्त है। उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगी होने के लिए उद्योग-व्यापार को अद्यतन बनाने पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन वह 10 सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण जैसे मामूली कदम उठा रहा है। हालांकि, यह कदम घाटे में चल रहे राज्य स्वामित्व वाले उद्योगों के लिए आईएमएफ की सलाह के अनुसार है, पर यह स्थाई समाधान नहीं है। पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को ऐसे ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है जो बिजनेस परिवेश बेहतर बना सकें। आईएमएफ की सलाह लागू करना आसान नहीं है क्योंकि पाकिस्तानी विशिष्ट वर्ग जनवरी के अंत में होने वाले आम चुनाव के पहले इसका भारी विरोध करेगा। अल्पकालीन रूप से ऐसे कदम पाकिस्तान को डूबने से बचा सकते हैं, पर आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण है क्योंकि पाकिस्तान का राज्य के रूप में अस्तित्व इस पर निर्भर होगा।

# निज्जर की हत्या के जिम्मेदार?

## खालिस्तान-समर्थक निज्जर की हत्या के बाद भारत-कनाडा संबंध खराब हो रहे हैं। क्या इसके पीछे खालिस्तानियों के आंतरिक मतभेद हैं?



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है। कनाडा में 18 जून, 2023 को निज्जर की हत्या हो गई थी। कहा जाता है कि ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों पर ये आरोप उनको उपलब्ध खुफिया सूचनाओं के आधार पर लगाए हैं। हालांकि, अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने इन कथित 'खुफिया सूचनाओं' पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि वे कितनी विश्वसनीय हैं। इस बारे में कोई अंतिम निर्णय उस समय तक नहीं दिया जा सकता है, जब तक निज्जर की हत्या से जुड़े सबूतों को सार्वजनिक नहीं किया जाता है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अचानक जल्दबाजी में व राजनीतिक कारणों से यह आरोप लगाया है। हालांकि, कनाडा की खुफिया व सुरक्षा अवस्थापना की प्रभावशीलता व विश्वसनीयता पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। कनाडा की धरती से अब तक हुई सबसे बड़ी आतंकी घटना एयर इंडिया के बोइंग 747 विमान 'इम्परर कनिष्क' में उड़ान के दौरान हुआ विस्फोट था। एयर इंडिया की यह उड़ान मांट्रियल होकर कनाडा के टोरंटो से मुंबई जा रही थी। 23 जून, 1985 को इस विमान में सवार सभी 329 यात्री व विमान के कर्मचारी उड़ान के दौरान हुए भयानक विस्फोट में मारे गए थे और केवल 131 लाशें ही बरामद हो सकी थीं।

एयर इंडिया के इस विमान में विस्फोट के पीछे खालिस्तान आतंकियों का हाथ था। लेकिन समय पर विमान में विस्फोट की आशंका की समुचित जांच न करने के कारण कनाडा सरकार की लापरवाही, उसकी खुफिया व्यवस्था की विफलता, समय पर कार्रवाई न करना तथा कनाडाई अधिकारियों की ओर से सुरक्षा व्यवस्थाओं में व्याप्त लापरवाही भी इसका प्रमुख कारण थी। विस्फोट के काफी पहले से ही यह भय व्याप्त था कि कनाडा में खालिस्तानी आतंकी किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं। भारत के इंटेलीजेंस ब्यूरो ने 1 जून, 1985 को एयर इंडिया के प्रबंधन तथा कनाडाई अधिकारियों को एक टेलेक्स संदेश भेज कर कहा था कि वे विमान पर सिख आतंकियों के संभावित हमले को रोकने के लिए समुचित सुरक्षा उपाय करें। उस समय 'रायल कनाडियन माउंटेड पुलिस'-आरसीएमपी के एक अधिकारी ने कनाडा के इंटेलीजेंस ब्यूरो के प्रमुख जेम्स बार्टलमैन का ध्यान एक अत्यधिक गोपनीय संदेश की ओर आकर्षित किया था जो 'कम्युनीकेशन्स सिक्यूरिटी इस्टैब्लिशमेंट'-सीएसई को प्राप्त हुआ था। इस दस्तावेज में कहा गया था कि सिख अतिवादी एयर इंडिया 182 उड़ान को निशाना बना सकते हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि जेम्स बार्टलमैन ने इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

आरसीएमपी के अधिकारी से कहा गया कि अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। लेकिन इस अत्यधिक महत्वपूर्ण गोपनीय सूचना के बावजूद कनाडा में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई और लापरवाही बनी रही। आश्चर्य की बात है कि उस समय सभी कनाडाई हवाईअड्डों से सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'स्निफर डाग', यानी विस्फोटकों या नशीले पदार्थों का सूंध कर पता लगाने वाले कुत्ते भी गायब थे क्योंकि उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इसके साथ ही एयर इंडिया विमान की उड़ान वाले दिन टोरंटो के पियरसन हवाईअड्डे पर एक्सरे स्क्रीन भी 'काम नहीं कर रहे' थे।

एयर इंडिया के विमान इम्परर कनिष्क में बम विस्फोट के कुछ दिनों पहले ही पता चला था कि आतंकी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल-बीकेआई का संस्थापक और नेता तलविंदर सिंह परमार ने एक जंगल में विस्फोटकों का परीक्षण किया था। उस समय कनाडाई खुफिया विभाग इस आतंकी के बारे में जानकारियां जुटा रहा था और उसकी लगातार निगरानी कर रहा था। लेकिन खुफिया विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस सूचना पर भी समुचित ध्यान नहीं दिया और उसे 'गनशाट' या बंदूक की आवाज बता दिया। बताया जाता है कि इसी आतंकी तलविंदर सिंह परमान ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्टीफेन हार्पर ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए 2006 में एक आयोग का गठन किया था।

देश के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर की अध्यक्षता में इस आयोग ने पूरे मामले की गहराई से जांच कर अपनी रिपोर्ट 2010 में पेश की थी। जान मेजर ने कनाडाई अधिकारियों की अनेक भयानक गलतियों और अनेक सुरक्षा विफलताओं का उल्लेख किया था जिसके कारण विमान में बम धमाका संभव हो सका। रिपोर्ट के अनुसार, आरसीएमपी व कनाडाई सुरक्षा इंटेलीजेंस सर्विस-सीएसआईएस के पास ऐसी अनेक महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध थीं जिनको एकसाथ रख कर देखा जाना चाहिए था।

रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि ऐसा किया जाता तो 'एक सक्षम विश्लेषक यह नतीजा निकाल सकता था कि जून 1985 में ज्ञात सिख आतंकवादियों द्वारा एयर इंडिया की उड़ान 182 में बम धमाका करने की पूरी संभावना है।' लेकिन कनाडा की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी के कारण इन महत्वपूर्ण सूचनाओं पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर की अध्यक्षता में गठित इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सुरक्षा कमियों को 'क्षमा योग्य नहीं' माना था और उसने तत्कालीन कनाडाई सुरक्षा व्यवस्थाओं को 'पूर्णत: अक्षम' कहा था। विडंबना है कि इस भयानक विस्फोट के बाद भी कनाडा के अधिकारियों ने इस भयानक व जघन्य हत्याकांड के मामले पर गंभीर दु:ख भी नहीं जताया।

उन्होंने विस्फोट के पीड़ित परिवारों से भी संपर्क नहीं किया, जबकि उनको कम से कम ऐसा करना चाहिए था। इस मामले में जांच करने वालों ने भी भयानक संवेदनहीनता का परिचय दिया जिससे जनता का उनके प्रति गुस्सा होना स्वाभाविक है। जांचकर्ताओं की लापरवाही इस तथ्य से स्पष्ट होती है कि 300 से अधिक लोगों की जान लेने वाले एयर इंडिया विमान में विस्फोट के लिए केवल एक व्यक्ति इंदरजीत सिंह रेयात को दोषी ठहराया गया और वह भी विस्फोट के दशकों बाद। भारत में वापस लौटे तलविंदर सिंह परमार को पंजाब पुलिस ने 1992 में एक मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मामले में दूसरे आरोपी रिपुदमन सिंह मलिक को रिहा कर दिया गया था, हालांकि बाद में 14 जुलाई, 2023 को उसकी कनाडा में हत्या हो गई थी। अपनी कठोर टिप्पणी में सेवानिवृत्त न्यायाधीश जान मेजर ने कहा था कि कनाडा ने सबसे बड़े आतंकी हमले को पृष्ठभूमि में डाल कर अपने देश को पीछे धकेला है। उन्होंने कहा था, 'मैं जोर देकर कहना चाहता हूं कि यह कनाडा का अत्याचार है। बहुत लंबे समय से आतंकियों के हाथों कनाडाई लोगों की मौतों से होने वाले सबसे बड़े नुकसान को कनाडाई जनता की चेतना से बाहर रखा गया है।' इस पृष्ठभूमि को देखते हुए किसी का भी कनाडा की उन खुफिया एजेंसियों की क्षमता पर संदेह करना स्वाभाविक हो जाता है जिन्होंने यह नतीजा निकाला है कि भारतीय एजेंटों ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की है।

यह खासकर रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या को देखते हुए और महत्वपूर्ण हो जाता है। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 17 जनवरी, 2022 को एक पत्र लिख कर सिखों की कुछ लंबित मांगों का समाधान करने की उनकी पहल का स्वागत किया था। उसने ब्लैक लिस्ट से कुछ सिखों के नाम हटाने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया था जो उनको भारत यात्रा से रोकती थी। उसने आरोप लगाया था कि सिख समुदाय के कुछ 'भारत-विरोधी सदस्य' मोदी के खिलाफ 'सुनियोजित अभियान' चला रहे हैं। ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में मोदी की प्रशंसा करने के कारण कुछ सिखों ने उस पर सिख कौम से गद्दारी का आरोप लगाया था। क्या उसकी हत्या भारत और मोदी के बारे में उसके विचार-परिवर्तन के कारण हुई थी? ऐसा लगता है कि खालिस्तानी आतंकियों की दुनिया परस्पर दोस्ती व साथीपन वाली दुनिया न होकर 'गुटबाजी व ईर्ष्या' की दुनिया है। क्या हरदीप सिंह निज्जर इस आंतरिक टकराव के कारण मौत का शिकार हुआ तथा आरसीएमपी, सीएसआईएस व सीएसई इस पूरे मामले से उसकी तरह अनजान हैं, जैसे वे एयर इंडिया विमान में विस्फोट के मामले में अनजान थीं? इस सवाल का जवाब गंभीरता से तलाशा जाना चाहिए।

# आस्था, शांति और एकता का आह्वान

**ईश्वर में आशा और विश्वास की सकारात्मक भावना हमारी भलाई के लिए आवश्यक है।**



**राधानाथ स्वामी महाराज**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)

भागवत गीता श्लोक (बीजी 8.15) में कहा गया है, कि दुनिया जीवित प्राणियों के लिए अग्निपरीक्षा और बेचैनी का स्थान है। इसके अलावा, यह प्रकृति (आदि-देविका), समाज (आदि-भौतिक), और शरीर और मन (अध्यात्मिक) द्वारा उत्पन्न होने वाली परेशानियों की शैलियों को रेखांकित करता है। क्या असुविधा का कारण आक्रोश, कड़वाहट और क्रोध उत्पन्न होता है? क्या यह पीड़ित मानसिकता का आह्वान करता है? क्या दुनिया की जन्मजात परेशानियों के पास हिंसा करने, पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता पैदा करने और दुश्मनी फैलाने का लाइसेंस है?

मनुष्य शांति और सद्भाव में रहने के लिए तत्पर हैं, लेकिन फिर भी हम व्यक्तियों, परिवार, दोस्तों और राष्ट्रों के बीच झगड़े देखते हैं। ऐसे झगड़ों/युद्ध के पीछे अंतर्निहित कारण किसी भी संभावित संवाद की स्पष्ट विफलता को दर्शाता है, लेकिन इससे भी अधिक यह इस लड़ाई/युद्ध में सीधे तौर पर शामिल किसी व्यक्ति या नेताओं के असली चरित्र को उजागर करता है। भगवद गीता 16.4 में कहा गया है; पाखंड, अहंकार, दंभ, क्रोध, कठोरता और अज्ञानता अज्ञान से ग्रस्त व्यक्ति के लक्षण हैं। और, ये झगड़े/युद्ध व्यक्तियों/नेताओं के दिलों में बैठे गहरे काले गुणों को उजागर करते हैं, जो मानवता के दुर्भाग्यपूर्ण अमानवीयकरण का कारण बनते हैं।

ऐतिहासिक, वैश्विक और पीढ़ीगत रूप से हर लड़ाई/युद्ध अच्छे इरादे वाले और गैर-अच्छे इरादे वाले लोगों या समूहों के बीच परस्पर विरोधी विचारधाराओं के कारण लड़ा गया है। परन्तु लोग आध्यात्मिक ज्ञान से रहित हैं; बिना ज्यादा सोचे-समझे अपनी स्वार्थी विचारधाराओं को आगे बढ़ाने के लिए मनमौजी, सहज



और भावनात्मक रूप से कार्य करें। इसके अतिरिक्त, जब लोग दिन में 20 बार यह विश्वास करने लगते हैं कि वे %सही% हैं, तो यह बात उनके दिमाग में बैठ जाती है। वे (छद्म) भगवान के रूप में कार्य करते हैं और अपनी अज्ञानता को बेशर्मी से प्रदर्शित करते हैं, जिससे कई लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वे यह पहचानने में असफल रहते हैं कि, मूल रूप से, प्रत्येक प्राणी आध्यात्मिक पहचान (नास्ततमनो) में समान है। अहंकार और अज्ञानता में डूबे हुए वे जीवन की पवित्रता को समझने में विफल रहते हैं, और इस प्रकार गैर-लाभकारी, विनाशकारी कार्य (अग्र कर्म) में संलग्न होते हैं, जिससे सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक बर्बादी (क्षय जगत) होती है। सच्ची महानता क्षमा, त्याग और जीवन के उच्च उद्देश्य, शांति और सद्भाव के लिए समझौता करने में निहित है। यदि ये वे मूल्य नहीं हैं जो हमें प्रेरित करते हैं; यह अन्यथा कैसे हो सकता है? लचीलापन और क्षमा को बढ़ावा देने वाली आध्यात्मिकता के अभाव में, लोग स्वाभाविक रूप से अंतहीन प्रतिशोध के खूनी चक्र में फंस जाते हैं। एक सामाजिक विचारक के प्रश्न के रूप में, पार्टियों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए प्रति मील कितने जीवन अंतत: काम आएंगे? यदि दांत के बदले दांत और आंख के बदले आंख की नीति अपनाई जाए तो पूरा समाज अंधा और दांत विहीन हो जाएगा।

कृष्ण चेतना का सर्वोत्कृष्ट संदेश, महत्वपूर्ण समय में ईश्वर में आशा, अर्थ और विश्वास की सकारात्मक भावना का आह्वान करता है। ऐतिहासिक रूप से, कंस ने एक ईश्वरविहीन राज्य चलाया और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए छल, भय और बल का उपयोग करके समाज में कहर बरपाया। पीड़ा को शांत करने के लिए, भगवान कृष्ण दुनिया के अंधेरे के बीच बिजली के रूप में प्रकट हुए और कंस को निष्क्रिय कर दिया, जो मोक्ष से परे अज्ञानता की भावना से ग्रस्त था। वर्तमान में, भगवान की यह विद्युत शक्ति गीता के ज्ञान के रूप में, हमारी पहुंच के भीतर अभी भी सुलभ है। सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक विविधताओं के बावजूद, गीता का आध्यात्मिक ज्ञान हमें अपने जीवन को स्वार्थी और अदूरदर्शी उद्देश्यों से परे एक उच्च उद्देश्य की ओर उन्मुख करने की शक्ति देता है। इस उच्च उद्देश्य को विश्व नेताओं और नागरिकों के दिल में रखने की जरूरत है, जो क्षमा, धैर्य, सादगी, अहिंसा, सच्चाई और क्रोध से मुक्ति जैसे सार्वभौमिक गुणों द्वारा निर्देशित हों।

ज्ञान से प्रेरित होकर और व्यक्तियों के रूप में अपने जीवन में ऐसी अनुकूल विशेषताओं को एकीकृत करके, हम एक सकारात्मक शक्ति बनने के लिए आध्यात्मिक रूप से सशक्त महसूस करते हैं, जो ईश्वरविहीन सभ्यता की अराजकता के बीच व्यवस्था लाती है और विश्वास, शांति और एकता के साथ मानव दिलों के बीच विभाजन को पाटती है।

## आप की बात

### जेलेन्स्की की हिम्मत

**यूक्रेन के राष्ट्रपति** ज़ेलेन्स्की की हिम्मत एवं साहस को सलाम करना चाहिए जिन्होंने अपने से 20 गुना बड़े रूस की आक्रामकता एवं अत्याचार का न सिर्फ डट कर सामना किया है, बल्कि अंतिम सांस तक लड़ने का हौसला उनमे कूट-कूट कर भरा हुआ है। विगत डेढ़ साल से उन्होंने बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में रुसी निष्ठुरता एवं कत्लेआम का सामना निडरता के साथ किया है। उनकी इसी हिम्मत के कारण आज समूचा पश्चिमी समुदाय एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। राष्ट्रसंघ की वार्षिक बैठक को सम्बोधित करने के बाद व्हाइट हाउस पहुंचकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बैठक की और उसके बाद कनाडा की संसद को संबोधित किया। तीनों स्थानों पर उन्होंने कहा कि अगर इस धरती पर लोकतंत्र एवं आज़ादी को बचाना है तो मास्को को एक बार और हमेशा के लिए हारना ही होगा। उसकी पराजय इसलिए जरूरी है ताकि दुनिया में किसी भी बेकसूर राष्ट्र को नरसंहार जैसी ज्यादतियों से बचाया जा सके। रूस, चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती एकजुटता से स्पष्ट है कि आज तानाशाही शक्तियां पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को उसी प्रकार चुनौती दे रही हैं जिस प्रकार हिटलर ने दी थी। इस स्थिति से निपटना सबके लिए जरूरी हो गया है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कांग्रेस का दु:ख

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, मुझे दु:ख है कि कांग्रेस शासनकाल में महिलाओं को आरक्षण नहीं दे सकी। पहली बात तो यह है कि आखिर कांग्रेस क्यों सोती रही बरसों तक? फिर अब चिड़ियाँ चुग गई खेत तो प्रलाप करने से क्या होगा? मोदी सरकार जागी और उसने महिला आरक्षण बिल खुद के साथ ही विपक्ष से भी पास करवा लिया। जहाँ आपका 70 साल का अनुभव काम न आया वहां 7-8 की साल की अवधि में ही मोदी सरकार ने अनेक अटके हुए दुर्लभ कामों को चुटकी में निपटा दिया। जहां तक जातीय गणना की मांग का सवाल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जातियों के नाम पर कुछ लोग अमीर बनते हैं और आरक्षण के लाभ अपनी ही जातियों के गरीबों को नहीं पहुंचने देते हैं। अलग-अलग जातियों के पैरोकार रहे अनेक भ्रष्टाचार में गले तक डूबे नेताओं की असलियत जनता को पता चल गई है। अब जातीय जनगणना की मांग कर रही कांग्रेस दशकों तक मंडल रिपोर्ट पर कुंडली मारे बैठी रही, जबकि मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। भारत में जातीय अलगाव व भेदभाव समाप्त करने की जरूरत है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### चुनाव सुधार

**टी.एन. शेषन** द्वारा किए चुनाव सुधार और उनकी कार्यशैली आज भी कुछ लोगों के मन पर अंकित है। शेषन ने चुनाव में होने वाले खर्च पर काफी अंकुश लगा दिया था। लेकिन अब फिर से प्रत्याशी चुनाव में अनाप-शनाप खर्च के हथकंडे अपनाने लगे हैं। ग्राम पंचायत सदस्य बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। अब सामान्य जन में अवधारणा घर कर गई है कि अनेक लोगों के लिए अपनी काली कमाई का निवेश करने हेतु चुनाव एक अच्छा माध्यम है। सवाल केवल असीमित खर्च का ही नहीं प्रत्याशियों के चरित्र और शिक्षा का भी है। एक आठवीं पास विधायक जब कर्तव्यनिष्ठ आईएएस का अपमान करता है तो लगता है कि लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की जरूरत है। इसके साथ ही एक व्यक्ति के द्वारा एक से अधिक स्थानों से चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। विधायिकाओं को अपराधियों व धनपशुओं से मुक्त कराने के प्रयास तेज किए जाने चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि नए संसद भवन में बैठने वाले सांसद इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाएंगे।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### भारत-कनाडा संबंध

**खालिस्तानी** नेता की हत्या को लेकर नई दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों में तनाव के बीच कनाडा में पढ़ने या काम करने वाले भारतीयों के परिवार चिंतित हैं। उन्होंने मांग की है कि दोनों देश इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाएं। उत्तरी अमेरिकी देश में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट आ रही है। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार भारत की वास्तविक चिंताओं का समाधान नहीं कर रही है। कनाडाई नागरिकों के लिए वीज़ा सेवाएँ निलंबित होने से उनके लिए भारत में अपने मूल स्थान पर जाना मुश्किल हो जाएगा। भारत में सिखों के अलावा अन्य धार्मिक समूहों के भी बहुत से लोग कनाडा में पढ़ने या काम करने गए हैं। निश्चित रूप से खालिस्तानी व चरमपंथी विचारों के समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, पर इससे बेगुनाह लोगों को यथासंभव कष्ट नहीं होना चाहिए। कनाडा सरकार को भी चरमपंथियों को पालने-पोसने के खतरे समझने चाहिए। उसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

–**मोहम्मद तौकीर,** पश्चिमी चंपारण

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितम्बर 2023



# देश विरोधी तत्वों के गतिविधि वाले क्षेत्र पर फोकस करेगा संघ

● राष्ट्रीयता की भावना से जुड़े लोगों को जोड़ेगा संघ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ ने समाज विरोधी एवं देश विरोधी (अराष्ट्रीय) तत्वों की गतिविधि वाले क्षेत्रों में अपना काम विशेष तौर पर बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिससे लवजिहाद, मतान्तरण आदि के विरुद्ध वृहत जन जागरण का कार्य तीव्र गति से बढ़ाया जा सके। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के लखनऊ प्रवास के तीसरे दिन रविवार को अवध प्रांत प्रवास के क्रम में निराला नगर में विभिन्न सांगठनिक बैठकें सम्पन्न हुईं। इन बैठकों में अवध प्रांत में संघ कार्य के विस्तार और दृढ़ीकरण हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में समाज के विभिन्न स्तरीय लोग जो अपने-अपने स्थान पर स्वयं का कार्य करते हुए समाज एवं राष्ट्र के बारे में निरंतर चिंतन करते रहते हैं, ऐसे लोगों से संपर्क करने एवं उनके सहयोग से समाज में विभिन्न सकारात्मक क्रियाकलापों को गति देने की चर्चा हुई। हिंदू समाज के हित चिंतन की दृष्टि से अवध प्रांत में आगामी संभावनाओं को खोजने एवं उनके क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान ग्रामीण अंचल में समाज विरोधी एवं अराष्ट्रीय तत्वों की गतिविधि वाले क्षेत्रों में अपना काम विशेष तौर पर बढ़ाने के साथ ही लवजिहाद, मतान्तरण आदि के विरुद्ध

## शाखाओं के जरिए दूर की जायेंगी सामाजिक समस्याएं

● हर बस्ती में लगेगी शाखा, हर प्रवासी को दी गयी दो शाखाओं की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** समाज में व्याप्त सामाजिक समस्याओं में शामिल लव जेहाद, जातिवाद, अश्पृश्यता, धर्मांतरण जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हर बस्ती में अपनी शाखा खोलेगा। इन शाखाओं के जरिए संघ इन समस्याओं को दूर किये जाने की दिशा में कदम उठायेगा। यह निर्देश रविवार को निरालानगर में नगर कार्यवाह, भाग प्रमुखों की बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने दिये। वर्ष 2025 में शताब्दी वर्ष से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रयास है कि सभी बस्तियों और ग्रामीण इलाकों में शाखाओं का विस्तार हो। रविवार को बैठक में सरसंघचालक ने नगर कार्यवाह के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी शाखाओं में नगर व विभाग के प्रमुख प्रवास करें। वहां की समस्याओं से अवगत हों और उसका निदान करें। उन्होंने कहा कि प्रवास करने से लव जेहाद, जातिवाद, अश्पृश्यता, धर्मांतरण जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। बैठक में उन्होंने कहा कि हर प्रवासी दो शाखओं की जिम्मेदारी ले। शाखाएं अच्छी से लगे, टोलियों को गठन हो। उन्होंने कहा कि हर आयु वर्ग के अलग-अलग शाखाएं लगाई जाएं। शाखा कार्यकर्ता और अच्छे तरीके से प्रशिक्षित किया जाय।

## राष्ट्रीयता के कमजोर होने पर क्षेत्रवाद, जातिवाद पनपता हैः कृपाशंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सामाजिक** सदभाव के अभाव में राष्ट्र व समाज कमजोर हो जाता है। समाज में समरसता व सामाजिक सद्भाव बना रहे, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक सद्भाव बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त क्षेत्र प्रचार प्रमुख उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड कृपा शंकर ने कही। कृपाशंकर रविवार को विश्व संवाद केन्द्र के अधीश सभागार में सामाजिक सद्भाव विभाग की ओर से राष्ट्रीयता:सामाजिक सद्भाव, विमर्श विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में कृपाशंकर ने कहा कि राष्ट्रीयता कमजोर होती है तो क्षेत्रवाद, प्रान्तवाद, जातिवाद, परिवारवाद व व्यक्तिवाद पनपता है। अगर समाज में राष्ट्रीयता का भाव प्रबल होता है तो राष्ट्र की जय-जयकार होती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में सदभाव आना चाहिए। सामाजिक समरसता के अभाव में समाज में कुरीतियां बढ़ीं। संघ ने सम्पूर्ण समाज से आह्वान किया है कि मंदिर,शमशान व कुआं सबके लिए एक होने चाहिए। संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख नरेन्द्र सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का पारस्परिक सदभाव बिगड़ा है। समाज में सदभाव बनाने और समाज में आई विकृतियों को दूर करने के लिए चिंतन मनन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों को ईश्वर, धर्म और परिवार इन तीन शब्दों से नफरत है। सामाजिक सद्भाव बनाने में हमारे परिवार की महती भूमिका है।

विश्व संवाद केन्द्र के अध्यक्ष नरेन्द्र भदौरिया ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का विचार दिया था। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का उत्थान हो वह यह चाहते थे। बाबा साहब डा भीमराव आम्बेडकर ने भी अंतिम व्यक्ति के उत्थान में अपना जीवन लगाया। आम्बेडकर ने सामाजिक सदभाव स्थापित करने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज हमारी संस्कृति एक है। सामाजिक सदभाव ही हमारी सोच है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय भागीदारी आन्दोलन के प्रमुख पीसी कुरील ने कहा कि समाज में सदभाव बना रहे बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज कई राज्यों में विघटनकारी शक्तियां प्रबल हो रही हैं। इसलिए सामाजिक सदभाव बिगड़ने न पाये इसके लिए हम सब को सचेत रहने की आवश्यकता है। संगोष्ठी को बौद्ध भिक्षु सुमित पाल, राष्ट्रधर्म पत्रिका के प्रभारी सर्वेश द्विवेदी, अमृता यादव, सुलोचना मौर्या और एडवोकेट ज्योत्सना श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संचालन सामाजिक सद्भाव के प्रान्त संयोजक राजेन्द कुमार ने किया। आभार ज्ञापन भंते अरूण कुमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रान्त सेवा प्रमुख तेजभान सिंह, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, विश्व संवाद केन्द्र के सचिव अशोक सिन्हा, सामाजिक सदभाव लखनऊ विभाग के संयोजक सुशील कुमार जैन, बृजननन्द राजू, अरविंद त्रिपाठी और डा राजीव पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लोनिवि नई निर्माण योजनाओं को उतारेगा धरातल पर

● वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत निर्माणाधीन 2 फ्लाई ओवर व बाईपास की चालू परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए किए जारी

● ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की कार्रवाई भी हुई शुरू

**लखनऊ।** उप्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में मार्गों व अवसंरचनाओं के निर्माण की रफ्तार को गति देने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। योगी सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है तथा विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोनिवि ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय आवंटन व धनराशि स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में लोनिवि द्वारा प्रदेश के तीन स्थानों पर आरआईडीएफयोजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 2 निर्माणाधीन बाईपास.रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण की परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए के धनावंटन को स्वीकृत करते हुए इसकी कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। प्रदेश के अलग.अलग जिलों में ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करते हुए परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी। रेलवे ऑफइंडिया डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) की योजना के आधीन 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 निर्माणाधीन परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। दो फेज में 98.15 व 26.42 करोड़ रुपए अब तक जारी किए गए हैं। सहारनपुर के आल्हणपुर से सोन्धेबांस मार्ग पर यमुना नदी सेतु व अतिरिक्त पहुंच मार्ग से संबंधित सुरक्षात्म कार्य निर्माणए मुजफ्फरनगर में ग्राम काटका व मंदौड़ के बीच ऊपरी गंग नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नए सेतु व पहुंच सड़क प्रमुख हैं। फतेहपुर व रायबरेली के मध्य भिटौरा में गंगा नदी पर सेतु-सेतु पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्यए प्रयागराज में टोंस नदी पर दो लेन सेतु व पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य, महोबा में राठ.पनवारी मार्ग पर दीर्घ सेतु निर्माण, जालौन में नून नाले पर सेतु, बस्ती के कुआनो नदी पर पर सेतु निर्माण के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है।

### सीतापुर में बाईपास व गोरखपुर में फ्लाईओवर परियोजना को मिलेगी गति

सीतापुर में महमूदाबाद कस्बे में 2.10 किमी के बाईपास व गोरखपुर में बरगदवा.कौवाबाद जेल बाईपास 4 लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए कुल मिलाकर 44.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। 100 करोड़ की लागत की परियोजनाओं के लिए मौजूदा धनावंटन दूसरी किस्त के तौर पर जारी की गई है। कार्यों को पूर्ण करने के मद में 48 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

### 11 जिलों के कुल 22 ग्रामीण संपर्क मार्गों का होगा नवनिर्माण

मुजफ्फरनगर, श्रावस्ती, बांदा, वाराणसी, अयोध्या, बिजनौर, औरैया, पीलीभीत, गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ में कुल 22 ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में 7.36 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इन सभी धनावंटन प्रक्रियाओं को प्रदेश सरकार की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा।

# सरकारी जमीन को अभियान चलाकर खाली कराया जाएः केशव प्रसाद

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि किसानों के ट्यूबवेल के बिल की माफ की घोषणा सरकार द्वारा कर दी गई है, फिर भी संज्ञान में आया है कि विभाग द्वारा किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन काट दिए गए हैं, जिन किसानों के कनेक्शन काटे गए हैं, उनको जोड़ा जाए। बिल जमा न होने पर उनके कनेक्शन काटा न जाय। उपमुख्यमंत्री ने गौ आश्रय स्थल के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि कताई मिल गौशाला के क्रियाकलापों की कमेटी बनाकर जांच किया जाए। जनपद में सभी 18 गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए । गौ आश्रय स्थलों की देखरेख प्राथमिकता से किया जाय। खंड विकास अधिकारी पशुपालन विभाग, जो भी गोवंश छुट्टा घूम रहे हैं, अभियान चलाकर गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए । जो लोग गायों को अंधेरे में सड़कों पर छोड़ देते हैं, उन पर निगरानी रखा जाए और उन्हें गौ आश्रय स्थल तक पहुंचाया जाए ।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, गोचर, ग्राम समाज वन विभाग व अन्य सरकारी जमीन की जितनी भी भूमि है उस पर अगर भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया गया है तो अभियान चलाकर खाली कराया जाए । कहा कि यह सुनिश्चित हो कि कहीं पर भी इन सब मे अवैध कब्जा ना हो। जनपद के सभी चकमार्गों को अभियान चलाकर खाली कराया जाए एयह भी सुनिश्चित हो कि यदि किसी भी गरीब व्यक्ति द्वारा कब्जा किया गया है एतो उसके साथ शालीनता से व्यवहार कर वैकल्पिक मार्ग अपनाया जाए एगरीब को सताया न जाय । यह ध्यान देना है कि गरीब को छेड़ना नहीं है और माफिया को छोड़ना नहीं है। तालाब ध्नदी को संरक्षित किया जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तिगरी गंगा धाम में इलेक्ट्रिक शवदाह ग्रह के लिए प्रस्ताव भिजवाया जाए और निर्माण कार्य के लिए प्रकिया प्रारम्भ किया जाएए यह कार्य जन कल्याण व गरीब से जुड़े हुए लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है । शवदाह गृह हर हाल में बनवाया जाएगा । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो गेस्ट हाउस की जमीन के लिए आज पत्थर का अनावरण किया गया हैए वह उपयुक्त नहीं हैए एक टीम बनाकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उचित लोकेशन में जमीन का चिन्हित कर गेस्ट हाउस बड़ा बनाया जाए। इसके लिए बड़ी जगह का चिन्हित किया जाए । जल जीवन मिशन के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के तहत जो सड़क तोड़ी गई हैए वह हर हाल में सही कर दिया जाए। कहा कि हर घर जल योजना से आच्छादित होने वाला भारत पहला देश हैए इसको गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक पंचायत को हर घर जल योजना का लाभ दिया जाए । कहा कि एक टीम बनाकर हर घर जल योजना के कार्यों की जांच कराई जाए पाइपलाइन जितनी गहराई पर बिछाई जानी हैए वह बिछाई जा रही है या नहीं चालू हो गई या नहीं जो चालू हो गई है, वहां पर पानी पहुंचने लगा है या नहीं इसकी जांच कराई जाए। कहा कि जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जाए। जन जागरण के द्वारा लोगों को जागरूकता फैलाई जाए। जल की एक.एक बूंद को बचाने के लिए कार्यवाही किया जाना चाहिए। वाटर रिचार्ज के लिए एक मॉडल तैयार किया जाए एएक प्लान बनाया जाए। सीएमओ को मेडिकल कॉलेज और ट्रामा सेंटर जनपद में बनाए जाने के लिए शासन स्तर पर पत्र भिजवाये जाने के निर्देश दिया। डॉक्टरों की व स्टाफ की जो कमी हैए उसको पूर्ण किया जाए एविशेषज्ञ डॉक्टर की मांग किया जाएए चिकित्सालय में मैन पावर की कमी नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच के लिए लगाए गए हैं वह केवल फोटो के लिए ही ना हो, चालू रहना चाहिए, उन पर लगातार चेकिंग की जानी चाहिएए चालू स्तर पर मिलना चाहिए। किसी भी चिकित्सालय में दवाओं की कमी नहीं मिलनी चाहिए एयह सुनिश्चित हो। आयुष्मान योजना के तहत 6 यूनिट प्लस वालों की जो समस्या है उसका समाधान किया जाए।



लखनऊ में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनते राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा व अन्य।

# टीबी रोगियों को कुपोषण से बचाने में योगी सरकार ने तेज की मुहिम

● जनवरी से सितंबर तक टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए 2.78 लाख मरीजों को किया भुगतान

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए कुपोषित टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र की निक्षय पोषण योजना का लाभ देने के लिए योगी सरकार ने प्रयास तेज कर दिये हैं। टीबी के मरीजों को पोषित रखने के लिए निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत इस साल एक जनवरी से 17 सितंबर तक 2०78 लाख टीबी मरीजों को भुगतान किया जा चुका है। योगी सरकार की मंशा है कि सभी टीबी मरीजों को पोषित रखा जाएए इसके लिए निरंतर प्रयास चल रहे हैं। मालूम हो कि प्रदेश में इस वक्त कुल 4 लाख 16 हजार टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है।

### निक्षय पोषण योजना से टीबी ही नहीं कुपोषण को भी मात दे रहे मरीज

एसजीपीजीआई के पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. जिया हाशिम के मुताबिक पोषण यूं भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। टीबी मरीज के लिए और जरूरी हो जाता है क्योंकि वह पहले से बीमारी के कारण कमजोर होता है। टीबी की कई दवाएं खाने पर उसे सपोर्ट के लिए पोषक आहार की जरूरत होती है। योगी सरकार की मॉनिटरिंग से निक्षय पोषण योजना से टीबी के मरीजों को काफी मदद मिल रही है। वहीं टीबी संक्रमित मरीजों को दवा के साथ-साथ अच्छा खानाए कम्युनिटी सपोर्ट के साथ प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। यही वजह है कि वह टीबी से स्वस्थ होकर टीबी चैंपियन के रूप में योगी सरकार का सहयोग कर रहे हैं। एसजीपीजीआई की डायटिशियन प्रीति यादव का कहना है कि टीबी मरीजों को सिर्फअपने रोग से मुकाबला नहीं करना होता है बल्कि कुपोषण की बाधा भी पार करनी होती है। लिहाजा टीबी में दवाइयों के साथ.साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। कुपोषण से जूझ रहे लोगों में टीबी होने के आसार ज्यादा होते हैं और टीबी होने पर कुपोषण की आशंका बढ़ जाती है। वजीरगंज की अन्नो 40 अतिकुपोषित थीं, जिसके चलते टीबी के बैक्टीरिया ने उनके शरीर में आसानी से घर बना लिया और उन्हें अहसास भी नहीं हुआ। पता चलने पर इलाज शुरू हुआए लेकिन कमजोर शरीर दवा की गर्मी झेलने में अपने को असमर्थ बताता था और कई बार घरवालों को भी उन्हें दवा खिलाने में बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। उन्होंने निक्षय पोषण योजना का लाभ लियाए जिससे वह टीबी से पूरी तरह मुक्त हो गईं।

### पोषित रहकर टीबी से आसानी से जीती जा सकती है जंग

सहादतगंज की रहने वाली इस्मत फातिमा ;29द्ध को जब टीबी हुई तो उनका पोषण स्तर ठीक था। लिहाजा उन्हें दवा सेवन में कोई दिक्कत नहीं हुई और छह माह दवा के सेवन के बाद पूर्ण स्वस्थ हो गईं। आज खुशहाल जीवन जी रही हैं और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। उनका अनुभव है कि टीबी गंभीर बीमारी जरूर है लेकिन पोषित रहकर उससे बेहतर तरीके से लड़ा जा सकता है।

### लैंसेट की रिपोर्ट में बताया पोषण सहायता का महत्व

अन्नो और इस्मत के केस यह समझाने के लिए पर्याप्त हैं कि किसी भी टीबी रोगी के लिए उसकी टीबी मुक्ति की यात्रा में शारीरिक पोषण स्तर का कितना महत्व है। लैंसेट ने हाल ही में इस तथ्य को अपनी रिपोर्ट में प्रकाशित किया है। इस परीक्षण में टीबी की रोकथाम के लिए परिवार के सदस्यों को पोषण सहायता प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया है। 10 हजार से अधिक परिवारीजनों पर किए गए इस परीक्षण में पोषण संबंधी सहायता के माध्यम से फेफड़े की टीबी वाले रोगियों के परिवार के सदस्यों में सभी प्रकार की टीबी लगभग 40: कम हो गई और संक्रामक टीबी लगभग 50: कम हो गई। रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख है कि परीक्षण में शामिल लोगों में आधे कुपोषित थे।

## ग्राम्य विकास विभाग को प्रोन्नति से मिले 113 नये सहायक विकास अधिकारी

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर पूरी तत्परता बरतते हुए ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा 113ग्राम विकास अधिकारियों को पदोन्नति देकर सहायक विकास अधिकारी बनाया गया है। पदोन्नति से आये इन सहायक विकास अधिकारियों को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बधाई दी है। इन सहायक विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह पूरी निष्ठा व सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और गांव. गरीब के लिए संचालित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग में जो भी पद पदोन्नति से भरे जाने हैंए उन्हें नियमानुसार समय से पदोन्नति देने की कार्यवाही की जाए। ग्राम्य विकास आयुक्त प्रियदर्शी ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए कहा है कि नव प्रोन्नत से आये इन सहायक विकास अधिकारियों की तैनाती के आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

# कांग्रेस व विपक्ष का होगा सम्पूर्ण सफायाः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं विपक्ष का राज्य से सफाया हो जाने का दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को राज्य में कोई गंभीरता से नहीं लेता। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री पाठक ने दावा किया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बहुत भरोसा है जो निस्संदेह तीसरी बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीट में से कुल 64 सीट जीती थीं, जिनमें दो पर सहयोगी अपना दल (एस) के उम्मीदवार विजई हुए थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में बसपा को 10 और सपा को पांच सीट पर जीत मिली थी, जबकि रायबरेली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी चुनाव जीती थीं। बाद में हुए उप चुनावों में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर संसदीय सीट भी जीत लीं। उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रमुख ब्राह्मण चेहरा माने जाने वाले पाठक ने कहा, उत्तर प्रदेश में राहुल और प्रियंका (गांधी वाद्रा) लोकसभा चुनाव में कोई करिश्मा नहीं कर सकेंगे। यहां राहुल गांधी को लोग गंभीरता से नहीं लेते। राज्य में कांग्रेस और विपक्ष का खाता तक नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा, भाजपा का जनता में भरोसा है, जबकि विपक्ष सत्तालोलुप लोगों का समूह है। पाठक ने कहा कि लोग भाजपा के साथ हैं और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी पर बहुत भरोसा है।

उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 80 सीट पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा सोनिया गांधी के प्रतिनिधित्व वाली लोकसभा सीट रायबरेली और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के प्रतिनिधित्व वाली एवं सपा का गढ़ मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर भी जीत हासिल करेगी। पाठक ने अमेठी लोकसभा सीट संबंधी एक सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी को इस संसदीय सीट से चुनाव लड़ाने या नहीं लड़ाने का फैसला उनकी पार्टी करेगी, लेकिन भाजपा नेता स्मृति ईरानी पहले से भी ज्यादा प्रचंड मतों से जीतेंगी और इस बार हम (भाजपा) रायबरेली में भी भारी मतों के अंतर से जीतेंगे। अमेठी में 2019 के चुनाव में ईरानी ने राहुल गांधी को पराजित किया था। रायबरेली से सोनिया गांधी 1999 से लगातार



चार बार निर्वाचित हुई हैं। पाठक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन 16 सीट पर जीत हासिल करने के लिए मेहनत शुरू कर दी है, जिन्हें पार्टी 2019 में जीत नहीं पाई थी। उन्होंने कहा, पार्टी के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने इन निर्वाचन क्षेत्रों में जीत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए हैं। भाजपा नेता ने विपक्षी दलों के समूह इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के बारे में कहा, ए वही लोग हैं, जो संप्रग-एक (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) और संप्रग-दो में शामिल थे। यह सत्ता के लोलुप लोगों का समूह है। यह कुर्सी के भूखे लोगों का समूह है, जो एन-केन प्रकारेण जनता को गुमराह करके सत्ता पाना चाहते हैं, लेकिन जनता इन्हें अच्छी तरह समझती है। इंडिया में कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल यूनाइडेट (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दल शामिल हैं।

पाठक ने कहा, ए वही लोग हैं जो संप्रग-एक और संप्रग-दो में कांग्रेस के साथ सत्ता में थे और वे अपने-अपने राज्य में कांग्रेस की तरह भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और प्रचंड बहुमत से मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, जैसे समाजवादी पार्टी का बिहार या पश्चिम बंगाल में कोई जनाधार नहीं है, वैसे ही जदयू या राजद का उत्तर प्रदेश में कोई आधार नहीं है। सब दल अपने-अपने राज्यों में भाजपा से लड़ेंगे और भाजपा विजई होगी। महिला आरक्षण को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर पाठक ने कहा, भाजपा महिलाओं का हमेशा सम्मान करती है- शक्ति के रूप में, सरस्वती के रूप में और लक्ष्मी के रूप में। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में महिलाओं के प्रति सच्ची श्रद्धा पैदा करने और उन्हें आत्म सम्मान और गौरव की अनुभूति कराने का कार्य किया है। यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा था कि यह आधा अधूरा विधेयक महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय का उपहास है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने संबंधी इस विधेयक को बृहस्पतिवार को संसद में मंजूरी मिल गई। इसका नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन धर्म और ब्राह्मणों को लेकर तीखी टिप्पणी किए जाने के मामले पर पाठक ने कहा, मैं उन पर कुछ कहना नहीं चाहूंगा। वह केवल मीडिया में आने के लिए ऐसी बातें करते हैं, लेकिन इस प्रकार की बातों का (जनता के दिल में) कोई स्थान नहीं है। स्वामी प्रसाद जैसे वरिष्ठ नेता को ऐसी भाषा शोभा नहीं देती। घोसी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान की पराजय से जुड़े एक सवाल के जवाब में भाजपा नेता ने कहा, देखिए, हमने उपचुनाव में काम किया और स्थानीय समीकरण की वजह से जो दिक्कत हुई, हम उसकी समीक्षा कर रहे हैं। इसी माह हुए इस उप चुनाव में दारा सिंह चौहान को इंडिया समर्थित सपा के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने 40 हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया था।यह पूछे जाने पर कि घोसी में क्या कोई रणनीतिक चूक हुई, उन्होंने कहा, भाजपा से घोसी को लेकर कोई रणनीतिक चूक नहीं हुई है। स्थितियां बदलती रहती हैं। हां, यह सही है कि वहां भाजपा के समर्थक मतदाताओं की संख्या उतनी नहीं है, जितनी हर विधानसभा क्षेत्र में है। इस वजह से थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन आगे ऐसा न हो, इसकी हम व्यवस्था करेंगे। पाठक ने एक सवाल के जवाब में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को अपना अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा, राजभर हमारे मित्र हैं। अच्छे नेता हैं, बड़े सामाजिक कार्यकर्ता हैं, समाज में उनकी अच्छी पकड़ है और प्रदेश की जनता उन्हें चाहती है। यह पूछे जाने पर कि उत्तर प्रदेश में 2024 के लिए छोटे दलों के साथ गठबंधन की क्या कोई तैयारी है, पाठक ने कहा, यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। हम पहले से कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार तैयारी रहती है। हम परिस्थितियों के हिसाब से काम करते हैं और सजग रहते हैं।

# स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जेसीआई** लखीमपुर खीरी का 49वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ स्थानीय सौभाग्य पैलेस सभागार में जैसी सौरभ गुप्ता की अध्यक्षता, अमित अग्रवाल के निर्देशन,कविता अग्रवाल के मार्गदर्शन-संचालन में संपन्न हुए जेसीआई के 49वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ पूर्वाध्यक्षों के तिलक वंदन, सर हेनरी गिसेनवियर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।जेसी पूजा पुरी, समीक्षा टंडन, कविता, रचना एवं मुक्ति अग्रवाल द्वारा विभिन्न पूर्वाध्यक्षो के जीवन वृत्त से सदन को सुपरिचित कराया गया। अध्याय की तरफ से माल्यार्पण, पगड़ी पहना कर और विशिष्ट स्मृति उपहार प्रदान कर पूर्वाध्यक्ष जेसी डॉक्टर राकेश माथुर, राम मोहन गुप्त, दिनेश कुमार गुप्त, तुषार गर्ग, श्रवण शर्मा, अतिन गर्ग, विकास टंडन, अमर सिंह, कुलदीप गुप्ता,अर्जित अग्रवाल, योगेश जोशी और कनिष्क बरनवाल को सम्मानित किया गया।

अध्यायिक स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त पूर्वाध्यक्षों द्वारा अध्याय के वर्तमान अध्यक्ष सौरभ गुप्त की सुंदर कार्यप्रणाली एवं कार्यकाल की सराहना करते हुए वर्ष के विभिन्न कार्यक्रमों विशेष कर जेसी वाटिका, डांडिया नाइट, सुहानी मिडकान, पारिवारिक सदस्यों के सम्मान आदि की मुक्त कंठ से सराहना की गई साथ ही अध्यायिक टीम और जेसीरेट शाखा के प्रयासों की भी प्रशंसा की गई।इस अवसर पर अध्याय के एशोसिएट सदस्यों मंजीत सिंह चावला, अनिल अग्रवाल, रामजी पुरी,मनीष बरनवाल, सैय्यद असलम, मुदित गुप्ता का भी सम्मान किया गया। पूर्वाध्यक्ष जेसी राम मोहन गुप्त द्वारा मिडकान में सहयोग के लिए जेसी अमित अग्रवाल,आलोक शुक्ल एवम दिलीप बरनवाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।जेसीज के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मनजीत सिंह अनिल अग्रवाल मनीष बरनवाल सैयद असलम मुदित गुप्ता रामजी पुरी उत्कर्ष शुभम राहुल सचिन रितिक आलोक दिलीप असद जेसीरेट मंजू बरनवाल नीरजा कविता शिल्पी आरती पूजा समीक्षा ज्योती उपमा मुक्ति रचना जेजे हर्षित राधिका श्रेयान शिवन्या विराज धीरज उपस्थित रहे। ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत, स्थापना दिवस केक और सुंदर परिचय ने सभी की सराहना प्राप्त की।

## रिटायर्ड दरोगा की बेटी से की मारपीट घर से निकला

**बरेली।** पति ने शादी से पहले रेप केस की बात छुपा ली लेकिन जब शादी के बाद हकीकत सामने आई तो रिटायर्ड दरोगा की बेटी के होश उड़ गए आरोपी कार और पांच लाख मांगने पर अड़ गया विरोध पर उसने पत्नी को घर से निकाल दिया कैंट पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार सदस्यों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह पुलिस विभाग से रिटायर्ड एसआई है उन्होंने अपनी बेटी का विवाह 10 जून 2019 को राजीव श्रीवास्तव निवासी छत्तीसगढ़ के साथ किया था राजीव, उसकी मां शशी, बहन स्वेता और भाई सनी श्रीवास्तव दहेज में कार व पांच लाख की मांग कर रहे थे विरोध करने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे उनकी बेटी की शादी के बाद उन्हें पता चला कि दामाद पर दुष्कर्म का केस चल रहा है वह चार माह जेल काट चुका है यह जानकर मायके वालों के होश उड़ गए उन्होंने बताया छह नवंबर 2022 को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला और उसकी 10 माह की बेटी को घर से निकाल दिया 17 जून दामाद ने उनकी बेटी को कॉल कर धमकी दी कि दहेज की मांग पूरी न हुई तो वह जान से मार देगा।

# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने वितरण किए आयुष्मान कार्ड

संवाददाता। निघासन खीरी



**रविवार** को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर किया गया।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा सेवा दिवस के तहत भारत सरकार यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से महात्मा गांधी जी के जन्मदिन तक यह सेवा पखवाड़ा सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसके अन्तर्गत निघासन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का स्वागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकिशन और अधीक्षक पी के रावत द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा संगीता, दुर्गेश,मोईन, सुभाष, नवल-किशोर, धीरेंद्र विकास,शिवम् सर्वेश,नीरज, अनिल,सूरज,नागेश, विनोद प्रमोद,आदि लोगों को मुख्य अतिथि ने आयुष्मान कार्ड वितरण किए।सभा को संबोधित करते हुए जब मनुष्य का स्वास्थ्य सही होता है तो जीवन में व्यक्ति अच्छे से काम कर सकता है इस आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक सुविधा एक परिवार को मिल सकती है नौ वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने सात सौ मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनवाएं है सभी जिला चिकित्सालयों में सीटीस्कैन और डायलिसिस मशीन की ब्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री जी निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं में प्रयासरत रहते हैं।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय निघासन चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य,के पी राना, नागेन्द्र सिंह सेंगर, मोनू दीक्षित,रतिराम लोधी, दयाशंकर मौर्य,के के तिवारी, महेश गुप्ता, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव,अशोक तिवारी,बीरेन्द्र मिश्रा, हरिशंकर शर्मा,सोबरन चौहान,गुड्डु गुप्ता, अनमोल राज,आदि काफी लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम की अगुवाई में तहसील क्षेत्र में चल रहा पराली जागरूकता कार्यक्रम

● किसानों को दिलाया पराली ना जलाने का संकल्प

संवाददाता। मोहम्मदी

**तहसील** क्षेत्र में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार की अगुवाई में पराली जागरुकता बैठको का सिलसिला बदस्तूर जारी है। मोहम्मदी तहसील के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता राजस्व विभाग के तत्वावधान में बैठक करायी जा रही है। तहसील प्रशासन ने रविवार को क्रमश ग्राम पंचायत ढढेल, नेवादा,अलीनगर, कैम्हारा, गौहनिया आलम, पिपरोला कुंवरपुर, बेहटी अफगान, बेलातुरसिया, मझिगवां, काशीपुर, खेतहरा, ढढेल, रामपुर मिश्र में दस्तक देकर ग्रामीणों को पराली जलाने के दुष्प्रभाव बताएं।

एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दस्तक देकर पराली जलाने के दुष्प्रभाव बता रहे हैं। अफसरो ने ग्रामीणों को बताया कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग अनिवार्य रूप से हो तथा उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी मिले तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। इस दौरान ग्रामीण विशेष कर किसानों को पराली ना जलाने का संकल्प दिलाया गया।

# विधायक-एडीएम ने दी अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को तात्कालिक सहायता, हर संभव मदद के लिए दिया भरोसा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**तहसील** निघासन के ग्राम रामपुर मजरा बौधियाकलां परगना में शनिवार की सांय लगभग 05 बजे मुन्ना लाल पुत्र हजारी के घर में खाना बनाते समय अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे आसपास के अन्य लोगों के घरों में भी आग फैल गयी। जिसमें जगदीश पुत्र हजारी, सुमिरता पुत्र हजारी, अंकित पुत्र राजाराम, राजेश पुत्र बालकराम, सूरज पुत्र रामखेलावन व विजय कुमार पुत्र राधेश्याम (कुल 07) व्यक्तियों के कच्चे आवास, झोपड़ी एवं घरेलू सामग्री जल गयी है। उक्त प्रकरण में शासन की मंशानुसार व टीम महेंद्र बहादुर सिंह से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह मौके पर जा पहुंचे, प्रभावित परिवारों का दुख दर्द जाना, हर संभव मदद के लिए भरोसा दिलाया।

घटना की सूचना पर गांव पहुंचे विधायक निघासन शशांक वर्मा व एडीएम संजय कुमार सिंह ने एसडीएम निघासन अश्विनी कुमार सिंह, एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार भीमसेन, अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थित में अग्निकाण्ड से पीड़ितों परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में तिरपाल, नाश्ता, लंच पैकेट, राशन किट, फल-बिस्कुट आदि का वितरण किया तथा जनसहयोग के माध्यम से तात्कालिक रूप से 03-03 हजार रू0 प्रति परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई तथा पीड़ितो के अस्थाई रूप से निवास करने की व्यवस्था की गई। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि अग्निकांड में सब कुछ गवां चुके सात परिवारों को जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा। तहसील प्रशासन की ओर से शासन द्वारा प्राविधानित गृह अनुदान के रूप में मु0 आठ हजार रू0 व अहेतुक अनुदान ( बर्तन व कपड़े की क्षति हेतु) 05 हजार रू0 प्रति परिवार की सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा अग्निकाण्ड पीड़ितों को नियमानुसार मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत भी लाभ प्रदान किया जायेगा, साथ ही साथ अग्नि पीड़ितों को निरन्तर भोजन एवं रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति हेतु सहयोग तहसील प्रशासन की ओर से किया जा रहा है।

# 25 सितंबर से 3 नवंबर तक ब्लॉकवार लगेंगे सेमिनार, जिलाधिकारी ने जारी किया रोस्टर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जनपद** खीरी के महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में सभी ब्लॉकों में चरणबद्ध रूप से तय तिथियों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की एकदिवसीय कार्यशाला एवं सेमिनार आयोजित होंगे। डीएम ने न केवल रोस्टर जारी किया बल्कि कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी - कर्मचारियों का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य बाल लिंगानुपात को समानुपातिक करना, बालिकाओं के प्रति शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा आदि को सुदृढ़ बनाना तथा उनके प्रति समाज में एक सकारात्मक सोच विकसित करना, कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, बाल विवाह की रोकथाम करना आदि है।

उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जनपद के सभी ब्लॉकों पर रोस्टर के अनुसार विभिन्न तिथियों पर एकदिवसीय सेमिनार-कार्यशाला का आयोजन पूर्वान्ह 10 बजे से 04 बजे तक ब्लॉक सभागार में किया जाएगा, जिसमें सम्बन्धित ब्लॉक में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह की महिलाए प्रतिभाग करेगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, महिला कल्याण, श्रम, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं विभागों से नामित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जो अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में भली-भांति भिज्ञ हों, को उक्त कार्यशाला - सेमिनार में प्रशिक्षक के रूप में नामित करते हुए प्रतिभाग किये जाने के लिए निर्देशित करे।

25 सितम्बर लखीमपुर, 27 सितम्बर फूलबेहड, 30 सितम्बर नकहा, 03 अक्टूबर बेहजम,05 अक्टूबर धौरहरा, रमियाबेहड 09 अक्टूबर, ईसानगर 11 अक्टूबर, निघासन 13 अक्टूबर, बिजुआ 16 अक्टूबर, (कुंभी) गोला 18 अक्टूबर, बांकेगंज 20 अक्टूबर, पसगवां 25 अक्टूबर, मोहम्मदी 28 अक्टूबर, मितौली 01 नवम्बर, पलिया 03 नवम्बर।

# पत्नी ने प्रेमी व उसके दोस्त की मदद से करवाई पति की हत्या

**बरेली।** चार दिन पूर्व रेलवे ट्रैक पर मिली लाश का खुलासा करते हुए फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक 21 सितंबर को ग्राम शिवपुरी निवासी अशोक कुमार ने अपने भाई रामवीर की गुमशुदी दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान सामने आया मृतक रामवीर की पत्नी आरती वर्मा के संबंध पढ़ाई के समय से ही निकसुआ निवासी मानवेंद्र सिंह थे। विवाह के बाद भी वह अपने प्रेमी से फोन पर बात करती थी। इसको लेकर मृतक व उसकी पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। आरती वर्मा पति के साथ न रहकर प्रेमी के साथ अपना जीवन गुजारना चाहती थी, उसने षड्यंत्र के तहत अपने प्रेमी से बात करने के लिए तिलहर से सिम खरीद कर दी थी। बताया मृतक रामवीर को उसकी पत्नी के प्रेमी मानवेंद्र ने एंजॉय के नाम पर टिसुआ बुलाया, वहां पर मानवेंद्र के ही गांव का उसका दोस्त सौरभ मौजूद था। तीनों ने वहां दारू पी उसके बाद वह मृतक रामवीर को गलथुआ फाटक के पास ले गए। वहां भी उन्होंने बैठकर शराब की ।अधिक नशा होने पर दोनों मृतक रामवीर को रेलवे लाइन पर डालकर चले आए, ट्रेन से काटकर उसकी मौत हो गई। इस मामले का खुलासा करने वाली टीम में निरीक्षक ओमप्रकाश गौतम, उप निरीक्षक इशरत खां, आरक्षी गौरव यादव,पूजा ,हिमांशु पांडे टीम में शामिल रहे।

# बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा 12 अक्टूबर को पहुंचेगी बरेली

संवाददाता। बरेली



**विश्व** हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना को 60 वर्ष और बजरंग दल की स्थापना को 40 वर्ष हो चुके हैं इस अवसर पर आगरा लाल किला से छत्रपति शिवाजी महाराज का पूजन प्रारंभ करके बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा 12 अक्टूबर को बरेली पहुंच रही है और 14 अक्टूबर को शाहजहांपुर में समाप्त होगी। बताया कि हजारों साल से हिंदू सनातन धर्म के विरुद्ध षड्यंत्र रचे चले आ रहे हैं अभी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल उसका मुकाबला करता चला आ रहा है इस शौर्य की गाथा को हिंदू समाज को श्रवण करने चाहे वह लव जेहाद , धर्मांतरण हो, लैंड जेहाद हो विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल जागरण यात्राओं का आयोजन कर रहा है 44 प्रांत में यात्रा निकाली जा रही हैं नाथ नगरी में विश्व हिंदू परिषद का बजरंग दल के कार्यकर्ता 12 अक्टूबर को यात्रा का रामगंगा पर स्वागत करेंगे यात्रा के माध्यम से हिंदू युवाओं को जागरूक किया जाएगा हिंदू धर्म के बारे में उनको इस बात के प्रति जागरूक किया जाएगा कि अपने धर्म रक्षा कैसे करें सनातन धर्म की रक्षा कैसे करें सामाजिक समस्या के लिए सभी हिंदुओं को एकजुट होना जरूरी है उनका अयोध्या में श्री राम का भाव मंदिर तैयार हो चुका है बजरंग दल 5 अक्टूबर से यात्राओं का आयोजन कर रहा है और देशभर से 266 स्थान से यात्राएं आकर मिलेंगे इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सचिव मिलिंद परांडे, कोटेश्वर जी ,अमरेंद्र सिंह, गोपाल जी और महेंद्र जी का संबोधन प्राप्त होगा।प्रेस वार्ता के दौरान आशू अग्रवाल , नीरू भारद्वाज , दिव्य चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी खमरिया में भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**सीएससी** खमरिया में आयुष्मान भव- कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान मेले का उद्घाटन भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी द्वारा किया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर कर रही है। आयुष्मान मेले में जांच और उपचार के साथ ही प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। जिसका बड़ा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। 5 लाख तक का निशुल्क उपचार आज के कोने के कोने में लाभार्थी उठा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ मुनीष कुमार वर्मा, डॉ आरबी गुप्ता, फार्मासिस्ट अनिल कुमार, डेंटल हाइजीनिस्ट मोहम्मद जुनैद , एल टी सिम्मी, एलटी अखिलेश कुमार व बीएम सुभाष पाल, बीसीपीएम कमल किशोर राव व ट्रेनी फार्मासिस्ट और हॉस्पिटल का अन्य समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# तीज क्वीन रहीं सीता जायसवाल और रनर का खिताब वंदना को

वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा ष्तीज मिलन समारोहष् रविवारए दिनांक 24 सितंबर को होटल कैस्टीलोए सिगरा में आयोजित किया गयाए जिसकी मुख्य अतिथि डाएअन्नु अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नामित डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल की धर्मपत्नी रहीए उन्होंने उक्त अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक एवं भारतीय संस्कृति के कार्यक्रम से महिलाओं को आत्मबल प्राप्त होता हैए महिलाओं की भागीदारी से क्लब में एक नए उत्साह का संचार होता हैए और महिलाएं स्वावलंबी बनती हैंए रोटरी गंगा के प्रयास की मैं भूरी.भूरी प्रशंसा करती हूं। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत महिला संयोजिका शालिनी साह एवं नीतू गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि रोटरी गंगा प्रत्येक वर्ष तीजए डांडियाए दीपावलीए नववर्षए होली मिलनए बजड़ाए महिलाओं के लिए निरंतर करता रहता हैए जिससे पारिवारिक माहौल बना रहता हैए मुख्य अतिथि डॉ अन्नु अग्रवालए असिस्टेंट गवर्नर संदीप गुप्ताए फर्स्ट लेडी शोभा अरोड़ाए ज्योति चौधरीए रमा अग्रवालए चंदा कक्कड़एअंजु गोयलए रचना जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सभी भाभी मेहंदी लगे हाथ के साथए चूड़ी भरे हाथ के साथएमांग टीका द्वारा सजी हरीए पीली साड़ी में आकर्षण का केंद्र रही। सभी महिलाओं ने गाने पर खूब जमकर थिरकाए गीत एवं कजरी आदि का कार्यक्रम भी महिलाओं ने प्रस्तुत किया। कई तरह के गेम आदि का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागी को पुरस्कार एवं सभी लेडिज को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर तीज क्वीनण्ण्ण्ण्ण् एवं तीज क्वीन रनरण्ण्ण्ण्ण्ण्रू का भी पुरस्कार प्रदान किया गया।''कार्यक्रम का संयोजन रमा अग्रवालए उषा जैनएज्योति चौधरीए रेनू नागपुरीए रेनू अग्रवालए सीता जायसवालए इदू मेहरोत्राए शर्मीली शाहए अर्चना अग्रवाल द्वारा किया गया।

## धमाल मचाने की तैयारी

कानपुर। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के देसी फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 के एक और मज़ेदार एपिसोड अब मचाएगा धमाल! प्रतियोगी . अंजलि ममगई, समर्पण लामा, अनिकेत चौहान, विपुल खंडपाल, बूगी एलएलबी और शिवांशु सोनी टॉप 5 में अपनी जगह बनाने के लिए तैयार हैं। इस रोमांचक एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगी खुशमिजाज एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, जो अपनी आगामी फिल्म सुखी का प्रचार करेंगी। जज सोनाली बेंद्रे ने कहा कि इस तरह का बदलाव प्रभावित ककरने वाला है।

## डाक्टर दिनेश जौहरी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**बरेली।** भारतीय जाता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मे भाजपा से स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉक्टर दिनेश जौहरी के निधन पर बरेली के सभी जनप्रतिनिधियो ने उनके निवास पर जाकर ससम्मान उनको पार्टी का झंडा उडाया और उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद संतोष गंगवार क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य , कैंट विधायक संजीव अग्रवाल तथा महापौर उमेश गौतम तथा तीनो अध्यक्ष अधीर सक्सेना पवन शर्मा आदेश प्रताप सिंह ने डाक्टर दिनेश जौहरी को सिटी श्मशान भूमि पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने बताया कि हमारे वरिष्ठ नेता डॉक्टर दिनेश जौहरी का निधन हमारी पार्टी की बड़ी क्षति है। समय समय पर उनका मार्गदर्शन हमारी पार्टी को मजबूत करता रहा ,वो सदैव कार्यकर्ताओ को अपने विचारो के द्वारा ऊर्जा प्रदान करते थे , उनके निधन पर हमारी ओर से उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है इनके निधन पर आज भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओ के साथ बरेली के सभी समाज सेवी व्यापारी आदि सभी ने शोक संवेदना प्रकट की।

# सरदार नगर के पास गौ वंशीय पशुओं के अवशेष मिलने पर हिंदूवादी संगठनों ने जताया विरोध

संवाददाता। बरेली

● पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को शांत किया

**भमोरा** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरदार नगर पुलिया के नीचे गौ वंशीय पशुओं के अवशेष मिलने पर हिंदूवादी संगठनों ने इसका विरोध जताया। 15 मिनट हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बरेली बदायूं रोड पर जाम लगाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची आंवला क्षेत्र अधिकारी दीप शिखा अहिबारन सिंह ने प्रदर्शन कार्यो को शांत कर अवशेषों को कब्जे में लेकर, चिकित्सक से जांच करवाने के उपरांत अवशेषों को राम गंगा के किनारे तलहटी में दफ्न किया। हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष डॉ मनोज गुप्ता ने बताया लगातार हो रही बरसात और तेज बहाव के चलते पशु तस्कर आवारा पशुओं का वध करके उनके अवशेष राम गंगा नदी में डाल देते थे।

बताया रविवार को 8 बोरों में गोवंशीय पशुओं के अवशेष बरेली बदायूं रोड पर स्थित एक धार्मिक स्थल के पास पुलिया के नीचे पड़े थे। इसकी सूचना ग्रामीणों ने हिंदूवादी संगठनों को दी। इसकी जानकारी मिलने के बाद जिला शहर प्रचार प्रमुख सचिन चौहान, विश्व हिंदू महासंघ के जिला मंत्री नवनीत चौहान के अलावा अन्य हिंदूवादी संगठनों से जुड़े सुरेंद्र, ओमवीर सिंह सहित अन्य लोगों ने पुलिया के नीचे निरीक्षण करने के उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विरोध जताया मौके पर पहुंची क्षेत्राधिकार ने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी इस पर उन्होंने अपना प्रदर्शन बंद कर दोषियों को जल्दी पकडने की मांग की। इस बाबत क्षेत्राधिकार आंवला व थाना अध्यक्ष भमोरा के सरकारी नंबर पर बात करने की कोशिश की लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# प्रतिबंधित पशुओं के अवशेषों से भरे कई कट्टे मिले, लोगों में नाराजगी

संवाददाता। बरेली

**प्रतिबंधित** पशुओं का कटान करने के बाद तस्कर अवशेष से भरे आधा दर्जन से अधिक कट्टे पुलिस चौकी के पास फेंककर फरार हो गए हिन्दू संगठन के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया और रास्ता जाम कर दिया सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया ।

भमोरा थाना क्षेत्र की सरदारनगर पुलिस चौकी के पास बनी पुलिया के नीचे करीब आठ कट्टे पड़े थे जिन्हें कुत्ते नोच रहे थे जिनमे से मांस और खून छलकता देखकर लोगों की भीड़ जुट गई जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए उन्होंने गौकशी को लेकर हंगामा शुरू कर दिया सूचना मिलते ही सीओ डॉ. दीप शिखा फोर्स के साथ पहुंच गई सीओ ने तस्करों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया और पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर मांस का सेंपल लिया गया इसके बाद पुलिस ने अवशेष को मिट्टी में दबा दिया । उसके बाद पुलिस तस्करों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरे खगालने मे जुट गई मांस से भरे कट्टे मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिक जांच में बताया कि गौ तस्करों ने किसी दूसरी जगह गौकशी करने के बाद मास के कट्टे पुलिया से नीचे फेंककर फरार हुए हैं एसपी देहात मुकेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि भमीरा में गौवंश पशुओं के कट्टों में अवशेष बरामद हुए हैं जिन्हें मिट्टी में दबा दिया गया है सैंपल लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है तस्करों को तलाश करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं ।

# सेंट्रल जेल के कैदी की जिला अस्पताल में मौत

**बरेली ।** बीमार चल रही सेंट्रल जेल के बुजुर्ग कैदी की जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं केउसावा थाना क्षेत्र के गांव उसेती नगला निवासी 75 वर्षीय सतपाल की बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घरवालों बताया कि सन 2019 में उनके गांव में राम भरोसे की हत्या हुई थी जिसमें सतपाल और उसके भाई रामपाल व दो बेटों को नामजद कराया गया था कई साल तक चले मुकदमे के बाद पुलिस ने सभी को आजीवन कारावास की सजा सुना दी तब से वह के सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था और कई दिनों से बीमार था हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मैं भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ा विश्व पटल पर भारत का सम्मानः पटेल

●850 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

संवाददाता। चित्रकूट



**भाजपा** द्वारा 850 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वच्छता केन्द्रों में आयुष्मान भवः योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्डों को लाभार्थियों को बांटने का काम किया गया। पहाडी में सांसद आर के सिंह पटेल, मऊ में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, खोह में पंकज अग्रवाल, रामनगर में रंजना उपाध्याय उपस्थित रहकर आयुष्मान कार्ड बांटने का काम किया। मन की बात कार्यक्रम में अलग-अलग स्थनों पर प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता की। जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी दीप अवस्थी ने मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रधानमंत्री के प्रेरणास्पद विचार को सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से सुना तथा इस ऐतिहासिक आयोजन के प्रत्यक्ष साक्षी बने। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात सभी स्थानों पर परिचर्चा भी हुई। दीप अवस्थी ने कहा कि विचारों से ही परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है। सांसद आर के पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ रहा है। आप सभी पीएम मोदी के हाथों को मजबूत रखने के लिए अपना समर्थन और मत पीएम मोदी के साथ बनाए रखें। उन्होंने पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ कर लाभार्थियो को कार्ड बांटने का काम किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पीएम मोदी जन जन के सुझाव अपनी बात में समाहित करते हैं। पीएम मोदी मन की बात के माध्यम से लोगों से सीधे जुडने का काम करते हैं।

# तीर्थ नगरी में इस्कॉन ने धूमधाम से मनाया श्रीराधा अष्टमी का पर्व



संवाददाता। चित्रकूट

**इस्कॉन** चित्रकूट में रविवार को श्री राधा अष्टमी का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रथम दिन आईआईटी कानपुर से आये संतो ने कर्वी बस स्टैंड पर हरे कृष्ण का संकीर्तन किया। जिसमें सैकड़ों नगरवासी झूम के नाच उठे।

दूसरे दिन सीतापुर स्थित इस्कॉन के केन्द्र में श्री राधा अष्टमी महोत्सव में भगवान श्री राधा कृष्ण का पंचामृत अभिषेक हुआ तथा उसके बाद आईआईटी कानपुर से आये कीर्तन मंडली ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम, राम हरे हरे।। महामंत्र के संकीर्तन से सारे श्रद्धालु एवं भक्तगण को झूम कर नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में इस्कॉन के प्रेसिडेंट अनंतबलदेव अरविंद दास ने राधारानी के जन्म की सुंदर कथा की। कार्यक्रम में 56 भोग तथा महाआरती का भी आयोजन हुआ। आईआईटी से आये सर्वज्ञ गौरांग प्रभु ने इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की जीवनी पर बनी हॉलीवुड की फिल्म का भी प्रदर्शन किया। जिसमें बताया कि श्रील प्रभुपाद ने अपने गुरुमहाराज के आदेश पर पूरे विश्व में श्री राधा कृष्ण की भक्ति का प्रचार किया। और 108 भव्य मंदिरों की स्थापना की।

# उपकरणों के अभाव में जान जोखिम में डाल काम कर रहे विद्युत विभाग के संविदा कर्मी

●सीढ़ी, सेफ्टीबेल्ट, ग्लब्स, प्लायर, फ्यूज वायर और टार्च आदि की खुद करते हैं व्यवस्था

●बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

संवाददाता। चित्रकूट



**विद्युत** विभाग के संविदा कर्मचारी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी कर रहे हैं। बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा उन्हें जरूरी उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। कर्मचारियों के हक में डाका डालकर ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं और कर्मचारी कभी चोटहिल होते हैं तो कभी उन्हें जान गवानी पड़ती है। फिर भी कोई पसीज नहीं रहा और कर्मचारी लगातार पीड़ा का दंश झेल रहा है। बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री से संविदा कर्मचारियों की समस्यायों का निराकरण करने की गुहार लगाई है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि ठंडी, गर्मी और बारिश के दिनों में बिजली विभाग के संविदा कर्मी जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। जिले में लगभग 300 कुशल और अकुशल कर्मचारी ठेकेदार के अंतर्गत कार्य करते हैं। इन कर्मचारियों को सीढ़ी, सेफ्टीबेल्ट, ग्लब्स, प्लायर, अर्थचौन, फ्यूज वायर और टार्च जैसी जरूरी चीजे भी अपने से व्यवस्था करनी पड़ती है। जबकि यह सारी जरूरी चीजें बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा दी जानी चाहिए। वर्दी और आईकार्ड जैसी चीजे तो संविदा कर्मचारियों को नितान्त जरूरी है, लेकिन कोई भी कर्मचारियों की समस्यायों को लेकर सुध लेने वाला नहीं है।

चाहे बिजली आधीरात में बिगड़े, चाहे पानी बरस रहा हो कर्मचारी मुस्तैद रहते हैं। बुंदेली सेना ने ऊर्जा मंत्री से कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया है। बुन्देली सेना ने मांग की है कि विद्युत कर्मियों को ठेकेदार से जरूरी उपकरण अवश्य उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा संविदा कर्मियों को भी वर्दी, आईकार्ड उपलब्ध कराए जाने चाहिए। संविदा कर्मचारियों को भी उचित सम्मान मिलना चाहिए।

# कुरौली गौशाला में गायों की मौत से आहत ग्रामीणों ने लगाया जाम



**कुठौंद**, जालौन। कुठौंद विकासखंड के ग्राम कुरौली में संचालित गौशाला में गौवंशों की मौत के मामले में ग्राम प्रधान द्वारा घटना को छिपाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाकर तीखा विरोध दर्ज कराया। तो वहीं जिलाधिकारी द्वारा गठित की गयी जांच टीम में शामिल एसडीएम माधौगढ़ व सीओ माधौगढ़ सहित अन्य अधिकारी गांव पहुंचे जहां पर उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से गायों की मौत के मामले को लेकर जानकारी ली तो ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोपों की झड़ी लगा दी। जांच टीम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच दौरान गायों की मौत के मामले में जो भी व्यक्ति दोषी होगा उस पर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत कुरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में कुछ गोवंशों की मौत हो गयी थी। जब उक्त जानकारी गांव के ग्रामीणों को मिली तो आहत हो गये। गौवंशों की संदिग्ध मौत होने के विरोध में ग्रामीणों ने नारेबाजी कर जाम लगा दिया। उधर जैसे ही गौवंशों की मौत होने की जानकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को मिली तो उन्होंने तत्काल जांच टीम गठित कर उसे मौके पर भेजा। इसके बाद जांच टीम में शामिल उप जिलाधिकारी माधौगढ़ शशिभूषण, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई आदि पुलिस अमले के साथ गांव में पहुंचे।

# चौराहे पर असुरक्षित ट्रांसफार्मर बन सकते हैं दुर्घटना का सबब



**जालौन,** उरई। नगर के व्यस्ततम चौराहे कांजी पर ट्रांसफार्मर के पास बिजली के तार खुले पड़े हैं। जमीन के पास खुले तार एवं जालीविहीन ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। राहगीरों व आसपास रहने वाले लोगों ने सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की है। सरकार बिजली से होनी वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए खुले तार हटाने के साथ ट्रांसफार्मर के आसपास जाली लगाई जा रही है। इसके अलावा बिजली के तारों के नीचे जाल भी लगाया जा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग के नोडल अधिकारी मनीष द्विवेदी तीन दिवसीय भ्रमण पर आये हैं। नोडल अधिकारी के आगमन के बाद भी बिजली विभाग व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। यहीं कारण है कि नगर के व्यस्ततम चौराहे कांजी के पास बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। ट्रांसफार्मरों के आसपास आए दिन आग लगती है।

# जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में दी सख्त हिदायत

●उपभोक्ताओं से दुर्व्यहार किसी भी कीमत पर न होगा बर्दाश्त

●भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो होगी कठोर कार्रवाई

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विधुत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपभोक्ताओं को रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सब स्टेशन पर कर्मचारी 24 घंटे मौजूद रहे, जनपद के किसी भी कोने से सब स्टेशन पर दूरभाष के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करें और शिकायत प्राप्त होते ही रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत प्राप्त होते ही ऑनलाइन शिकायतों का फीडबैक लिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को दरकिनार करने वाले तथा उनके समाधान में जानबूझकर व्यवधान डालने वाले विद्युत कार्मिको के खिलाफ कडी करवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि नए ट्रांसफार्मर लगाने तथा ओवरलोड लाइनों को विभाजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मर को समय अवधि में ठीक करने का कार्य त्वरित रूप से किया जाए तथा इसके लिए पर्याप्त अग्रिम व्यवस्था भी रखी जाए। भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्मिक बक्शे नहीं जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### प्रोजेक्ट किरण में आये 45 मामले में पांच में हुआ समझौता

**कानपुर देहात।** दम्पत्तियों के आपसी विवाद सुलझाने के लिये सृजित किये गये प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गयी। प्रोजेक्ट नई किरण में रविवार को कुल 45 मामले आये जिसमें 5 परिवार आपसी सुलह समझौते के आधार पर खुशी-खुशी साथ रहने को राजी हो गये, शेष मामलो में अगली तारीख नियत की गयी। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष रीना सिंह, महिला एसआई प्रतिभा बाजपेई, पूनम सागर, रीशू यादव सुनैना तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण कॅचन मिश्रा, डॉ पूनम गुप्ता, रामप्रकाश सिंह व जिआउल हक मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का कंचौसी में आगमन आज

**कानपुर देहात।** एमएलसी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी आज कंचौसी में अकबरपुर सॉसद देवेन्द्र सिंह की मां व भाजपा के युगदृष्टा पं0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित होंगे। भाजपा सॉसद देवेन्द्र सिंह का कॅचौसी पैत्रक गॉव है जिसमें प्रतिवर्ष सांसद अपनी मां कनकरानी की स्मृति में आयोजन करते हैं। अबकी बार सॉसद 11 हजार बुर्जगों को सम्मानित करेंगे। सांसद ने बताया कि उनकी मॉ का सातवॉ निर्वाण दिवस व पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व संगठन महामंत्री धर्मपाल पधारेंगे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामपाल सिंह का निधन

**चित्रकूट।** एजुकेशन इंटरनेशनल बोर्ड के कार्यकारी सदस्य,ईआई एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति के उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामपाल सिंह के निधन से बुंदेलखंड में शोक की लहर है। बांदा जिले के निवासी श्री सिंह ने लगातार अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रह कर पूरे उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया था। श्री सिंह के अन्तिम संस्कार में हजारों शिक्षकों ने शिरकत कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। ज्ञातव्य हो कि अगस्त माह से बीमार चल रहे अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामपाल सिंह का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था।रविवार को उनका निधन हो गया। यह शिक्षक समाज उनके नेतृत्व में किए कई अनेकों ऐतिहासिक आंदोलन का साक्षी है।

# शहीदाने कर्बला की याद में निकाला अलविदाई जुलूस

●जुलूस में मौलानाओं ने पेश की तकरीर, आंखें हुईं नम

संवाददाता। फतेहपुर



**विगत** वर्षों की भांति इस वर्ष भी शहीदाने कर्बला की याद में अलविदाई जुलूस इमाम बारगाह अलीगंज से बरामद हुआ। जुलूस विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए अलीगंज स्थित कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ।

रास्ते भर जुलूस में मौलानाओं ने तकरीर पेश की। जिसे सुनकर लोगों की आंखे नम हो गई। जुलूस के दौरान मातम भी हुआ। इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानियों एवं उनकी मुसीबतों को याद करते हुए शिया समुदाय शोक में रहा। अलविदाई जुलूस की मजलिस की तकरीर बारगाहे हुसैनी अलीगंज में मौलाना शोएब नकवी कानपुर ने पेश की। इसके अतिरिक्त जुलूस के मध्य की तकरीर मौलाना सैय्यद मो. दानिश नकवी इमामे जुमा द्वारा पेश की गई। जिसमें शहर की मशहूर अंजुमनों अंजुमने जाफरिया, साहबे बयाज इतरत अली, अंजुमने अब्बासिया द्वारा नौहाख्वानी व सीनाजनी पेश की गई। जुलूस पूर्व कीभांति अपने कदीकी रास्तों स्व. जफर हुसैन, रफत हुसैन एवं नकी रजा के घरों के सामने से होता हुआ रजा हुसैन, खुर्शीद असगर के घर के पास पहुंचा।

जहां अंतिम तकरीर मौलाना इंतेजार आब्दी इलाहाबाद ने पेश किया। जिसमें समय-समय पर 18 बनी हाशिम के शबीह-ए-ताबूत व अलम बरामद हुए। जिसमें जुलूस में उपस्थित सभी लोगों के साथ-साथ भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों की आंखों से आंसू छलक पड़े। अंत में जुलूस अलीगंज स्थित कर्बला में जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में तमाम तरीके के इंतेजाम मिन्जानिब अंजुमने जाफरिया की ओर से किया गया।

अलविदाई जुलूस में बड़ी संख्या में आस-पास गांव के लोगों के साथ शहर के सफ़दर रजा, अजादार हुसैन, अलमदार हुसैन, जफर हुसैन एड., अख्तर हुसैन, नसीर हुसैन, अहमद हुसैन नवाब जुगनू, फरहत अली एवं सुल्तान हैदर आदि मौजूद रहे।

# युवती को निर्वस्त्र कर दुकान के बाहर फेंका, चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

●आरोपियों की तलाश में पुलिस दे रही दबिश

संवाददाता। फतेहपुर

**गाजीपुर** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी 20 वर्षीय युवती 21 सितंबर को स्कूटी से फतेहपुर शहर अपने बड़ी बहन के यहां आई थी। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे युवती गांव वापस जा रही थी। इस बीच जैसे ही शाखा गांव निवासी राहुल सोनी की गंभरी में स्थित सर्राफा की दुकान के सामने से युवती गुजरी।

आरोप है कि तभी राहुल सोनी और उसका भाई पवन सोनी, रोहित सोनी और दोस्त अंकित सोनी ने उसकी स्कूटी रुकवा कर जबरन दुकान उठाकर ले गए। वहां युवती के साथ मारपीट करते हुए निर्वस्त्र कर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा। जिससे युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इतना ही नहीं इंसानियत की सारी हदों को पार करते हुए दरिंदों ने निर्वस्त्र अवस्था में ही युवती को बाहर फेंका और दुकान में ताला लगाकर मौके से भाग निकले।

पीड़िता किसी तरह छिपकर कपड़े पहने। इस दौरान बहन का फोन पीड़िता के पास पहुंचा तो फोन पर ही रोते हुए युवती ने घटना की जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले की प्राथमिक जांच के दौरान पहले से ही आरोपी दुकानदार और युवती के बीच संबंध में होने का पता चला है। रविवार को छुट्टी के चलते युवती का मेडिकल परीक्षण सोमवार को कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट और बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद और विधायक ने मूरी एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी



**खागा,** फतेहपुर। नगर के व्यापारी व क्षेत्रवासियों की टाटा मुरी एक्सप्रेस के स्थानीय स्टेशन पर स्टापेज की मांग पर जनपद की सांसद (केंद्रीय राज्य मंत्री) साध्वी निरंजन ज्योति व क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने दोपहर लगभग एक बजे खागा स्टेशन पर मुरी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडीआरएम नवीन प्रकाश, हिमांशु शुक्ला डीआरएम कमर्शियल, अमित सिंह डीआरएम (पी.आर .ओ.), मुखलाल पाल जिलाअध्यक्ष भाजपा, राजेंद्र गर्ग, सुरेंद्र सोनकर, अवधेश मिश्रा, विमलेश पांडेय, राजेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, चेयरमैन गीता सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र सोनकर, आदि मौजूद रहे।

# जलापूर्ति लाइन की शिफ्टिंग पर टैंकरों से घर-घर की गई जलापूर्ति



**रूरा, कानपुर देहात।** रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के चलते पश्चिमी केबिन को बन्द करने की कवायद पर पैदल राहगीरो, दोपहिया वाहन सवारों के लिये 50 साल पुराने मिनी अण्डरपास को दोबारा चालू करने के उपक्रम पर अण्डरपास के नीचे से बीते कई वर्षों से दक्षिणी हिस्से को जलापूर्ति की पाइप लाइन की शिफ्टिंग से प्रभावित जलापूर्ति की क्षतपूर्ति के लिये घर-घर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की गयी। शाम को 6 बजे पाइप लाइन के माध्यम से करीब दो घण्टे तक कस्बे के दक्षिणी हिस्से के चारों वार्डों को जलापूर्ति की गयी। कस्बे में करीब पचास साल पहले अण्डरपास के रूप में प्रयोग होने वाले मार्ग पर समय के साथ यातायात बन्द हो गया था, लोग पश्चिमी केबिन का उपयोग करने लगे, जिसके चलते पश्चिमी दिशा की ओर स्थित इस अण्डरपास के नीचे से हाईटेंशन लाइन, जलापूर्ति लाइन सहित गन्दे पानी का निकास होने लगा। फ्रेट कारीडोर की दो अतिरिक्त लाइनों से गुडस ट्रेनों के सॅचालन से अक्सर बन्द रहने वाले पश्चिमी केबिन पर लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारे के लिये बीते तीन से भी अधिक वर्षों से ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे लाइन के ऊपर ओवरब्रिज निर्माण के चलते पश्चिमी केबिन को शीघ्र ही बन्द किया जाना है।

# पेज एक का शेष

## भारत ने...

कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष शामिल थे। टीम में कॉक्सवे की भूमिका निभाने वाले धनंजय उत्तम पांडे ने कहा, यह हमारे लिए एक शानदार रेस थी। यह उस योजना के अनुसार हुआ, जिस पर हमने कल अपने कोच और साथियों के साथ काम किया था। उधर ललित उपाध्याय, वरुण कुमार और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में रविवार को उजबेकिस्तान को 16-0 से रौंदकर जीत के साथ आगाज किया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए यह पूल ए का बेमेल मुकाबला था। उजबेकिस्तान एफआईएच रैंकिंग में 66वें स्थान पर है। पूजा वस्त्राकर की शानदार गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को रविवार को खेले गए एकतरफा सेमीफाइनल में आठ विकेट से हराकर पहली बार एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दाहिने हाथ की तेज गेंदबाज पूजा ने भारत से रवानगी से ठीक पहले टीम में अंजलि सरवानी की जगह ली थी। उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बांग्लादेश की टीम 17.5 ओवर में 51 रन पर आउट हो गई जो भारत के खिलाफ उसका न्यूनतम स्कोर है। सोमवार को फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के गोल की मदद से भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां म्यांमा से 1-1 से ड्रा खेलकर एशियाई खेलों के राउंड 16 में प्रवेश किया। अब प्री क्वार्टरफाइनल में भारत का सामना सऊदी अरब से होगा। छेत्री ने 23वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर गोल किया। म्यांमा के खिलाड़ी हेन जेयार लिन ने बॉक्स के अंदर रहीम अली को गिरा दिया जिससे भारत को पेनल्टी मिली। लिन को इस टैकल के लिए पीला कार्ड दिखाया गया और छेत्री ने इसे गोल में पहुंचाने में कोई चूक नहीं की। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम रविवार को यहां दक्षिण कोरिया की दूसरी श्रेणी की टीम से 0-3 हार गई जिससे उसका एशियाई खेलों में पदक जीतने का सपना भी चकनाचूर हो गया। हरमीत देसाई पहला मैच एन जेह्युन से 0-3 से हार गए। जी साथियान ने पार्क गैंघयोन को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन दक्षिण कोरिया खिलाड़ी के सामने उनकी भी एक नहीं चली। भारत को वापसी दिलाने का जुम्मा अब अचंता शरत कमल पर था लेकिन वह भी ओ जुनसुंग से 2-3 से हार गए।

## भारत और...

नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से न्यूपोर्ट के रोड आइलैंड में यूएस नेवल वॉर कॉलेज में आईएसएस की मेजबानी की थी। एडमिरल कुमार ने आईएसएस में भाग लेने के इतर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, फिजी, इजराइल, इटली, जापान, केन्या, पेरू, सऊद्दी अरब, सिंगापुर और ब्रिटेन समेत विभिन्न देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। मधवाल ने कहा, यात्रा के दौरान व्यापक बातचीत मुक्त, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण को साकार करने की ओर भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच मालाबार, सी ड्रैगन, रिम ऑफ द पैसिफिक एक्सरसाइज (आरआईएमपीएसी) और टाइगर ट्रायम्फ जैसे द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय अभ्यासों में वृहद संचालनात्मक भागीदारी तलाशने पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया। आरआईएमपीएसी को सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय समुद्री युद्धाभ्यास में से एक माना जाता है। इसका आयोजन अमेरिकी नौसेना की हिंद-प्रशांत कमान करती है। मधवाल के अनुसार, आईएसएस में एडमिरल कुमार ने मानव संसाधन प्रबंधन की चुनौतियों के बारे में बात की जिसमें प्रशिक्षित कर्मियों की भर्ती और अग्निपथ योजना के जरिए इनसे निपटने की ओर भारत की योजनाओं का खास जिक्र किया गया। पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका रक्षा संबंध मजबूत हुए हैं।

## देश में...

अपराधों को अंजाम दिया जाता है। एफसीआरएफ के सह संस्थापक हर्षवर्धन सिंह ने बताया, हमारा विश्लेषण भारत के 10 जिलों पर केंद्रित था जहां से सबसे अधिक साइबर अपराध को अंजाम दिया जाता है। जैसा कि श्वेत पत्र में पहचान की गई है, इन जिलों में साइबर अपराध के प्रमुख कारकों को समझना प्रभावी रोकथाम और खत्म करने की रणनीति तैयार करने के लिए आवश्यक है।

# सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार ही होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**कोंच,** जालौन। आगामी 26 सितंबर को गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर रविवार को कोतवाली पुलिस ने गणेश पंडालों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों की जिसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुपालन में प्रतिमाओं का विसर्जन नदी, तालाब या बावड़ी में नहीं होकर कृत्रिम तालाब में होगा। इसके लिए धनुताल के बगल में ही कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पानी भरवा दिया जाएगा। कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक ने एक बार फिर नागरिकों का आह्वान किया कि त्योहार अच्छे से मनाएं, कोई ऐसा काम न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। कहा, सभी गणेश पंडालों को यह भी ध्यान में रखना है कि विसर्जन के दिन अपने अपने वालंटियर प्रतिमाओं के साथ मुस्तैद रखें।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की पहल, कर रहे मिलावट के प्रति जागरूक

संवाददाता। उरई, जालौन



**आम** जनजीवन के द्वारा दैनिक उपभोग में आने वाले खाद्य पदार्थ एवं अन्य वस्तुओं में मिलावट और गुणवत्ता के प्रति लोगों को जागरूक करने की दिशा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जागरूकता पहल शुरू की है। इसी क्रम में गत दिवस ग्राम सरसों की स्थिति कंपोजिट विद्यालय में विभागीय अधिकारियों ने वहां उपस्थित ग्रामीण और खासकर बच्चों को अपने अनुभव साझा किया साथ ही यह भी टिप्स दिए कि वह कैसे नकली मिलावटी और गुणवत्ता विहीन पदार्थों को पहचाने और उन्हें पदार्थों को इस्तेमाल भी करें जो मानकों के आधार पर प्रमाणित हों।

सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, कन्हैयालाल यादव ने ग्राम सरसौखी में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर डॉक्टर जतिन कुमार सिंह ने ग्रामीण और बच्चों को बताया कि उन्हें किस तरीके से मिलावटी खाद्य पदार्थ और गुणवत्ता विहीन वस्तुओं को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार में जो भी खाद्य पदार्थ या अन्य वस्तुएं खरीदें उनमें सबसे पहले उनके रंग रूप शुद्धता गुणवत्ता और पैकिंग के साथ-साथ कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे हैं जिनमें फोर्टिफिकेशन के प्रति जागरूकता होना बहुत जरूरी है ताकि हम गुणवत्ता युक्त पदार्थ इस्तेमाल कर सकें इस दौरान उन्होंने एक-एक करके सभी बिंदुओं पर विचार साझा करते हुए लोगों को सचेत किया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितंबर, 2023



# दुनिया अब भी दोहरे मानकों वाली है: विदेश मंत्री जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने कहा है कि यह दुनिया अब भी दोहरे मानकों वाली है और जो देश प्रभावशाली स्थिति में हैं, वे बदलाव के दबाव का प्रतिरोध कर रहे हैं और जो देश ऐतिहासिक रूप से प्रभावशाली हैं, उन्होंने अपनी कई क्षमताओं का हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थानीय मिशन, संयुक्त राष्ट्र भारत और रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा आयोजित दक्षिण का उदय: साझेदारियां, संस्थाएं एवं विचार शीर्षक वाले मंत्रिस्तरीय सत्र में शनिवार को यहां कहा, मुझे लगता है कि बदलाव के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के बजाय राजनीतिक दबाव है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस प्रकार की भावना बढ़ रही है और ग्लोबल साउथ एक तरीके से इसे प्रतिबिंबित करता है, लेकिन इसका राजनीतिक प्रतिरोध भी हो रहा है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल उन विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। जयशंकर ने कहा, जो (देश) प्रभावशाली स्थितियों में हैं, वे बदलाव का प्रतिरोध कर रहे हैं। हम सबसे अधिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसा देखते हैं। उन्होंने कहा, जिनका आज आर्थिक प्रभुत्व है, वे अपनी उत्पादन क्षमताओं का लाभ उठा रहे हैं और जिनका संस्थागत या ऐतिहासिक प्रभाव है, वे भी अपनी कई क्षमताओं का वास्तव में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, वे बातें तो उचित कहेंगे, लेकिन आज भी वास्तविकता यही है कि यह बहुत हद तक दोहरे मानकों वाली दुनिया है।



### कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात की

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात की और उनसे द्विपक्षीय विकास साझेदारी मे प्रगति तथा म्यांमा की स्थिति पर चर्चा की। दोनो नेताओ ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र के इतर मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्हे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दी। हमारी विकास साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे बढ़ते रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग पर भी चर्चा की। म्यांमा पर विचार साझा किए। म्यांमा मे फरवरी 2021 मे सैन्य तख्तापलट के बाद से ही लोकतंत्र बहाल किए जाने की मांग की जा रही है।

## आधुनिक युग में भारत के बाहर निर्मित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मंदिर का न्यूजर्सी में होगा उद्घाटन

भाषा। रॉबिन्सविले (अमेरिका)

**आधुनिक युग** में भारत के बाहर निर्मित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन आठ अक्टूबर को न्यू जर्सी में होगा। न्यूयॉर्क स्थित टाइम्स स्क्वायर से लगभग 60 मील दक्षिण में और वाशिंगटन डीसी से लगभग 180 मील उत्तर में स्थित न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का निर्माण 2011 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण में 12,500 से अधिक स्वयंसेवकों ने मदद की। मंदिर के औपचारिक उद्घाटन से पहले ही यहां दर्शन के लिए रोजाना हजारों लोग आते हैं। अधरधाम के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर 183 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। इस मंदिर को प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार बनाया गया है और इसमें 10,000 मूर्तियों एवं प्रतिमाओं, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की नक्काशी सहित प्राचीन भारतीय संस्कृति को दर्शाया गया है। यह मंदिर कंबोडिया स्थित अंकोरवाट के बाद संभवत: दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। बारहवीं सदी में निर्मित अंकोरवाट मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है, जो 500 एकड़ में फैला है। यह यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन) का विश्व धरोहर स्थल है। नई दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर 100 एकड़ में बना है। इसे 2005 में आम लोगों के लिए खोला गया था। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के अक्षरवत्सलदास स्वामी नेकहा, हमारे आध्यात्मिक नेता (प्रमुख स्वामी महाराज) की सोच थी कि पश्चिमी गोलार्ध में एक ऐसा स्थान होना चाहिए जो केवल हिंदुओं, केवल भारतीयों या केवल कुछ लोगों के समूहों का न होकर दुनिया के सभी लोगों के लिए हो। यह स्थान पूरी दुनिया के लिए होना चाहिए, जहां लोग आ सकें और हिंदू परंपरा के कुछ मूल्यों, सार्वभौमिक मूल्यों को सीख सकें।

## क्विक न्यूज

### महिला आरक्षण विधेयक को पारित करना सही दिशा में उठाया गया कदम: प्रियंका चोपड़ा जोनस

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि अगला कदम इसका त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन हो। प्रियंका ने काफी समय से लंबित पड़े इस विधेयक के पारित होने का सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर स्वागत किया है। कुछ दिन पहले, संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन विधेयक को पारित किया गया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में कहा, ऐतिहासिक उपलब्धि से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल रही है। नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित करना सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन अगला महत्वपूर्ण कदम इसका त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन है। यह एक ऐसा भारत है जो वास्तव में अपनी महिलाओं का समर्थन करता है और उन्हें सशक्त बनाता है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने वाले विधेयक को बृहस्पतिवार को राज्यसभा की स्वीकृति मिलने के साथ इसे संसद की मंजूरी मिल गई। अब इसे अधिकांश राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता है। हालांकि, यह आरक्षण जनगणना और परिसीमन कार्य पूरा होने के बाद ही लागू होगा। पूर्व में, अभिनेत्री कंगना रनौत, भूमि पेडनेकर, तमन्ना भाटिया, कीर्ति कुल्हारी ने विधेयक के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।

### दुबई में हर साल बढ़ रहे पर्यटक

**दुबई।** दुबई एक शहर जो मछुआरों के गांव से बदल कर कारोबार फाइनैंस एवं पर्यटन की दृष्टि से विश्वस्तरीय हब के रूप में विकसित हो गया है। अपने जादूई आकर्षण के साथ दुबई सबसे लोकप्रिय गंतव्य बन चुका है जो हर साल लाखों पर्यटकों को लुभाता है। दुबई बैलून से आप दुबई के तटों से खूबसूरत नज़ारों का लुत्फ़उठा सकते हैं यह टेटर्ड हीलियम बैलून पाम जुमैरा के बाहरी ओर एक्वावेंचर वॉटरपार्क में स्थित है। 10 मिनट की इस राईड के दौरान आपको पाम के खूबसूरत नज़ारे देखने को मिलेंगे। और अच्छे मौसम के दिनों में तो आपको बुर्ज ख़लीफ़ा और डाउनटाउन दुबई तक के दृश्य भी दिखाई देंगे सोनारा कैम्प में आप रेगिस्तान के आकर्षक नज़ारों से घिरे झूले पर रिलेक्स कर सकते हैं। यहां आप अनूठे डेज़र्ट रेस्टोरेन्ट में लाईव एंटरटेनमेन्ट और एम्बिएन्ट लाइटिंग के बीच फाईन डाइनिंग का लुत्फ़उठा सकते हैं। फ्रेंच शेफफ्रैंक सन्ना का खास मैन्यू क्षेत्रीय एवं पश्चिमी स्वाद के संयोजन के साथ हर व्यंजन के अनुभव को यादगार बना देता है। स्वादिष्ट भोजन के बाद आप ढेरों एक्टिविटीज़ जैसे ड्रमिंग, सैण्ड बोर्डिंग और तीरंदाज़ी का लुत्फ़ भी उठा सकते हैं। जिज्ञासु लोगों को यहां यह जानने का मौका भी मिलता है कि किस तरह बेडोइन जनजातियां नेविगेशन के लिए सितारों पर निर्भर थीं ए वे रात के आसमान के चीने एस्ट्रोनोमी यानि खगोल विज्ञान के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं। अगर आप कुछ स्पेशल चाहते हैंए तो सिगनेचर रॉयल ओट्रोमैन ट्रीटमेन्ट ट्राय कीजिए. 60 मिनट की इस थेरेपी में पारम्परिक ष्केसेष् मिट बॉडी पॉलिश और फोम मसाज शामिल हैय इसके बाद त्वचा में निखार लाने के लिए हनी मास्क लगाया जाता है और स्कैल्प को शैम्पूए कंडीशन और मसाज किया जाता है।

### पूरी दुनिया में डिज़्नी पर सुल्तान ऑफ दिल्ली दिखेगा

मुंबई। अगर दिल्ली का सुल्तान बनना है तो जंग बिना गोली चलाये जीतनी होगी ! डिज़्नी हॉटस्टार ने अपने आगामी ड्राम, हॉटस्टार स्पेशल्स सुल्तान ऑफदिल्ली् का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। सुल्तान ऑफदिल्ली एसेंशन बाय अर्णब रॉय नाम की पुस्तक पर आधारित इस सीरीज का निर्माण रिलायंस एन्टरटेनमेंट ने किया है और इसके निर्देशक हैं जानेमाने डायरेक्टर मिलन लुथरिया। इसके सहनिर्देशक एवं सहलेखक सुपर्ण वर्मा हैं। यह सीरीज 13 अक्टूबर 2023 को डिज़्नीहॉटस्टार पर रिलीज होगी। सुल्तान ऑफदिल्लीष् आपको एक ऐसे सफर पर ले जाने के लिये तैयार है जहां जिंदगी दांव पर लगी है और जीतने के लिये आपको सता की जरूरत होगी। इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, दिग्गज अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया प्रमुख किरदारों को निभाते नजर आयेंगे। वहीं अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय,हरलीन सेठी एवं मेहरीन पीरजादा जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियां मुख्य महिला पात्रों को परदे पर साकार करेंगी। 60 के दशक के प्राचीन युग को दिखाया गया है। यह अर्जुन भाटिया ताहिर राज भसीन की कहानी है जो दिल्ली के सबसे बड़े आर्म डीलर जगन सेठ विनय पाठक के साथ काम करता है। सत्ता के युद्ध में जिसमें काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है, अर्जुन को बार बार अपने आस पास के लोगों द्वारा ली जा रही परीक्षा का सामना करना पड़ता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं और सुल्तान ऑफ दिल्ली बनने के सपने के साथ अर्जुन को विजेता बनकर उभरने के लिये एक ऐसे रास्ते से होकर गुजरना होगा जहां उसे कोई रोक नहीं सकता और सिर्फप्रतिशोध से भरा हुआ है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुयेए निर्देशक मिलन लुथरिया ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारे टीज़र को इतना ज्यादा पसंद किया जायेगा।

### पोप ने रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए तथा यूक्रेनी लोगों की शहादत के लिए हथियार उद्योग को जिम्मेदार ठहराया

पैपल प्लेन से। पोप फ्रांसिस ने रूस के युद्ध में यूक्रेनी लोगों की शहादत के लिए हथियार उद्योग को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भले ही अब हथियारो पर रोक लग जाए लेकिन उनकी पीड़ा समाप्त नही होगी। फ्रांसिस का यह बयान प्रत्यक्ष रूप से पोलैंड की उस घोषणा के संबंध में है जिसमे उसने कहा था कि वह अब यूक्रेन को हथियार नही भेज रहा। फ्रांस के मार्सिले से वापसी के दौरान फ्रांसिस से युद्ध के संबंध में प्रश्न किया गया था। फ्रांसिस ने स्वीकार किया कि वे इस बात से निराश है कि वेटिकन की कूटनीतिक पहलो का कोई खास नतीजा नही निकला। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के पीछे हथियार उद्योग का भी हाथ है। उन्होंने उस विरोधाभास को विस्तार से समझाया जिसके कारण यूक्रेन के लोग शहीद हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में बहुत से देशो ने यूक्रेन को हथियार दिए लेकिन अब वे उससे हथियार वापस ले रहे है। फ्रांसिस कई मौको पर हथियार उद्योग को मौत का सौदागर करार कर चुके है। हालांकि उन्होंने देशो के अपनी रक्षा के अधिकारो पर भी जोर दिया है।

### क्रेमलिन के आलोचक मुर्जा जूनियर को साइबेरिया की जेल में भेजा गया : वकील

तल्लिन(एस्तोनिया)। रूसी सत्ता के विरोध का चेहरा रहे व्लादिमीर कारा मुर्जा जुनियर (42) को साइबेरिया की उच्च सुरक्षा वाली जेल मे स्थानांतरित कर दिया गया है और उन्हे सजायाफ्ता कैदियो के लिए बनी छोटी सी कोठरी में रखा गया है। उनके वकील ने रविवार को यह जानकारी दी। मुर्जा जूनियर को इस साल यूक्रेन के साथ रूस के युद्ध की सार्वजनिक निंदा करने पर देशद्रोह का दोषी करार दिया गया था और 25 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी। माना जाता है कि मुर्जा जूनियर को मिली सजा क्रेमलिन के आलोचको के खिलाफ कार्वाई का हिस्सा है। मुर्जा जूनियर के वकील वादिम प्रोखोरेव ने रविवार को फेसबुक पोस्ट में कहा कि उनके मुवक्किल को बृहस्पतिवार को साइबेरियाई शहर ओम्स्क के उच्च सुरक्षा वाले कारागार आईके-6 में ले जाया गया। प्रोखोरेव ने कहा कि मॉस्को के एक हिरासत केंद्र से साइबेरिया की जेल मे स्थानांतरण मे तीन सप्ताह से भी कम समय लगा। मॉस्को के हिरासत केंद्र मे मुर्जा जूनियर को मुकदमे और अपील लंबित रहने तक रखा गया था।

### रूसी हवाई हमले में दो लोगों की मौत, तीन घायल

*कीव।* रूसी हवाई हमले में रविवार को यूक्रेन के खेरसोन प्रांत मे दो लोगो की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। प्रांत के गवर्नर ने यह जानकारी दी। गवर्नर ऑलेक्जेंडर प्रोकुडिन के अनुसार, रूसी सेना ने बेरीस्लाव शहर पर हमला किया, जिससे कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होने बताया कि इस हमले मे एक महिला की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी समेत तीन लोग घायल हो गए। प्रोकुडिन ने कहा कि एक अन्य हवाई हमले में लवोव गांव में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की भी मौत हो गई। वही, यूक्रेनी ड्रोन से रूस के कुर्स्क शहर मे एक प्रशासनिक इमारत पर हमला किया गया, जिससे छत को मामूली रूप से नुकसान हुआ। क्षेत्रीय गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने बताया कि इस हमले मे किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है।

### पाकिस्तान में ट्रेन की भिड़ंत, 31 यात्री घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे एक यात्री ट्रेन मुख्य पटरियो पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई जिससे इस घटना मे कम से कम 31 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट मे यह जानकारी दी गई।खबरो में कहा गया है कि यह हादसा शेखपुरा जिले के किला सत्तार शाह स्टेशन पर हुआ।जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मियांवाली से लाहौर आ रही यात्री ट्रेन उसी पटरी पर आ गई जहां पहले से ही एक मालगाड़ी खड़ी थी जिस कारण आपस में उनकी टक्कर हो गई। इसमे बताया गया कि ट्रेन के चालक ने भिड़ंत को रोकने की पूरी कोशिश की लेकिन वह असफल रहा। बचावकर्मियों के अनुसार, हादसे में 31 यात्री घायल हुए हैं जिसमें से पांच घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हादसे को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### अजरबैजान और आर्मीनिया के रास्ते से नागोर्नो-कराबाख में भेजी गई मानवीय सहायता

**लंदन।** अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच विवाद के क्षेत्र नागोर्नो-कराबाख में शनिवार को दोनों देशों के रास्ते से मानवीय सहायता भेजी गई जिसकी वहां अत्यंत आवश्यकता है। अजरबैजान के इस प्रांत को फिर से अपने कब्जे में लेने और इलाके को पुनःएकीकृत करने के लिए उसकी मूल आर्मीनियाई आबादी के प्रतिनिधियों से वार्ता शुरू करने के बाद यह कदम उठाया गया है। अजरबैजान के फिर से इस क्षेत्र पर कब्जे के बाद कुछ निवासी प्रतिशोध के डर से अपने घर छोड़कर चले गए है। अजरबैजान ने महीनों से इस क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़क पर नाकेबंदी की हुई थी जिससे वहां खाद्य सामग्री और ईंधन की भारी किल्लत हो गई थी। अजरबैजान ने इस सप्ताह क्षेत्र में आक्रामक सैन्य अभियान चलाया था। नागोर्नो-कराबाख अजरबैजान में है लेकिन 1994 में खत्म हुई अलगाववादी लड़ाई के बाद से ही यह आर्मीनियाई सेना के नियंत्रण में था। आर्मीनियाई बलों ने अजरबैजान के आसपास के बड़े क्षेत्र पर भी कब्जा कर लिया था। अजरबैजान ने 2020 में आर्मीनिया के साथ छह सप्ताह तक चली लड़ाई में अपने आसपास के क्षेत्र को फिर से नियंत्रण में ले लिया था।

### अमेरिका: अटलांटा में गोलीबारी, तीन की मौत

**अटलांटा (अमेरिका),।** अटलांटा मे दिन दिहाड़े गोलीबारी की एक घटना मे तीन लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों को शनिवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे (स्थानीय समयानुसार) अटलांटा के पास वेस्ट एंड मे किसी के गोलीबारी करने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, हमलावर दो लोगों के पास गया और उसने उन पर गोलियां चला दी। इसके बाद उनमें से एक व्यक्ति ने भी पलट कर गोली चलाई,जिसमे हमलावर मारा गया। यह घटना एक मॉल के पास हुई।

### बाइडन इजराइली नागरिकों को बिना वीजा के यात्रा करने की अनुमति देंगे

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन इस सप्ताह इजराइल को एक विशेष क्लब में शामिल करने के लिए तैयार है, जिसके तहत इजराइली नागरिकों को वीजा के बिना अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वीजा छूट कार्यक्रम मे इजराइल को शामिल करने की घोषणा इस सप्ताह के अंत में करने की योजना है। गृह सुरक्षा विभाग इस कार्यक्रम का संचालन करता है, जो वर्तमान मे 40 देशों (जिसमे ज्यादातर यूरोपीय और एशियाई देश शामिल हैं) के नागरिकों को बिना वीजा के तीन महीने के लिए अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति देता है।

### हिंद-प्रशांत सेनाध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होने के लिए नेपाली सेना प्रमुख नई दिल्ली में

**काठमांडू।** नेपाल के सेनाध्यक्ष जनरल प्रभुराम शर्मा भारत की राजधानी नई दिल्ली मे 25 से 27 सितंबर तक आयोजित होने वाले 13वें हिंद-प्रशांत सेनाध्यक्ष सम्मेलन (आईपीएसीसी) मे हिस्सा लेने के लिए रविवार को पड़ोसी देश की यात्रा पर रवाना हुए। भारतीय सेना दो दिवसीय इस सम्मेलन की मेजबानी कर रही है जिसका उद्देश्य इलाके मे बढ़ती चीन की सैन्य आक्रामकता की पृष्ठभूमि मे हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए साझा रणनीति बनाना है।

### दक्षिणी चीन के गुइझोउ प्रांत में कोयला खदान में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। दक्षिणी चीन मे कोयला खदान मे आग लगने से रविवार को 16 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी।गुइझोउ प्रांत के पंगुआन शहर में शांजियाओशू कोयला खदान में यह आग लगी।पानझोउ शहर की सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मरने वाले लोग खदान मे कन्वेयर बेल्ट मे आग लगने के बाद फंस गए थे। दुनिया मे ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा उत्सर्जक चीन, अपनी पवन और सौर ऊर्जा क्षमता के बड़े पैमाने पर विस्तार के बावजूद बिजली के लिए कोयले पर बहुत अधिक निर्भर है।

### वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की छापेमारी के दौरान दो फलस्तीनी नागरिकों की मौत

**वेस्ट बैंक।** उत्तरी वेस्ट बैंक मे रविवार को इजराइली सेना की छापेमारी के दौरान दो फलस्तीनी नागरिक मारे गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने कथित आतंकी नियंत्रण केंद्र को नष्ट करने के लिए तुलकरेम शहर के निकट नूर शम्स शरणार्थी शिविर में कार्वाई की। सेना ने कहा कि एक इमारत का इस्तेमाल विस्फोटक और बम रखने के लिए किया जा रहा था। इसने कहा कि छापेमारी के दौरान आतंकियो ने गोलीबारी की और बम फेंके,।

## जी20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ के देशों को आवाज देने के लिए नेताओं ने भारत की प्रशंसा की

भाषा। न्यूयॉर्क

**विभिन्न** देशों के नेताओं ने यहां कहा कि भारत ने जी20 की अपनी अध्यक्षता के साथ, ग्लोबल साउथ के देशों को आवाज दी और महामारी के दौरान जब अन्य देश टीका कूटनीति में लिप्त थे, तब दुनिया भर के देशों को कोविड–19 रोधी टीकों की आपूर्ति कर असहाय लोगों की ओर मानवता का हाथ बढ़ाया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां एक विशेष इंडिया–यूएन फॉर ग्लोबल साउथ: डिलीवरिंग फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम में ग्लोबल साउथ के कई नेताओं की मेजबानी की। कार्यक्रम में ग्लोबल साउथ के नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर विकासशील देशों के हितों और चिंताओं की वकालत करने वाला मजबूत नेता होने के लिए भारत की सराहना की। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल अक्सर विकासशील और अल्प विकसित देशों के लिए किया जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं।संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के इतर आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरेबियाई और छोटे द्वीपीय देशों के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इन देशों के नेताओं ने भारत को जी20 की सफल अध्यक्षता करने और इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में शिखर सम्मेलन के समापन के बाद एक ऐतिहासिक संयुक्त घोषणा सर्वसम्मति से जारी होने के लिए बधाई दी। भूटान के विदेश मामलों के मंत्री डॉ टांडी दोरजी ने कहा, कई मायनों में, भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर विकासशील देशों के हितों और चिंताओं की वकालत करते हुए ग्लोबल साउथ के एक मजबूत नेता के रूप में खड़ा है। जी20 की अपनी अध्यक्षता के माध्यम से, भारत ने ग्लोबल साउथ देशों की चिंताओं और हितों को सामने रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देशों के बीच एकजुटता और सहयोग की भावना को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी और ग्लोबल साउथ के कल्याण के प्रति उसका समर्पण अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उसके नेतृत्व का प्रमाण है। भूटान के मंत्री ने जी20 में अफ्रीकी संघ के प्रवेश की भी सराहना की और इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को श्रेय दिया।दोरजी ने कहा, निस्संदेह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करने की वकालत करने के लिए प्रशंसा के पात्र हैं।

### पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण, उत्तर-दक्षिण के विभाजन के बीच भारत की जी20 अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण थी



**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि यह बहुत तेजी से हो रहे पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण और बहुत गहरे उत्तर-दक्षिण विभाजन के बीच हुई। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के इतर शनिवार को यहां ग्लोबल साउथ के लिए भारत-संयुक्त राष्ट्र : विकास के लिए योगदान विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम मे यह बात कही। उन्होने कहा, हम नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के कुछ हफ्तो बाद मिले है, जो एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य की थीम पर आयोजित हुआ था। यह चुनौतीपूर्ण शिखर सम्मेलन था। इसकी अध्यक्षता वास्तव मे चुनौतीपूर्ण थी। विदेश मंत्री ने कहा, यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हम बहुत तेज पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण के साथ ही बहुत गहरे उत्तर-दक्षिण विभाजन का सामना कर रहे थे। लेकिन हमें जी20 के अध्यक्ष के रूप में यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत दृढ़ विश्वास था कि यह संगठन, जिससे दुनिया को इतनी सारी उम्मीदे है, वह वैश्विक वृद्धि और विकास के अपने मूल एजेंडे पर लौट सके। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि जी20 के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए इसकी विकासात्मक संभावनाओं पर विचार करने के वास्ते कई मायनो में नींव रखी।

### अंतरिक्ष यान से निकलने के बाद नासा के पहले क्षुद्रग्रह नमूने पृथ्वी पर पहुंचे

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष की अतल गहराइयों से क्षुद्रग्रह नमूनों को लेकर नासा का पहला अंतरिक्ष कैप्सूल सात साल की यात्रा पूरी कर रविवार को उताह रेगिस्तान में उतरा। पृथ्वी के पास से गुजरते हुए, ओसिरिस–रेक्स अंतरिक्ष यान ने कैप्सूल को 63,000 मील (100,000 किलोमीटर) दूर से छोड़ा। लगभग चार घंटे बाद यह कैप्सूल पैराशूट के जरिए सेना के उताह परीक्षण एवं प्रशिक्षण रेंज में उतर गया। वैज्ञानिकों को बेन्नू नामक कार्बन–समृद्ध क्षुद्रग्रह से कम से कम एक कप मलबा मिलने का अनुमान है। हालांकि, जब तक कंटेनर को खोला नहीं जाता, उसमें मिलने वाली सामग्री के बारे में पुष्ट तरीके से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। क्षुद्रग्रह के नमूने वापस लाने वाला एकमात्र अन्य देश जापान दो क्षुद्रग्रह मिशन से केवल एक चम्मच मलबा ही एकत्र कर सका था। रविवार को पहुंचे क्षुद्रग्रह के नमूनों के अध्ययन से वैज्ञानिकों को 4.5 अरब साल पहले हमारे सौर मंडल की शुरूआत के संबंध में और बेहतर ढंग से यह समझने में मदद मिलेगी कि पृथ्वी और जीवन ने कैसे आकार लिया।

## संरा: रूस के विदेश मंत्री ने पश्चिम पर साधा निशाना, लेकिन यूक्रेन का कोई जिक्र नहीं किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**रूस के शीर्ष** राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शनिवार को अपने भाषण के दौरान अमेरिका और पश्चिमी देशों को समाप्त होती अंतरराष्ट्रीय शक्ति संरचना का स्वार्थी रक्षक बताया, लेकिन उन्होंने यूक्रेन में रूस द्वारा जारी युद्ध का जिक्र नहीं किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा, अमेरिका और उसके अधीनस्थ पश्चिमी देश मिलकर संघर्षों को भड़काना जारी रखे हुए हैं। इन संघर्षों से मानवता कृत्रिम रूप से शत्रुतापूर्ण गुटों में बंटती है और इससे समग्र लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में बाधा उत्पन्न होती हैं। वे उचित बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे दुनिया को स्व–केंद्रित नियमों के अनुसार काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। लावरोव ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने से जुड़ी कुछ पुरानी शिकायतों और यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका एवं पश्चिमी सहयोगियों द्वारा अरबों डॉलर खर्च किए जाने का जिक्र किया, लेकिन यूक्रेन में 19 महीने से जारी युद्ध के बारे में कुछ नहीं कहा। लावरोव के भाषण के दौरान सभागार में यूक्रेन की सीट खाली थी। लावरोव ने कोरियाई प्रायद्वीप में मौजूदा माहौल के लिए भी अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया।

## बेनिन : व्यावसायिक इमारत में आग लगने से 35 लोगों की मौत

भाषा। पोर्टो नोवो (बेनिन)



**बेनिन की** राजधानी पोर्टो नोवो के दक्षिण में स्थित एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बेनिन के सरकारी प्रसारक द्वारा जारी वीडियो में आग बुझने के बाद इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आई और आसपास खड़ी कई कार तथा मोटरसाइकिल खाक हो गईं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जो गैसोलीन के भंडारण के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तीन लोगों की जान बचाई। अधिकारी ने कहा कि आग लगने की घटना शनिवार को हुई।

### ताइवान में फैक्ट्री में लगी आग में मरने वालों की संख्या दस हुई

**ताइपे( ताइवान )।** दक्षिणी ताइवान में गोल्फ की गेंद बनाने वाले कारखाने में आग लगने की घटना के बाद खोजी दलों को रविवार को घटनास्थल से लापता तीन लोगों के शव मिले हैं जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। ताइवान की मीडिया ने यह जानकारी दी। इस कारखाने का संचालक लॉन्च टेक्नोलॉजीज करती है जो गोल्फ की गेदों की प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने पिंगटुंग काउंटी के एक अग्निशमन अधिकारी के हवाले से बताया कि मृतकों में से चार दमकलकर्मी थे।

## ऑनलाइन देखे जाने वाले विज्ञापन फोन को प्रभावित कर सकता है

भाषा। लोवेल (अमेरिका)

**आपने क्या किया,** आप कहां गए, आपने किससे बात की, आपने क्या खरीदा, आप क्या खरीदने के बारे में सोच रहे हैं और भी बहुत कुछ गतिविधियों के बारे में हर दिन आप डिजिटल सुराग छोड़ते हैं। डेटा का यह समूह निजीकृत विज्ञापनों के लिए सुरागों की एक लाइब्रेरी के रूप में कार्य करता है। यह समूह विज्ञापनदाताओं, प्रकाशकों और विज्ञापन बिचौलियों का एक स्वचालित बाजार होता है जो तीव्र गति से काम करता है। विज्ञापन नेटवर्क आपकी पहचान को छुपाने के लिए तैयार किए गए हैं, लेकिन कंपनियां और सरकारें आपकी पहचान करने और आपकी गतिविधियों तथा ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं। स्पाइवेयर अभी भी अधिक आक्रामक है। वायरस के जोखिम वाला सॉफ्टवेयर जिसे कोई सरकारी एजेंट, निजी जांचकर्ता या अपराधी किसी के फोन या कंप्यूटर पर उनकी जानकारी या सहमति के बिना इंस्टॉल करता है। स्पाइवेयर के जरिए उपयोगकर्ता की कॉल, टेक्स्ट, ईमेल और वॉयस मेल तक पहुंच हो जाती है। स्पाइवेयर के कुछ रूप फोन को नियंत्रित कर सकते हैं, जिसमें उसका माइक्रोफोन और कैमरा चालू करना भी शामिल है।इजराइली अखबार हारेत्ज की एक खोजी रिपोर्ट के अनुसार, इन्सानेट नामक एक इजराइली प्रौद्योगिकी कंपनी ने ऑनलाइन विज्ञापन नेटवर्क के माध्यम से स्पाइवेयर उपलब्ध कराने के साधन विकसित किए हैं, कुछ लक्षित विज्ञापनों को ट्रोजन हॉर्स में बदल दिया है। ट्रोजन हॉर्स को सबसे विनाशकारी मैलवेयर के रूप में वर्णित किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, स्पाइवेयर से निपटने का कोई उपाय नहीं है, और इजराइली सरकार ने इन्सानेट को तकनीक बेचने की मंजूरी दे दी है। इन्सानेट का स्पाइवेयर शर्लक पहला स्पाइवेयर नहीं है जिसे फोन के मालिक को किसी दुर्भावनापूर्ण लिंक पर क्लिक करने या दुर्भावनापूर्ण फाइल डाउनलोड करने के लिए धोखा दिए बिना फोन पर इंस्टॉल किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, एनएसओ का आईफोन–हैकिंग पेगासस पिछले पांच वर्ष में उभरे सबसे विवादास्पद स्पाइवेयर उपकरणों में से एक है। एक शर्लक उपयोगकर्ता एक विज्ञापन अभियान बनाता है जो लक्ष्य के जनसांख्यिकीय और स्थान पर ध्यान केंद्रित करता है।

### स्पाइवेयर बनाम मैलवेयर

विज्ञापन नेटवर्क का इस्तेमाल वर्षो से वायरस के जोखिम वाले सॉफ्टवेयर उपलब्ध करने के लिए किया जाता रहा है, जिसे मैलवर्टाइजिंग कहा जाता है। ज्यादातर मामलों में, मैलवेयर फोन के बजाय कंप्यूटर पर लक्षित होता है। विज्ञापन नेटवर्क लगातार मैलवेयर के लिए स्कैन करते है और पता चलने पर उसे तेजी से ब्लॉक कर देते है। दूसरी ओर, स्पाइवेयर आमतौर पर फोन को निशाना बनाता है और इसे गुप्त रूप से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने और किसी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैयार किया गया है। एक बार जब स्पाइवेयर आपके सिस्टम में इंस्टॉल हो जाता है, तो यह कीस्ट्रोक्स को रिकॉर्ड कर सकता है और स्क्रीनशॉट ले सकता है। स्पाइवेयर का उपयोग कौन कर रहा है? वर्ष 2011 से 2023 तक, कम से कम 74 सरकारें स्पाइवेयर या डिजिटल फोरेंसिक तकनीक हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कंपनियो के साथ अनुबंध मे शामिल रही। राष्ट्रीय सरकारें निगरानी और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के साथ-साथ अपराध और आतंकवाद से निपटने के लिए स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर सकती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियां इसी तरह जांच प्रयासो के तहत स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर सकती है, खासकर साइबर अपराध, संगठित अपराध या राष्ट्रीय सुरक्षा खतरो से जुड़े मामलो मे। कंपनियां कर्मचारियो की कंप्यूटर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर सकती हैं। निजी जांचकर्ता कानूनी या व्यक्तिगत मामलो पर ग्राहको के लिए जानकारी और सबूत इकट्ठा करने के लिए स्पाइवेयर का उपयोग कर सकते है। हैकर्स और संगठित अपराध से जुड़े लोग धोखाधड़ी या जबरन वसूली के लिए जानकारी चुराने के वास्ते स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर सकते हैं। आशा की किरण यह है कि शर्लक का उपयोग करना महँगा प्रतीत होता है। हारेत्ज की रिपोर्ट में एक दस्तावेज के हवाले से कहा गया है कि शर्लक का इस्तेमाल करना महंगा प्रतीत होता है।

## अमेरिका ने निज्जर की हत्या के संबंध में कनाडा को खुफिया जानकारी दी थी : न्यूयॉर्क टाइम्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रतिष्ठित समाचारपत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिका ने कनाडा को खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी लेकिन ओटावा ने जो जानकारी जुटाई थी वह अधिक ठोस थी और उसके आधार पर ही उसने भारत पर आरोप लगाए हैं। यह खबर शनिवार को तब प्रकाशित हुई जब कनाडा में अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने पुष्टि की कि फाइव आइज के साझेदारों के बीच खुफिया जानकारी साझा की गई थी , जिसने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को एक खालिस्तानी अलगाववादी की कनाडा की धरती पर हुई हत्या में भारतीय एजेंटों के संलिप्त रहने का आरोप लगाने को प्रेरित किया। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए आक्रामक रूप से खारिज कर दिया ।

# तीन आपराधिक कानून सजा नहीं न्याय पर केंद्रित: शाह

● अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित किया

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को कहा कि तीन प्रस्तावित आपराधिक कानून जन-केंद्रित हैं और इनमें भारतीय मिट्टी की महक है तथा इनका मुख्य उद्देश्य नागरिकों के संवैधानिक, मानवीय और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना है। भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) द्वारा यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि इन तीनों विधेयकों का दृष्टिकोण सजा देने के बजाय न्याय प्रदान करना है। उन्होंने देश के सभी वकीलों से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस-2023) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए-2023) के बारे में सुझाव देने की अपील की ताकि देश को सर्वश्रेष्ठ कानून मिले और सभी को इसका लाभ हो। लोकसभा में गत 11 अगस्त को पेश किए गए तीन विधेयक क्रमश: भारतीय दंड संहिता, 1860अ दंड प्रक्रिया संहिता, 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। गृह मंत्री ने कहा, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली पर औपनिवेशिक कानून की छाप थी। तीनों नए विधेयकों में औपनिवेशिक छाप नहीं है, बल्कि भारतीय मिट्टी की महक है। इन तीन प्रस्तावित कानूनों का केंद्रीय बिंदु नागरिकों के साथ-साथ उनके संवैधानिक और मानवाधिकारों की तथा व्यक्तिगत अधिकारों की भी रक्षा करना है। शाह ने कहा कि वर्तमान समय की मांग को ध्यान में रखते हुए आपराधिक कानूनों में व्यापक बदलाव की पहल की गई है। उन्होंने कहा, ए कानून लगभग 160 वर्षों के बाद पूरी तरह से नए दृष्टिकोण और नई प्रणाली के साथ आ रहे हैं। नई पहल के साथ-साथ कानून-अनुकूल परिवेश बनाने के लिए सरकार द्वारा तीन पहल भी की गई है। शाह ने कहा कि पहली पहल ई-कोर्ट, दूसरी पहल अंतर-उपयोगी आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) और तीसरी पहल इन तीन प्रस्तावित कानूनों में नई तकनीक जोड़ने की है। उन्होंने कहा, तीन कानूनों और तीन प्रणालियों की शुरुआत के साथ, हम एक दशक से भी कम समय में अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में देरी को दूर करने में सक्षम होंगे। शाह ने कहा कि पुराने कानूनों का मूल उद्देश्य ब्रिटिश शासन को मजबूत करना था और उद्देश्य दंड देना था, न्याय करना नहीं। उन्होंने कहा, इन तीन नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रदान करना है, सज़ा देना नहीं। यह आपराधिक न्याय प्रदान करने का एक कदम है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए नए कानूनों में कई बदलाव किए गए हैं और दस्तावेजों की परिभाषा का काफी विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी मान्यता दे दी गई है, डिजिटल उपकरणों पर उपलब्ध संदेशों को मान्यता दी गई है तथा एसएमएस से लेकर ईमेल तक सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाने वाले समन को भी वैध माना जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि भीड़ द्वारा हत्या किए जाने (मॉब लिंचिंग) के संबंध में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है और राजद्रोह से संबंधित धारा को समाप्त कर दिया गया है तथा सामुदायिक सेवा को वैध बनाने का काम भी इन नए कानूनों के तहत किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं देश भर के सभी वकीलों से अपील करना चाहता हूं कि वे इन सभी विधेयकों का विस्तार से अध्ययन करें। आपके सुझाव बहुत मूल्यवान हैं। अपने सुझाव केंद्रीय गृह सचिव को भेजें और हम कानूनों को अंतिम रूप देने से पहले उन सुझावों पर निश्चित रूप से विचार करेंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि कोई भी कानून तभी सही बन सकता है, जब हितधारकों के साथ दिल से विचार-विमर्श किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ण न्याय की व्यवस्था को तभी समझा जा सकता है जब कोई उन कानूनों का अध्ययन करे, जो समाज के हर हिस्से को छूते हों।

## बिहार में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत

भाषा। मुजफ्फरपुर

**पूर्ण शराबबंदी** वाले बिहार में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अवधेश दीक्षित के मुताबिक, घटना काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र की है और फरार कथित सप्लायर की पत्नी और बेटी को हिरासत में ले लिया गया है। दीक्षित ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया,"हमें सूचना मिली कि पोखरिया पीर मोहल्ले में उमेश साह (55) और पप्पू राम की मौत हो गई है। उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे तीन दिन पहले संदिग्ध जहरीली शराब पीकर घर लौटे थे, बीमार पड़ गए और इलाज के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई।" एएसपी ने कहा,"दो अन्य, धर्मेंद्र राम और राजू राम, दोनों एक ही इलाके के निवासी हैं, ने आंखों की रौशनी खोने की सूचना दी। धर्मेंद्र राम ने पुलिस को बताया कि उन्होंने शिवचंद्र पासवान से शराब खरीदी थी, जिनका परिवार अवैध कारोबार में शामिल है। इस बीच, जिला पुलिस मुख्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मामले की जांच की जा रही है। आंखों की रौशनी खोने वाले दोनों व्यक्तियों ने संवाददाताओं को बताया कि वे ताड़ी पीने के लिए अक्सर एक स्थानीय बर्फ कारखाने के निकट स्थित पासवान के ठिकाने पर जाते थे। घटना के दिन पासवान ने उन्हें बताया कि ताड़ी उपलब्ध नहीं है और उन्होंने एक नशीला मिश्रण"झमरुवौ पेश किया और वादा किया कि इससे उन्हें नशा आएगा। गौरतलब है कि 2016 में नीतीश कुमार सरकार द्वारा बिहार में शराब की बिक्री और खपत पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने नीट-पीजी अर्हता परसेंटाइल को घटाकर शून्य करने के लिए सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2023 के लिए अर्हता परसेंटाइल को घटाकर शून्य किए जाने के सरकार के निर्णय को रविवार को चौंकाने वाला बताया और सवाल किया कि न्यूनतम बुनियादी मानकों को पूरी तरह से खत्म करने से किसे फायदा होने वाला है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को सभी श्रेणियों में काउंसलिंग को लेकर पात्र होने के संबंध में नीट-पीजी 2023 के लिए योग्यता परसेंटाइल को शून्य कर दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने नीट-पीजी के माध्यम से एमडीएमएस डिग्री को लेकर दाखिले के लिए कटऑफ को शून्य परसेंटाइल तक घटाने का निर्णय लिया है-जिससे परीक्षा में सबसे कम स्कोर करने वाले छात्र भी पात्र बन जाएंगे। यह बिल्कुल चौंकाने वाला निर्णय है। उन्होने कहा कि यह दिल्ली उच्च न्यायालय में सरकार द्वारा बताए गए रुख से पूरी तरह से यू-टर्न है। कांग्रेस नेता ने मीडिया की एक खबर का स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किया जिसमें सरकार ने पिछले साल उच्च न्यायालय को बताया था कि वह नीट-पीजी के कट-ऑफ को कम नही कर सकती ताकि शिक्षा का न्यूनतम स्तर कायम रखा जा सके। रमेश ने कहा, अधिकतर लोग इस बात से सहमत है कि मांगों को पूरा करने के लिए चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच और डॉक्टरों की आपूर्ति को नाटकीय रूप से बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन न्यूनतम बुनियादी मानकों को पूरी तरह से खत्म करने से किसको फायदा होगा? उन्होंने सवाल किया, क्या इससे केवल उन निजी मेडिकल कॉलेजों को फायदा नही होगा जो खाली रह गई सीटें सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को बेचना चाहते है। कांग्रेस नेता ने कहा, क्या यह यू-टर्न बहुत प्रभावशाली भाजपा नेताओं के बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है, जो इसमें बदलाव के बिना योग्य नही होते? केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि नीट-पीजी 2023 के लिए अर्हता परसेंटाइल को शून्य तक घटाने से क्वालीफाइंग उम्मीदवारों का पूल बढ़ जाएगा, लेकिन पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता प्रणाली कमजोर नही होगी। उन्होने कहा कि केवल उच्चतम अंक प्राप्त करने वालो को ही पीजी मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलेगा। अधिकारियों ने कहा कि दाखिला एक पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा और कुछ निजी कॉलेजों द्वारा कथित पिछले दरवाजे से प्रवेश की पेशकश को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने इन अटकलों को काल्पनिक बताया कि शून्य परसेंटाइल वाले छात्र भी विशेषज्ञ डॉक्टर बन सकते हैं।

### जब भी अत्याचार और अन्याय चरम पर होता है तो महिला शक्ति को आगे आना पड़ता है : राजे

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि जब भी अत्याचार और अन्याय चरम पर होता है तो महिला शक्ति को आगे आना पड़ता है।राजे ने कहा, जब देवता असहाय हो गए, तो देवी मां ने स्वयं महिषासुरमर्दिनी का रूप धारण करके महिषासुर का वध किया। महिलाएं अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए चंडी का रूप धारण करती हैं। वह यहां धर्म रक्षा समिति द्वारा आयोजित मातृशक्ति समागम कार्यक्रम मे बोल रही थी। उन्होने कहा, आज हर जगह महिलाओं के अपमान की खबरे सुनने को मिल रही है। नारी शक्ति का हर कदम पर अपमान हो रहा है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे है। अब इससे निपटने के लिए मातृशक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। राजे का बयान ऐसे समय मे महत्वपूर्ण है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले चुनावो की तरह इस बार अभी तक आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री का कोई चेहरा घोषित नही किया है। 2003 से राजे राजस्थान मे भाजपा पार्टी की मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार थी, लेकिन अंदरूनी कलह के कारण पार्टी ने मोदी के चेहरे पर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी ने प्रदेश के चार अलग-अलग स्थानो से परिवर्तन यात्राएं शुरू की थी। हर यात्रा का एक केंद्रीय नेता ने आगाज किया था। चारो यात्राओ के शुभारंभ के मौके पर राजे मौजूद रही। हालांकि, इन रैलियो के दौरान उन्होने सार्वजनिक रैलियो और अन्य कार्यक्रमो से दूरी बनाए रखी। यात्राएं सोमवार को जयपुर मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सार्वजनिक बैठक के साथ समाप्त होगी।

### ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 की तैयारी

**नई दिल्ली।** पत्तनपोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने तीसरी बहुप्रतीक्षित ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 जीएमआईएस के आयोजन का मार्ग प्रशस्त करते हुए वाराणसी में एक रोडशो किए जाने का ऐलान किया है। वाराणसी स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर में 25 सितंबर 2023 को होने वाला यह कार्यक्रम सरकारी अधिकारियों, नौकरशाहों, उद्योग से जुड़े प्रमुख लोगों को एक साथ लेकर आएगा। इस दौरान समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रेड और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी और विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकारों के प्रतिनिधि शोभा बढ़ाएंगे। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित वाराणसी रोड शो समुद्री क्षेत्र के विकास की संभावनाओं का पता लगान सहयोग को बढ़ावा देने और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हितधारकों के लिए अवसरों को सामने लाने का एक मंच होगा। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से नेपाल के माननीय फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रकाश ज्वाल उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में प्रमुख सचिव परिवहन लक्को वेंकटेश्वरलु, झारखंड सरकार में सचिव परिवहन कृपा नंद झा, पश्चिम बंगाल सरकार में सचिव परिवहन आईएएस डॉ. सौमित्र मोहन और बिहार सरकार में सचिवआईएएसए संजय कुमार अग्रवाल के उपस्थित रहने की भी संभावना है। पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा हमारे लॉजिस्टिक्स ढांचे को मजबूत करने की अटूट प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के साथएभारत एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। आईडब्ल्यूएआई के चेयरमैन संजय बंदोपाध्याय ने कहा कि हम बेसब्री से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### हेडलाइट को लेकर विवाद के दौरान एसआरपीएफ जवान ने व्यक्ति को मारा थप्पड़, मौत


**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर मे कार की हेडलाइट को लेकर हुए विवाद के दौरान राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने 54 वर्षीय एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अधिकारी के मुताबिक, घटना बृहस्पतिवार रात वाठोडा थाने के अंतर्गत माता मंदिर इलाके मे हुई, जहां आरोपी एसआरपीएफ जवान निखिल गुप्ता (30) अपनी बहन से मिलने पहुंचा था। अधिकारी ने बताया कि जब निखिल अपनी कार खड़ी कर रहा था, तब वाहन की हेडलाइट की रोशनी उसी इलाके के रहने वाले व्यक्ति मुरलीधर रामरावजी नेवारे के चेहरे पर पड़ी।अधिकारी के अनुसार, नेवारे ने निखिल से विनम्रतापूर्वक हेडलाइट बंद करने को कहा, जिस पर एसआरपीएफ जवान नाराज हो गया और दोनो के बीच विवाद हो गया। अधिकारी ने बताया कि निखिल ने नेवारे को जोरदार थप्पड़ मारा, जिसकी वजह से पीड़ित जमीन पर गिर पड़ा।अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित को सरकारी चिकित्सा कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने निखिल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर-इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।

## रवि किशन ने भी ने दानिश के आचरण की जांच करने का आग्रह किया

● बिधूड़ी की टिप्पणी पर विवाद

भाषा। नई दिल्ली

**निशिकांत दुबे के** बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक अन्य सांसद रवि किशन शुक्ला ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के आचरण की जांच करने का आग्रह किया है।शुक्ला ने अली पर सदन में असंसदीय कृत्यों में शामिल होने और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। विपक्षी दलों ने जहां बृहस्पतिवार को सदन में अली के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दुबे ने आरोप लगाया है कि बसपा सांसद ने सत्तारूढ़ दल के सदस्य को उकसाने के इरादे से अशोभनीय टिप्पणी की थी।



अली ने रविवार को दुबे के आरोपों को बेबुनियाद बताया और दावा किया कि लोकसभा में उनकी मौखिक लिंचिंग के बाद सदन के बाहर उनकी लिंचिंग की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में शुक्ला ने कहा कि बिधूड़ी ने अली के खिलाफ जो भी शब्द इस्तेमाल किए हैं, वे "किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हैं, लेकिन जिन परिस्थितियों में सदन में एक सांसद द्वारा किसी अन्य सांसद के खिलाफ "ऐसे आपत्तिजनक" शब्दों का इस्तेमाल किया गया, उन पर गौर फरमाने और उनकी जांच किए जाने की जरूरत है।

### भाजपा सांसद के आरोप आधारहीन, मेरी लिंचिंग के लिए विमर्श तैयार किया जा रहा है : दानिश अली

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता दानिश अली ने रविवार को आरोप लगाया कि लोकसभा मे मौखिक लिंचिंग के बाद अब सदन के बाहर लिंचिंग के लिए विमर्श तैयार किया जा रहा है। अली ने यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे के आरोप के जवाब में की। दुबे ने आरोप लगाया था कि अली ने अपशब्द बोले थे जिसकी वजह से पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी भड़के। लोकसभा मे गत बृहस्पतिवार को चंद्रयान-3 पर चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने कथित तौर पर बसपा सदस्य अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और विपक्षी नेताओं ने भाजपा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। दुबे ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बसपा सांसद दानिश अली के अशोभनीय आचरण और टिप्पणियो की भी जांच कराने की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र में दुबे ने अली पर बृहस्पतिवार को लोकसभा मे बिधूड़ी के भाषण के दौरान टोका-टोकी करने तथा अप्रिय टिप्पणियां करने का आरोप लगाया एवं कहा कि उनके ऐसा करने का मकसद उन्हे (बिधूड़ी को) उकसाना था कि वह अपना धैर्य खो दे। दुबे के आरोपो पर अली ने कहा, मैने निशिकांत दुबे का पत्र देखा है। सदन के भीतर मेरी मौखिक लिंचिंग की गई अब सदन के बाहर मेरी लिंचिंग करने के लिए विमर्श तैयार किया जा रहा है। उन्होने कहा, मै लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह करूंगा कि इस आधारहीन आरोप की जांच कराई जाए। इस आधारहीन आरोप से निशिकांत के खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन का मामला बनता है। दुबे ने आरोप लगाया कि अली ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बहुत ही आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की। साथ ही, दुबे ने स्पष्ट शब्दो मे बिधूड़ी की टिप्पणियो की निंदा करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज उन्हें सही नही ठहरा सकता। अली ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, सिद्धांत है कि चीजें खुद बोलती है और श्री निशिकांत दुबे के दावे का कोई आधार नही है। जो हुआ वह धब्बा है और निश्चित तौर पर इससे इनकार नही किया जा सकता। घटनाओ को काल्पनिकता का जामा पहनाना और तथ्यो से खेलना इस बार काम नही आएगा।

गोरखपुर से लोकसभा सांसद शुक्ला ने कहा कि 21 सितंबर को सदन के निचले सदन में कुछ अभूतपूर्व और असंसदीय चीजें हुईं। भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी ने सदन में बसपा सदस्य के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक और अनुचित शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द भले ही "काफी अनुचित, अस्वीकार्य और संसद के उच्च मानकों के अनुरूप नहीं थे, लेकिन भाजपा सदस्य ने "अली द्वारा लगातार हंगामा मचाने और व्यवधान उत्पन्न करने के कारण आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और वो भी बहस के आवेश में।" शुक्ला ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि बिधूड़ी ने अली के खिलाफ जो भी शब्द इस्तेमाल किए हैं, वे अस्वीकार्य हैं, लेकिन बसपा सदस्य द्वारा जिस तरह से चीजों के साथ छेड़खानी की जा रही है और "राजनीतिक एजेंडे एवं मीडिया का ध्यान खींचनै" के लिए इनका इस्तेमाल किया जा रहा है, वह आपत्तिजनक है।

## जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने दो आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, पांच आतंकी गिरफ्तार

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर के** कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के साथ ही पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से दो पिस्तौल, तीन हथगोले, एक यूबीजीएल और कुछ गोला-बारूद जब्त किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान आदिल हुसैन वानी, सुहैल अहमद डार, एतमाद अहमद लावे, मेहराज अहमद लोन और सबजार अहमद खार के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि कैमोह पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## मध्य प्रदेश में कोटवारों का मानदेय दोगुना किए जाने की घोषणा

● सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपए दिए जाएंगे

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कोटवारों को सौगात देते हुए उनका मानदेय दोगुना करने तथा सेवानिवृत्ति के समय उनको एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कोटवार सम्मेलन में चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोटवारों को सेवानिवृत्ति के समय एक लाख रुपए की राशि मिलेगी। कोटवारों को मिलने वाली राशि में अब हर साल 500 रुपए बढ़ते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कोटवार जिनके पास सेवा भूमि नहीं है उन्हें 4,000 रूपए के स्थान पर 8,000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। ऐसे कोटवार जिनके पास 3 से 7.5 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें 600 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर ।,200 रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। चौहान ने कहा कि ऐसे कोटवार जिनके पास 7.5 एकड़ से 10 एकड़ तक सेवा भूमि है उन्हें न्यूनतम मानदेय ।,000 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इसमें समय-समय वृद्धि भी होगी। उन्होंने कहा कि जिनके पास तीन एकड़ तक की सेवा भूमि है उन्हें वर्तमान में मिल रहे ।,000 रुपए के स्थान पर 2,000 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। चौहान ने कहा, ग्राम कोटवार राजस्व प्रशासन के रीढ़ की हड्डी हैं। वे सूचनाओं को अपडेट करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ओला, पाला, खेतों में इल्ली, सूखा और अन्य आपदाओं की जानकारी देने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। इनके जीवन की कठिनाईयों को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोटवार ग्राम में मुनादी का कार्य भी करते हैं। हर विभाग की सही जानकारी कोटवार ही देते हैं। वे जन्म-मृत्यु सूचना एवं सीमांकन का आंकड़ा देते हैं। चौहान ने कहा कि कोटवारों को सीधे मुख्यमंत्री निवास से जोड़कर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त करने का माध्यम भी बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाएगा। उनकी वर्दी का रंग अब खाकी होगा। चौहान ने कहा कि कोटवार पद पर नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से छूट रहेगी। प्रत्एक कोटवार को सीयूजी सिम मिलेगी। इसका रिचार्ज भी राज्य सरकार करेगी। कोटवार परिवार की हर बहन को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा। कोटवारों का प्रतिवर्ष सम्मेलन होगा।

### सियासत में आने की अभी कोई योजना नहीं: सिंधिया के बेटे महानआर्यमन ने कहा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानआर्यमन सिंधिया ने उनके सियासत में कदम रखने की अटकलों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि अभी राजनीति में आने की उनकी कोई योजना नहीं है। सिंधिया ने इंदौर में कहा,निश्चित तौर पर राजनीति समाज में बदलाव लाने का एक माध्यम है, लेकिन अभी मेरी राजनीति में आने की कोई योजना नहीं है। महानआर्यमन ने कहा कि केवल एक इंसान भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है और इसके लिए उसे राजनीति में आने की जरूरत नहीं है। महात्मा गांधी ने अपने दम पर दक्षिण अफ्रीका और भारत में गैर राजनीतिक क्रांति की शुरुआत की थी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों को उम्मीद है कि वह एक दिन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। बेटे ने कहा, उम्मीद करना सबका अधिकार है।



चैन्नई में भगवान गणेश का विसर्जन करते लोग

## चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत पांच तक बढ़ाई

भाषा। विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)



● कौशल विकास घोटाला

**आंध्र प्रदेश में** विजयवाड़ा की एक अदालत ने कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि रविवार को पांच अक्टूबर तक बढ़ा दी।आंध्र प्रदेश पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारियों ने कौशल विकास निगम घोटाले के संबंध में नायडू से राजामहेंद्रवरम केंद्रीय कारागार में दो दिवसीय पूछताछ रविवार को पूरी कर ली और इसके बाद यह आदेश सामने आया। सीआईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक वाई. एन. विवेकानंद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विजयवाड़ा की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने रविवार शाम पांच बजे दो दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के मद्देनजर नायडू की न्यायिक हिरासत की अवधि पांच अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सीआईडी सोमवार को नायडू की हिरासत के अनुरोध के लिए एक अलग याचिका दायर कर सकती है। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री की जमानत याचिका और एपी फाइबरनेट और अमरावती इनर रिंग रोड मामलों में दो और सीआईडी कैदी ट्रांजिट (पीटी) वारंट याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है।कौशल विकास निगम घोटाला मामले में नायडू पहले ही उच्चतम न्यायालय का रुख कर चुके हैं। एसीबी की अदालत ने मामले में पूछताछ के लिए नायडू (73) को दो दिन की सीआईडी हिरासत में भेज दिया था। अदालत के आदेशों के अनुपालन में, नायडू से दो दिन (23 और 24 सितंबर) सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक पूछताछ की गई। इस दौरान उन्हें नियमित आधार पर पांच-पांच मिनट का ब्रेक दिया गया, ताकि वे अपने वकील से संपर्क कर सकें। पुलिस महानिदेशक (जेल) एम आर रवि किरण ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नायडू से पूछताछ पूरी करने के बाद सीआईडी अधिकारियों ने उन्हें वापस जेल अधिकारियों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को विजयवाड़ा एसीबी अदालत के आदेशानुसार शाम पांच बजे ब्लू जींस ऐप के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। किरण ने कहा, ब्लू जींस एक ऐप है, जिसका इस्तेमाल कर कैदियों को डिजिटल माध्यम से अदालतों में पेश किया जाता है। अदालत द्वारा दी गई दो दिन की पुलिस हिरासत और दो दिन की न्यायिक हिरासत की अवधि आज समाप्त हो गई, जिसके बाद अदालत ने नायडू की हिरासत पांच अक्टूबर तक बढ़ा दी।

## भारत और अमेरिका की सेनाएं आज अलास्का में दो सप्ताह का युद्ध अभ्यास शुरू करेंगी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत और** अमेरिका की सेनाएं सोमवार को अलास्का में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास शुरू करेंगी, जिसमें कई जटिल अभ्यास शामिल होंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह भव्य युद्धाभ्यास नई दिल्ली और वाशिंगटन द्वारा भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के समग्र दायरे का विस्तार करने पर नए सिरे से जोर दिए जाने के बीच हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 350 सैनिकों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी युद्ध अभ्यास के 19वें संस्करण में हिस्सा लेने के लिए पहले ही अलास्का के फोर्ट वेनराइट पहुंच चुकी है। यह भारतीय और अमेरिकी सेना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वार्षिक अभ्यास है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2022 में उत्तराखंड के औली में आयोजित किया गया था।



अधिकारियों के मुताबिक, इस अभ्यास में लड़ाकू इंजीनियरिंग, बाधा निवारण और आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) युद्ध सहित अन्य सैन्य कौशल के व्यापक दायरे पर विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान भी शामिल होगा। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, युद्ध अभ्यास-23 दोनों सेनाओं को एक-दूसरे से पारस्परिक रूप से सीखने की सुविधा प्रदान करेगा और उनके बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। बयान के मुताबिक, अभ्यास में भारत की ओर से शामिल होने वाली प्रमुख बटालियन मराठा लाइट इन्फैंटरी रेजिमेंट से संबद्ध है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका की तरफ से अभ्यास में पहली ब्रिगेड लड़ाकू टीम की।-24 इन्फैंटरी बटालियन भाग लेगी। बयान के अनुसार, दोनों पक्ष संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों के संचालन में अंतर संचालनीयता को बढ़ावा देने के लिए सामरिक अभ्यासों की एक शृंखला का अभ्यास करेंगे। दोनों पक्षों के सैनिक अपने अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए विस्तृत चर्चा में भी शामिल होंगे। इसमें बताया गया है कि अभ्यास का विषय संयुक्त राष्ट्र शासनादेश के अध्याय ङ्कढ्ढ के तहत पर्वतीयाचरम जलवायु परिस्थितियों में एक एकीकृत युद्ध समूह का नियोजन है। अभ्यास के बाद एक कमांड और चयनित विषयों पर विशेषज्ञ अकादमिक चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। भारतीय सेना ने कहा कि युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास के दायरे में ब्रिगेड स्तर पर दुश्मन ताकतों के खिलाफ एकीकृत युद्ध समूहों का सत्यापन, ब्रिगेडाबटालियन स्तर पर एकीकृत निगरानी ग्रिड और हेलिबोर्नाहवाई तत्वों एवं बल गुणक प्रणालियों की तैनाती शामिल है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितंबर, 2023



# भारतीय निशानेबाजों और नाविकों की रही चांदी

## ● एशियाई खेलों में अच्छी शुरूआत

भाषा। हांगझोउ

**भारतीय निशानेबाजों** ने एशियाई खेलों में अच्छी शुरूआत करते हुए रविवार को महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि रमिता जिंदल को व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। अनुभवी मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसी की तिकड़ी ने 1886 अंक हासिल करके दूसरा स्थान पाया। चीन ने 1896 . 6 अंक के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर विश्व चैम्पियन रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 230 .। स्कोर करके व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक भी जीता। चीन ने रजत और कांस्य पदक जीते। हुआंग युटिंग ने खेलों का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 252 . 7 अंक लेकर स्वर्ण जीता जबकि हान जिआयु को रजत पदक मिला। रमिता रजत पदक की दौड़ में थी लेकिन 13वें शॉट पर 9 . 9 स्कोर करने से पिछड़ गई। मेहुली घोष 208 . 43 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रही। क्वालीफिकेशन दौर में 19 वर्ष की रमिता ने 631 . 9 स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया जबकि मेहुली 630 . 8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। रमिता ने क्वालीफिकेशन दौर में छह सीरिज में 104.3, 106.7, 105.2, 104.3, 105.4 और 106 स्कोर किया। वह चीन की हान जियान के बाद दूसरे स्थान पर रही। जियान ने 634 .। स्कोर करके एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन में 630 . 8 अंक बनाए। उन्होंने 104.6, 105.7, 104.6, 105.1, 104.9 और 105.9 स्कोर किया। आशी चौकसी फाइनल में जगह नहीं बना सकी और 623 . 3 के स्कोर के साथ 28वें स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1886 . 0 रहा जिससे उसे रजत पदक मिला। मेहुली ने कहा कि इतनी कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच रजत पदक जीतना गर्व की बात है। उन्होंने कहा , भारत के लिए पहला पदक जीतना मेरे और टीम के लिए खास है। औसत क्वालीफिकेशन स्कोर बहुत अच्छा रहा। काफी कठिन प्रतिस्पर्धा थी और ऐसे में रजत पदक जीतना गर्व की बात है। उन्होंने कहा , यह मेरे पहले एशियाई खेल हैं और कई मायने में चीजे नई है। मसलन अभ्यास पर जाने के लिए बस का इंतजार करना। इससे मेरे अभ्यास या प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ता लेकिन मैं यह सब सीख रही हूं। यह नया अनुभव है। ओलंपियन जॉयदीप करमाकर के साथ पांच साल से अधिक समय तक कोलकाता में अभ्यास करने के बाद अब वह दो साल पहले गगन नारंग की अकादमी में लौटी है।

## महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम को रजत , रमिता को कांस्य




## अर्जुन-अरविंद को नौकायन में रजत कॉक्स एट टीम दूसरे स्थान पर रही



**हांगझोउ।** भारतीय नौकायन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलो मे रविवार को शानदार शुरूआत करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। सुबह अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने पुरूष लाइटवेट डबल स्कल स्पर्धा मे रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारतीय जोड़ी 6 : 28 . 18 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन के जुंजी फान और मान सुन ने 6 : 23 . 16 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उजबेकिस्तान के शखजोद नुरमातोव और सोबिरजोन सफरोलिएव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरूषों की कॉक्स एट स्पर्धा मे भारत और चीन के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमे भारतीय टीम 5 : 43 . 01 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 2 . 84 सेकंड से बाजी मारकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम मे नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष शामिल थे। टीम मे कॉक्सवे की भूमिका निभाने वाले धनंजय उत्तम पांडे ने कहा, यह हमारे लिए एक शानदार रेस थी। यह उस योजना के अनुसार हुआ, जिस पर हमने कल अपने कोच और साथियो के साथ काम किया था। इंडोनेशिया को कांस्य पदक मिला। जापान और उजबेकिस्तान जैसे नौकायन के धुरंधरों की टीमें पाचवे और चौथे स्थान पर रही। हमारा लक्ष्य उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जापान जैसी मुख्य टीमो पर दबाव बना कर जीत के लिए चीन को चुनौती देने का था। भारतीय टीम मे उनके साथ खिलाड़ी नीतीश ने कहा, हम 2019 से एक साथ प्रशिक्षण ले रहे है। हम सभी ने एकसाथ शिविरो मे भाग लिया है। हमे अभी और प्रतियोगिताओ मे चुनौती पेश करनी है। हम उसके बाद ही एक साथ जश्न मनाएंगे। कॉक्सलेस पेयर मे भारत के बाबूलाल यादव और लेख राम को कांस्य पदक मिला जिन्होंने 6 : 50 .41 सेकंड का समय निकाला। हांगकांग चीन ने स्वर्ण और उजबेकिस्तान ने रजत पदक जीता। भारत ने नौकायन मे 33 सदस्ईय दल भेजा है। अरविंद ने पदक जीतने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य स्वर्ण था लेकिन दो महीने पहले लगी चोट के कारण उनकी तैयारियां बाधित हुई। उन्होने कहा , हम 20 . 25 दिन अभ्यास नही कर सके क्योंकि मेरी कमर मे चोट लगी थी।




## टेबल टेनिसः भारतीय पुरूष टीम क्वार्टर फाइनल में हारी, महिला टीम भी बाहर



**हांगझोउ।** भारतीय पुरूष टेबल टेनिस टीम रविवार को यहां दक्षिण कोरिया की दूसरी श्रेणी की टीम से 0-3 हार गई जिससे उसका एशियाई खेलो मे पदक जीतने का सपना भी चकनाचूर हो गया। हरमीत देसाई पहला मैच एन जेह्युन से 0-3 से हार गए। जी साथियान ने पार्क गैंघयोन को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन दक्षिण कोरिया खिलाड़ी के सामने उनकी भी एक नही चली। भारत को वापसी दिलाने का जुम्मा अब अचंता शरत कमल पर था लेकिन वह भी ओ जुनसुंग से 2-3 से हार गए।भारत को इस हार ने इसलिए ज्यादा आहत किया होगा क्योंकि दक्षिण कोरिया के शीर्ष तीन खिलाड़ी इस मैच मे खेले ही नही थे। इससे पहले शरत कमल ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए आखिरी तीन गेम मे जीते जिससे भारतीय टीम प्री-क्वार्टर फाइनल मे कजाखस्तान को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराने में सफल रही।महिला टीम को हालांकि प्री-क्वार्टर मे थाईलैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## शतरंजः भारतीय पुरूष टीम दूसरे दौर में हारी, हंपी और हरिका ने दो-दो जीत दर्ज की

**हांगझोउ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती रविवार को यहां एशियाई खेलों की पुरूष व्यक्तिगत शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे दौर में कजाखस्तान के अंतरराष्ट्रीय मास्टर काजिबेक नोगरबेक के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। विदित पुरूष वर्ग मे तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी है। महिला वर्ग मे भारत की दो शीर्ष खिलाड़ियों कोनेरू हंपी और डी हरिका ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दो दौर मे जीत दर्ज की। विदित ने पहले दौर में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय मास्टर मोहम्मद फहद रहमान को हराकर अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे दौर में उन्हें कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। रेपिड प्रारूप मे खेली जा रही व्यक्तिगत स्पर्धा में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय अर्जुन एरिगेसी के दो दौर के बाद 1.5 अंक है। पहले दौर मे फिलिपीन्स के पाउलो बेरसामिना को हराने के बाद 20 साल के एरिगेसी ने दूसरे दौर मे वियतनाम के ली तुआन मिन्ह के खिलाफ बाजी ड्रॉ की। पुरूष वर्ग मे उज्बेकिस्तान के स्टार नोदिरबेक अब्दुसतोरोव और चीन के वेई ई पुरूष वर्ग मे हिस्सा ले रहे शीर्ष खिलाड़ी है।

## नागल, माइनेनी - रामनाथन की जोड़ी पुरूष युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां मकाऊ के हो टिन मार्को लेउंग के खिलाफ बिना कोई गेम गंवाए एशियाई खेलो के पुरूष एकल मे एकतरफा जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। पांचवें वरीय नागल को पहले दौर मे बाई मिला था और दूसरे दौर का उनका यह मैच पहले ही काफी आसान माना जा रहा था क्योंकि प्रतिद्वंद्वी के पास एटीपी की रैंकिंग भी नही है। एटीपी रैंकिंग मे 159 वे स्थान पर काबिज नागल ने महज 45 मिनट मे 6-0, 6-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। अगले दौर मे उनके सामने कजाखस्तान के बेइबित जुकाएव की चुनौती होगी, उन्होंने ताजिकिस्तान के फिरोज मुखिदिनोव को मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने पुरूष युगल मे अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत से की।

## निकहत की जीत, प्रीति क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ।** भारत की दो बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां महिला 50 किग्रा वर्ग मे वियतनाम की थि ताम एनगुएन पर 5-0 की दबदबे भरी जीत से एशियाई खेलो के प्री क्वार्टरफाइनल मे जबकि प्रीति पवार (54 किग्रा) ने क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश किया। निकहत और दो बार की एशियाई चैम्पियन एनगुएन के बीच यह मुकाबला मार्च मे विश्व चैम्पियनशिप फाइनल का दोहराव था जिसमे इस भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत फैसले मे जीत दर्ज कर प्री क्वार्टर मे जगह बनाई। प्रीति ने भी दबदबा बनाते हुए जोर्डन की सिलिना अलहासनात को आरएससी से हराया। 50 किग्रा स्पर्धा मे मौजूदा विश्व चैम्पियन होने के बावजूद निकहत उन चार मुक्केबाजो मे से एक रही जिन्हे पहले दौर मे बाई नही मिली है। निकहत ने जीत के बाद कहा, मैने इस मुकाबले को एकतरफा होने की उम्मीद नही की थी लेकिन मेरी योजना इसे ऐसा करने की थी। मेरी योजना पहले दो राउंड सर्वसम्मत फैसले मे जीतने की थी ताकि मै तीसरे राउंड मे रिलैक्स रहूं।

## भारतीय महिला रग्बी टीम की शर्मनाक हार

**हांगझोउ।** भारतीय महिला रग्बी सेवन्स टीम को रविवार को यहां एशियाई खेलो के पहले दो मैचो मे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत ने पूल एफ मे अपने अभियान की शुरुआत हांगकांग के खिलाफ 0-38 की बड़ी हार के साथ की। भारत को इसके बाद गत चैंपियन जापान के खिलाफ 0-45 की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल मे जगह बनाने की उम्मीद टूट गई। भारत अब सोमवार को सिंगापुर से भिड़ेगा। इस मुकाबले मे जीत से भारत पूल मे तीसरे स्थान पर रहकर पांचवे और छठे स्थान के क्लासीफिकेशन प्ले ऑफ मे हिस्सा ले सकता है। भारत की रग्बी सेवन्स महिला टीम की अगुआई शीतल शर्मा कर रही है।

## एशियाई खेलों पदक तालिका

| देश- | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 20 | 7 | 3 | 30 |
| द.कोरिया | 5 | 4 | 5 | 14 |
| जापान | 2 | 7 | 5 | 14 |
| हांगकांग | 2 | 0 | 5 | 7 |
| उज्बेकिस्तान | 1 | 3 | 3 | 7 |
| ताइपे | 1 | 1 | 2 | 4 |
| भारत | 0 | 3 | 2 | 5 |

## ईस्पोर्ट्सः चरणजोत सिंह और करमन टिक्का हारे

**हांगझोउ।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी चरणजोत सिंह और करमन सिंह टिक्का रविवार को यहां ईस्पोर्ट्स प्रतियोगिता के एफसी ऑनलाइन-4 गेम में कड़े मुकाबले में हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गए। चरणजोत सिंह अपने शुरुआती गेम मे चीन के लियू जियाचेग से 0-2 से हार गए लेकिन उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर शानदार वापसी की। उन्होंने लॉसर्स ब्रैकेट राउंड।, 2 और 3 में क्रमशः फिलीपीस के एरिस्टोरेनास जोरेल को 2-0 से, बहरीन के अलरोवाइही आरकेएम को 2-। से और कजाकिस्तान के एसेंटाएव ओलझास को 2-0 से हराया। हालांकि वह अपनी लय को बरकरार नही रख पाए और लॉसर्स ब्रैकेट राउंड 4 मे चीन के लियू जियाचेग के खिलाफ 0-2 से हार के बाद उनका अभियान समाप्त हो गया।

## श्रीहरि छठे स्थान पर रहे, महिला फ्रीस्टाइल रिले टीम फाइनल में सातवें स्थान पर

**हांगझोउ।** स्टार तैराक श्रीहरि नटराज का एशियाई खेलो मे रविवार को यहां 100 मीटर पुरूष बैकस्ट्रोक और भारतीय महिला टीम का चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले फाइनल मे शानदार सफर क्रमशः छठे और सातवे स्थान पर समाप्त हुआ। श्रीहरि 54 . 71 सेकेंड का समय निकालकर अपनी हीट मे दूसरे और कुल पांचवे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने फाइनल 54.48 सेकेंड का समय निकाला जिससे वह छठे स्थन पर रहे। वह स्वर्ण पदक विजेता चीन के जु जियाउ (52.23) से 2.25 सेकेंड पीछे रहे। जापान के इरी रियोसुके ने रजत और कोरिया के ली जुहो ने कांस्य पदक जीता। ओलंपियन माना पटेल, धिनिधि देसिंघु, जानवी चौधरी और शिवांगी शर्मा फाइनल मे 3 : 54 . 80 सेकेंड का समय निकालकर सातवे स्थान पर रही। महिला फ्रीस्टाइल रिले टीम 3 : 53 . 80 सेकेंड का समय निकालकर दस टीम मे छठे स्थान पर रहकर फाइनल मे पहुंची थी।

## हॉकी में भारत ने उजबेकिस्तान को 16-0 से रौंदा



**हांगझोउ।** ललित उपाध्याय, वरूण कुमार और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर भारत ने एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में रविवार को उजबेकिस्तान को 16–0 से रौंदकर जीत के साथ आगाज किया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए यह पूल ए का बेमेल मुकाबला था। उजबेकिस्तान एफआईएच रैंकिंग में 66वें स्थान पर है। भारत की ओर से ललित उपाध्याय (सातवां, 24वां ,37वां और 53वां मिनट) , मनदीप सिंह (18वां, 27वां और 28वां मिनट) और वरूण कुमार (12वां, 36वां, 50वां और 52वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई। अभिषेक (17वां) , सुखजीत सिंह (42वां), शमशेर सिंह (43वां), अमित रोहिदास (38वां) और संजय (57वां) ने गोल किए। भारत को अब 26 सितंबर को सिंगापुर से खेलना है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यह मैच नहीं खेला। उद्घाटन समारोह में वह ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक थे जिसके बाद उन्हें आराम दिया गया। भारतीयों ने शुरू ही से दबदबा बनाते हुए सातवें मिनट में पहला गोल दाग दिया। भारत को पूरे 60 मिनट में 14 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से पांच पर ही गोल हो सका जो कोच क्रेग फुल्टोन के लिए चिंता का विषय है। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति और मिडफील्डरों ने मिलकर 10 गोल किए ।

## भारत ने म्यांमा से 1-1 से ड्रा खेला फुटबॉल के राउंड 16 में प्रवेश



**हांगझोउ।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के गोल की मदद से भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां म्यांमा से।-। से ड्रा खेलकर एशियाई खेलो के राउंड 16 मे प्रवेश किया। अब प्री क्वार्टरफाइनल मे भारत का सामना सऊदी अरब से होगा। छेत्री ने 23वे मिनट मे पेनल्टी स्पॉट पर गोल किया। म्यांमा के खिलाड़ी हेन जेयार लिन ने बॉक्स के अंदर रहीम अली को गिरा दिया जिससे भारत को पेनल्टी मिली। लिन को इस टैक्ल के लिए पीला कार्ड दिखाया गया और छेत्री ने इसे गोल मे पहुंचाने मे कोई चूक नही की। छेत्री ने दो दिन पहले दूसरे ग्रुप मैच मे बांग्लादेश के खिलाफ भी पेनल्टी स्पॉट से ही गोल दागा था। पर म्यांमा ने क्यिॉ हतवे के 74वे मिनट मे किए गए गोल की मदद से बराबरी हासिल की। दोनों टीमो के समान अंक थे लेकिन ग्रुप ए से भारत ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर मे प्रवेश किया क्योंकि छेत्री की अगुआई वाली टीम ने टूर्नामेंट मे म्यांमा से अधिक गोल दागे है।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही

**वेनझोउ (चीन)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम रविवार को यहां थाईलैंड से मिली 0-। की हार के बाद एशियाई खेलो के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने मे विफल रही। भारतीय टीम ने अपने से ऊंची रैंकिंग की थाईलैंड टीम को चुनौती पेश की। लेकिन थोंग्रोंग परिचाट के 52वें मिनट मे किए गए गोल की मदद से थाईलैंड की टीम अपने ग्रुप बी मैच मे विजेता रही। भारतीय टीम एशियाड के शुरुआती मैच मे चीनी ताइपे से।-2 से हार गई थी। थाईलैंड के खिलाफ इस हार से भारत का दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमो मे शामिल होने का मौका भी खत्म कर दिया जो पांच ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमो के साथ नॉकआउट मे पहुंचेगी। भारत ने मैच मे संयमित शुरुआत की और जिस तरह से उसकी खिलाड़ी मौके बना रही थी, वह प्रतिद्वंद्वी से कही बेहतर टीम दिख रही थी।

## भारतीय तलवारबाज तनीक्षा क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पदक से चूकी

**हांगझोउ।** भारतीय तलवारबाज तनीक्षा खत्री व्यक्तिगत एपी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में विश्व के दूसरे नंबर के हांगकांग की खिलाड़ी वाई विवियन से 7–15 से हारकर पदक से चूक गई गई। तनीक्षा ने पूल चरण के तीन मैचों को जीत कर नॉकआउट दौर में जगह पक्की की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी को सात बार टच किया जो उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था। अगर वह क्वार्टर फाइनल जीत दर्ज करने में सफल रहती तो भारत के एक नाम इस स्पर्धा में कम से कम एक कांस्य पदक पक्का हो जाता। तनीक्षा अंतिम 32 दौर के मुकाबले में अपनी टीम की साथी ईना अरोड़ा को चार अंक (15–11) हराने में सफल रही थी। उन्होंने प्री–क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की शाखजोदा एगंबरडीवा पर 15–10 से जीत हासिल की। इससे पहले पूल चरण में उन्होंने फिलीपींस की आइवी क्लेयर डिनॉय (5–1), मंगोलिया की जोल्बू ओचिरखुयाग (5–0) और यमन की समाह अब्दुल्ला मुस्लेह अलशामी को 5–। से हराया था इस दौरान उन्हें सिंगापुर की एले मेइहुई कोह (1–5) और दक्षिण कोरिया की सेरा सॉन्ग 3–5 से हार का सामना करना पड़ा था।

## वस्त्राकर का शानदार प्रदर्शन से भारत फाइनल में

### ●मुकाबला श्रीलंका से

भाषा। हांगझोउ

**पूजा वस्त्राकर** की शानदार गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को रविवार को खेले गए एकतरफा सेमीफाइनल में आठ विकेट से हराकर पहली बार एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दाहिने हाथ की तेज गेंदबाज पूजा ने भारत से रवानगी से ठीक पहले टीम में अंजलि सरवानी की जगह ली थी। उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बांग्लादेश की टीम 17 . 5 ओवर में 51 रन पर आउट हो गई जो भारत के खिलाफ उसका न्यूनतम स्कोर है। सोमवार को फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। श्रीलंका ने दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन पाकिस्तान को छह विकेट से हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वस्त्राकर और टिटास साधु ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए बल्लेबाजों को बांधे रखा। सिर्फ कप्तान निगार सुल्ताना (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत ने 8 . 2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कनिका आहूजा (नाबाद 1) और जेमिमा रौड्रिग्स (नाबाद 20) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने कप्तान स्मृति मंधाना (सात) और शेफाली वर्मा (17) के विकेट गंवाए। भारतीय टीम नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के बिना खेल रही है जो दो मैचों का निलंबन झेल रही है।



## गिल-अय्यर के शतक के बाद अश्विन-जडेजा का कमाल

### ● दूसरे वनडे में 99 रन से कंगारुओं को हराया, भारत ने ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला जीती

भाषा। इंदौर

**शुभमन गिल** और श्रेयस अय्यर के शतकों के बाद स्पिनरों के कमाल से भारत ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 99 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढत बनाई। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 399 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जब नौ ओवर में दो विकेट पर 56 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई। बारिश थमने के बाद ऑस्ट्रेलिया के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार 33 ओवर में 317 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया, लेकिन उसकी टीम 28.2 ओवर में 217 रन बनाकर आउट हो गई। भारत ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बनाई। तीसरा और अंतिम मैच बुधवार को राजकोट में खेला जाएगा। गिल ने 97 गेंदों पर चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 104 रन बनाए जबकि अय्यर ने 90 गेंद पर 105 रन की पारी खेली जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 200 रन जोड़े ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तरफ से वनडे में किसी भी विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी साझेदारी है। कप्तान केएल राहुल (38 गेंद पर 52 रन, तीन चौके, तीन छक्के) और सूर्यकुमार यादव (37 गेंद पर नाबाद 72 रन, छह चौके, छह छक्के) ने अर्धशतक बनाकर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में अपना अहम योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कैमरन ग्रीन ने दो विकेट लिए लेकिन इसके लिए उन्होंने 103 रन खर्च किए। भारत का यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले उसने 2013 में बेंगलुरु में छह विकेट पर 383 रन बनाए थे।ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों में डेविड वार्नर ने 53 रन बनाकर अपनी फॉर्म बरकरार रखी, लेकिन वह सीन एबॉट (36 गेंद पर 54 रन, चार चौके, पांच छक्के) और जोश हेजलवुड (16 गेंद पर 23) थे जिन्होंने अपनी लप्पेबाजी से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 41 रन देकर तीन विकेट लिए और अक्षर पटेल के फिट नहीं हो पाने की स्थिति में विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत किया। रविंद्र जडेजा ने 42 रन देकर तीन जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 56 रन देकर दो विकेट लिए। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कृष्णा ने पारी के दूसरे और अपने पहले ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (09) और इस मैच में कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ (00) को आउट करके उसका शीर्ष क्रम झकझोर दिया।



### बुमराह राजकोट में टीम से जुड़ेंगे


**इंदौर।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को यहां रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मे आराम दिया गया जिससे अंतिम एकादश मे उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां होल्कर स्टेडियम मे टॉस से पहले यह घोषणा करते हुए कहा कि मुकेश कुमार को टीम मे बुमराह के स्थान पर शामिल किया गया। बुमराह बुधवार को राजकोट मे अंतिम वनडे के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या के साथ टीम मे वापसी करेंगे जिन्हे पहले दो मैचो के लिए आराम दिया गया था। बीसीसीआई ने कहा, जसप्रीत बुमराह आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए टीम के साथ नही गए। उन्हे टीम प्रबंधन ने संक्षिप्त ब्रेक दिया है और वह अपने परिवार से मिलने गए है। इसमे कहा गया, दूसरे वनडे के लिए बुमराह के स्थान पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार टीम से जुड़ गए है। बुमराह राजकोट मे अंतिम वनडे के लिए टीम से जुड़ेंगे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत :** रुतुराज का कैरी बो हेजलवुड 08, गिल का कैरी बो ग्रीन 104 , अय्यर का शॉर्ट बो एबॉट 105, राहुल बो ग्रीन 52, किशन का कैरी बो जंपा 31,सूर्यकुमार नाबाद 72, जडेजा नाबाद 13,**अतिरिक्त** 14,कुल (50 ओवर मे, पांच विकेट पर) 399,**विकेट पतन** :।-16, 2-216, 3-243, 4-302, 5-355,**गेंदबाजी** : जॉनसन 8-0-61-0, हेज़लवुड 10-0-62-।, एबॉट 10-0-91-।, ग्रीन 10-0-103-2, ज़म्पा 10-0-67-।,शॉर्ट 2-0-15-0

**ऑस्ट्रेलियाः** शॉर्ट का अश्विन बो कृष्णा 09, वार्नर पगबाधा बो अश्विन 53,स्मिथ का गिल बो कृष्णा 00, लाबुशेन बो अश्विन 27,इंग्लिश पगबाधा बो अश्विन 06, कैरी बो जडेजा 14, ग्रीन रन आउट 19, एबॉट बो जडेजा 54, जंपा बो जडेजा 05 , हेजलवुड बो शमी 23,जॉनसन नाबाद 00,अतिरिक्त 07,**कुल** (28.2 ओवर मे सभी आउट) 217, **विकेट पतनः**।-9, 2-9, 3-89, 4-100, 5-101, 6-128, 7-135, 8-140, 9-217,**गेंदबाजी** :शमी 6-0-39-।, कृष्णा 6-0-56-2,अश्विन 7-0-41-3,ठाकुर 4-0-35-0, जड़ेजा 5.2-0-42- 3

## बेजेच्ची शुरुआती इंडियन ग्रां प्री में चैंपियन



**नई दिल्ली।** मूनी वीआर46 रेसिंग टीम के मार्को बेजेच्ची शानदार कौशल और जज्बे का प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां शुरुआती इंडियन ग्रां प्री जीतने में सफल रहे। बेजेच्ची ने जॉर्ज मार्टिन और चैम्पियनशिप में शीर्ष पर चल रहे फ्रांसेस्को बगनाइया की चुनौती से पार पाते हुए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहला पोडियम स्थान हासिल किया। मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे जबकि बगनाइया चौथे टर्न में टकराने से कोई स्थान हासिल नहीं कर पाए। यामहा के फैबियो क्वार्टारारो तीसरे स्थान पर रहे।

### रेडबुल केटीएम ने वैश्विक साझेदारी की

**नोएडा।** ग्रैंडप्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटो जीपी भारत के उद्घाटन में मोबिल-1 भारत में रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉन मोबिल और रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए दो सवारों ऑस्ट्रेलियाई जैकमिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर इनकी केटीएम आरसी-16 बाइक्स के पूर्ण दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिलज्ड द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे। उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया, जहाँ जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटो10॰.30 को लॉन्च किया था। सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ मोबिल सुपर मोटो 10॰.30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए। इसके अलावा, उत्पाद पैकेजिंग में अब इसके लेबल पर रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम का लोगो होगा। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओए विपिन राणा ने कहा कि हम रेडबुल परिवार के साथ मोटर स्पोर्ट्स की दुनिया में अपनी उपस्थिति का और विस्तार कर रहे हैं। फॉर्मूला 1 में ओरेकल रेडबुल रेसिंग टीम के साथ हमारी वर्तमान सफल साझेदारी के अलावाए हमने रेडबुल केटीएम रेसिंग टीम के साथ बहु.वर्षीय समझौते के माध्यम से मोटो जीपी में भी प्रवेश किया है। हम केटीएम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपने अत्याधुनिक मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स और ईंधन की आपूर्ति के माध्यम से टीम की सफलता का हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं। रेसिंग मोबिल को मोटर साइकिल ल्यूब्रिकेंट्स प्रौद्योगिकी में सुधार करने के लिए अंतिम परीक्षण मैदान प्रदान करती हैए जिससे सभी बाइक उत्साही लोगों को आत्मविश्वास और विश्वास मिलता है।

## जापान से हारकर भारतीय पुरूष वालीबॉल टीम पदक दौड़ से बाहर

**हांगझोउ।** जापान ने रविवार को यहां क्रॉस ग्रुप मैच मे भारतीय पुरूष वालीबॉल टीम को 3-0 से हराकर एशियाई खेलो की पदक दौड़ से बाहर कर दिया। केन्हन ताकाहाशी 21 अंक जुटाकर जापान के स्टार खिलाड़ी रहे जिन्होंने अपनी टीम की एक घंटे 11 मिनट मे मिली 25-16 25-18 25-17 की जीत मे अहम भूमिका अदा की। एरिन वर्गीज आठ अंक के साथ भारत के लिए शीर्ष स्कोरर रहे।

## भारतीय वुशु खिलाड़ी पुरूष चांगक्वान स्पर्धा में पांचवें और छठे स्थान पर रहे

**हांगझोउ।** भारतीय वुशु खिलाड़ी सूरज सिंह मायांगलांबम और अंजुल नामेडो रविवार को यहां एशियाई खेलो मे पुरूषो की चांगक्वान स्पर्धा मे निराशाजनक रूप से पांचवें और छठे स्थान पर रहे। सूरज 9.730 के कुल स्कोर के साथ पांचवे स्थान पर रहे, वही अंजुल 9.710 अंको के साथ उनसे एक पायदान नीचे रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।